@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 23 अगस्त 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 287 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के बीच हुआ गठबंधन, फारूक अब्दुल्ला ने किया एलान

जम्मू, 22 अगस्त। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और जम्मू और कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के साथ गठबंधन का एलान किया है। उन्होंने कहा कि नेकां और



कांग्रेस गठबंधन को अंतिम रूप दिया गया, शाम तक चरणवार सूची प्रकाशित की जाएगी। कांग्रेस ने भी अपने एक्स अकाउंट से गठबंधन की घोषणा की है। जिसमें कहा कि आज पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने श्रीनगर में नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की। कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि हमारी बैठक हुई। हमारी योजनाएं सही रास्ते पर हैं और हमें उम्मीद है कि गठबंधन अच्छा चलेगा। सीट बंटवारे पर हमारे बीच विचार चल रहा है। आज शाम तक इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों संग बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कहा कि आज हमने तीन तरह के पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की है। आगे कहा कि जिसमें सामान्य पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक और व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। सामान्य पर्यवेक्षक मशीनों पर, पुलिस पर्यवेक्षक बल की तैनाती पर और व्यय पर्यवेक्षक उम्मीदवारों के खर्च पर नजर रखेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों की बैठक में कहा, आज हमने तीन तरह के पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की, जिसमें सामान्य पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक और व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं बातचीत में आगे कहा कि हर उम्मीदवार के लिए पर्यवेक्षक उपलब्ध रहेंगे।

# चिकित्सकों को कामकाज बहाल करने का निर्देश: सुप्रीम कोर्ट

**सिम्मी कौर बब्बर**

कोलकाता, 22 अगस्त। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने बंगाल सरकार और पुलिस से जमकर सवाल किए। कोर्ट ने कहा कि मामले में गंभीर लापरवाही बरती गई है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कार्यबल को चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल तैयार करते समय सभी हितधारकों की बात सुनने का निर्देश दिया। कोर्ट ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से सामान्य कामकाज बहाल का निर्देश दिया और कहा कि न्याय और चिकित्सा को रोका नहीं जा सकता। इससे पहले सीबीआई और कोलकाता पुलिस ने सीलबंद लिफाफे में अपनी स्थिति रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी। मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच के पास है। इसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बीती 20 अगस्त को मामले का स्वत: संज्ञान लिया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर्स समेत स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को काम पर लौटने दें और एक बार जब वे ड्यूटी पर लौट आएंगे तो अदालत अधिकारियों को उन पर कार्रवाई न करने के लिए मनाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर डॉक्टर काम पर नहीं लौटेंगे तो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा कैसे काम करेगा। दरअसल, सुनवाई के दौरान एम्स नागपुर के रेजिडेंट डॉक्टर्स ने कहा कि उनके विरोध के कारण अब उन पर हमला किया जा रहा है। उन्हें परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस पर सीजेआई ने कहा कि अगर वे ड्यूटी पर हैं तो उन्हें अनुपस्थित नहीं माना जाएगा और अगर वे ड्यूटी पर नहीं हैं तो कानून का पालन किया जाएगा। उन्हें पहले काम पर लौटने के लिए कहें। कोई भी डॉक्टर के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं करेगा। अगर उसके बाद कोई परेशानी होती है तो हमारे पास आएं, लेकिन पहले उन्हें काम पर लौटने दें। वहीं, पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टर्स की



ओर से दलील दी गई कि डॉक्टरों को परेशान किया जा रहा है। वे सुबह एक घंटे रैली करते हैं और फिर काम पर लग जाते हैं, लेकिन वे भी परेशान किया जा रहा है। इस पर सीजेआई ने कहा कि इन संस्थानों को चलाने वाले अनुभवी निदेशक कभी ऐसा कुछ नहीं करेंगे। डाक्टर्स ने कहा कि उनकी छुट्टियां काटी जा रही हैं। इस पर सीजेआई ने कहा कि एक बार जब डॉक्टर्स काम पर वापस आ जाएंगे तो हम अधिकारियों पर दबाव डालेंगे कि वे प्रतिकूल कार्रवाई न करें अन्यथा अगर डॉक्टर काम नहीं करेंगे तो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा कैसे चलेगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि इस अदालत से मिलने वाले आश्वासन से डॉक्टर्स को संतुष्टि मिलनी चाहिए। हमने नेशनल टास्क फोर्स बनाई है। इस व्यापक राष्ट्रीय टास्क फोर्स का मकसद यह है कि सभी हितधारकों से परामर्श किया जाएगा, जिसमें रेजिडेंट डॉक्टर भी शामिल हैं। इसलिए उनकी बात सुनी जाएगी। यदि आप हमारे आदेश को देखें तो हमने वास्तव में उसी पहलू को उजागर किया है कि सार्वजनिक अस्पतालों की एक ढर्रे पर काम होता है। जूनियर डॉक्टर कई तरह के उत्पीड़न झेल रहे हैं, न कि केवल यौन उत्पीड़न। हमें बहुत सारे ईमेल मिले हैं और हम पर बहुत ज्यादा दबाव है।

# यूरोप में भारत का अहम साथी है पोलैंड: पीएम मोदी

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 22 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय पोलैंड यात्रा पर राजधानी वारसॉ में हैं। पीएम मोदी 21 और 22 अगस्त को यूरोपीय देश की यात्रा पर हैं। इसके बाद 23 अगस्त को पीएम मोदी युद्धग्रस्त यूक्रेन का दौरा करेंगे। पोलैंड मध्य यूरोप में भारत का अहम व्यापारिक साझेदार है। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह 45 साल बाद पहली पोलैंड यात्रा है। वारसॉ पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने अपनी यूक्रेन यात्रा से पहले बुधवार को कहा कि भारत अशांत क्षेत्र में शांति का समर्थक है। उन्होंने दोहराया कि यह युद्ध का समय नहीं है और किसी भी संघर्ष का समाधान कूटनीति और बातचीत के जरिए किया जाना चाहिए। आइये जानते हैं कि पीएम मोदी की पोलैंड यात्रा का कार्यक्रम क्या रहा? इस दौरे के एजेंडे में क्या? इस दौरे में अभी क्या-क्या हुआ?भारत और पोलैंड के रिश्ते कैसे हैं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 से 22 अगस्त तक पोलैंड की यात्रा पर हैं। यात्रा के दूसरे दिन प्रधानमंत्री का पोलैंड की राजधानी वारसॉ में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। वह राष्ट्रपति आंद्रेज सेबेस्टियन डूडा से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इन बैठकों का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को पुनर्जीवित करने का एक अवसर बनना है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को पोलैंड में भारतीय प्रवासियों की एक सभा को भी संबोधित किया। भारत के प्रधानमंत्री की यह यात्रा पोलैंड और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ पर हो रही है। किसी भारतीय पीएम की पोलैंड की पिछली यात्रा 45 साल पहले 1979 में हुई थी। उस वक्त मोरारजी देसाई पोलैंड आए थे। इससे पहले जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने भी इस यूरोपीय देश का दौरा किया था। पीएम मोदी गुरुवार सुबह 10 बजे (स्थानीय समयानुसार) पोलिस प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क से मुलाकात करेंगे। वहीं गुरुवार दोपहर को प्रधानमंत्री मोदी पोलिश राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से मिलेंगे। यह बैठक गुरुवार को बेल्वेडर में होगी। बेल्वेडर पोलिश राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास है और साथ ही एक राजकीय अतिथि गृह भी है। पीएम मोदी इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान ज्यादातर समय राजधानी वारसॉ में बिताएंगे। वारसॉ पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने सबसे पहले तीन स्मारकों पर



श्रद्धांजलि अर्पित की। पोलैंड में भारतीय राजदूत नगमा मोहम्मद मलिक ने कहा कि वह इन तीनों स्मारकों पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी ने जामनगर और कोल्हापुर के महाराजाओं के स्मारकों का दौरा किया। जामनगर और कोल्हापुर के इन महाराजाओं ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हजारों पोलिश शरणार्थियों को आश्रय दिया था। पीएम मोदी ने पहले दिन बैटल ऑफ मोंटे कैसिनो स्मारक का भी दौरा किया, जिसमें दोनों देशों ने भाग लिया था। पीएम मोदी को पोलैंड में उच्चतम स्तर पर बैठकें करनी हैं। इस यात्रा में आर्थिक पहलू भी शामिल होने की उम्मीद है। दो दिवसीय यात्रा का मुख्य उद्देश्य रक्षा के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना और पोलैंड और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा करना है। यात्रा के दौरान मोदी को द्विपक्षीय संबंधों को नवीनीकृत और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना है। कई वर्षों के बाद, भारत ने पोलैंड के साथ रणनीतिक सहयोग के बढ़ते महत्व पर जोर देते हुए वारसॉ में अपना पहला सैन्य अताशे नियुक्त किया था। सैन्य अताशे या डिफेंस अताशे सैन्य एक्सपर्ट होते हैं जो दूतावास से जुड़े होते हैं। इसके लिए आमतौर पर एक उच्च सैन्य अधिकारी नियुक्त होता है। रक्षा अताशे मित्र देशों के साथ आपसी रक्षा सहयोग विकसित करने में सहायक माने जाते हैं। लगभग 3.8 करोड़ की आबादी के साथ, यह यूरोपीय संघ का छठा सबसे अधिक आबादी वाला देश है। भारत और पोलैंड के बीच लंबे समय से मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी मोईद खान के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

अयोध्या, 22 अगस्त। अयोध्या जिले में भदरसा में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मोईद खान के शॉपिंग कांप्लेक्स पर बुलडोजर कार्रवाई की गई। बृहस्पतिवार को तीन जेसीबी और एक पोकलैंड की मदद से दो मंजिला भवन का ध्वस्तीकरण शुरू किया गया। साढ़े चार घंटे में इसे जमींदोज कर दिया गया। इस दौरान राजस्व विभाग और अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ कई थानों की फोर्स और पीएसी के जवान मुस्तैद रहे। बुलडोजर कार्रवाई के पहले पंजाब नेशनल बैंक की ओर से शॉपिंग कांप्लेक्स के निचले तल में स्थित कार्यालय को खाली कर दिया गया। इसके साथ ही बैंक कार्यालय के बगल में स्थित सपा नेता की बेकरी के शोरूम को भी खाली कराया गया। एक अन्य दुकान में रखे कुछ सामान हटाए गए। बाकी दुकानें कई दिन पहले ही खाली की जा चुकी थीं। कांप्लेक्स के बिजली कनेक्शन को काटा गया। आसपास की दुकानों को बंद कराने के साथ कस्बे के मुख्य मार्ग पर आवागमन को रोक दिया गया। दोपहर 1.28 बजे अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह, एसडीएम सोहावल अशोक सैनी और सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी की देखरेख में भवन को ध्वस्त करने का काम शुरू हुआ। कांप्लेक्स के पिछले हिस्से को तालाब की जमीन की तरफ से गिराया जाना प्रारंभ किया गया। सबसे पहले सिर्फ पोकलैंड की मदद से यह काम शुरू हुआ। दो मंजिला भवन के पिछले हिस्से को पोकलैंड से धराशाई किया जाने लगा। इसी कड़ी में तीन अन्य जेसीबी को मुख्य मार्ग और बगल के रास्ते की तरफ से भवन को गिराए जाने के लिए लगाया गया। शाम छह बजे तक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चलती रही। इसके पहले यहीं पास में स्थित सपा नेता की बेकरी को भी जमीदोज किया जा चुका है। इस बारे में प्राधिकरण के सचिव सतेंद्र सिंह ने बताया कि शॉपिंग कांप्लेक्स अवैध निर्माण था। इसे तालाब और चकरोड की जमीन पर कब्जा कर बनवाया गया था। प्राधिकरण की ओर से इसका नक्शा भी पास नहीं था। इसे लेकर प्राधिकरण की ओर से पूर्व में कई नोटिस दी गई थी। फिर भी नक्शा और मानचित्र स्वीकृत कराने की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। इसके बाद ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया गया।

## 50 दिनों के भीतर हो ट्रायल, दोषसिद्धि: अभिषेक बनर्जी

**कौमी संवाददाता**

कोलकाता, 22 अगस्त। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या का मामला अब राजनीतिक रुख ले चुका है। राज्य में भाजपा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग कर रही है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भाजपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए मजबूत कानून लाने की अपील की, जिसमें 50 दिनों के भीतर ट्रायल और दोषसिद्धि के आदेश दिए जाए। टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा, पिछले 10 दिनों से देश आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल घटना को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में 900 दुष्कर्म की घटनाएं हुईं। रोज 90 दुष्कर्म की घटनाएं सामने आती है और हर 15 मिनट में एक घटना होती है। उन्होंने आगे कहा, दुख की बात यह है कि अभी तक एक स्थायी समाधान पर चर्चा नहीं हुई। हमें मजबूत कानून की



जरूरत है, जिसमें 50 दिनों के भीतर ट्रायल और दोषसिद्धि के आदेश दिए जाए। हमें खोखले वादे नहीं चाहिए। राज्य सरकारों को कार्रवाई करनी चाहिए और केंद्र पर दुष्कर्म विरोधी कानून के लिए दबाव बनाना चाहिए। इससे कम अब अप्रभावी है। जागो भारत। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। गुरुवार को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया।

### चंद्रयान-3 की सफलता को समर्पित है राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

नई दिल्ली, 22 अगस्त। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) द्वारा चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की उपलब्धि की वर्षगांठ को हर साल राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है। हर साल 23 अगस्त को नेशनल इसरो डे या राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की पहली वर्षगांठ है। 23 अगस्त को भारत में पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा। यह दिन चंद्रयान-3 की सफलता से जुड़ा है। चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की उपलब्धि को याद करते हुए इस दिन को अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। पहले नेशनल स्पेस डे को लेकर तैयारियां जारी हैं। देशभर के स्कूल-कॉलेजों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। देश के अंतरिक्ष मिशनों की शानदार उपलब्धियों को उजागर करने के लिए 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया था।

## डॉक्टर की हत्या के मामले में राज्यपाल ने लिखी सीएम ममता को चिट्ठी

कोलकाता, 22 अगस्त। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक गोपनीय चिट्ठी लिखी। उन्होंने यह चिट्ठी मृतक के माता-पिता से मिलने के बाद भेजी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने चिट्ठी लेने से मना कर दिया। राजभवन के एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। इसे लेकर अभी तक राज्य सरकार की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई। राज्यपाल ने मृतक डॉक्टर के परिजनों से मुलाकात करने के बाद सीएम ममता बनर्जी को चिट्ठी लिखी। राजभवन के एक अधिकारी ने कहा, कल रात सीएम कार्यालय को एक गोपनीय चिट्ठी भेजी गई, लेकिन उन्होंने इसे लेने से इनकार कर दिय। हालांकि, अधिकारी ने चिट्ठी में क्या था, इसका खुलासा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने आगे कहा, गुरुवार को इसी चिट्ठी को ईमेल किया गया, लेकिन सीएमओ की तरफ से इसे फिर से लेने से इनकार कर दिया। मृतक के माता-पिता से बात करने के बाद राज्यपाल ने कहा, मैं मुख्यमंत्री को एक गोपनीय चिट्ठी लिखूंगा। उन्होंने (मृतक के परिजन) मुझे कुछ बातें बताईं। मंगलवार को राज्यपाल आनंद बोस ने मृतक के परिवार से दो बार फोन में बात की और उन्हें न्याय का आश्वासन दिया। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। गुरुवार को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नग्न अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया।

# बदलापुर प्रदर्शन के पीछे राजनीतिक मकसद: उद्धव ठाकरे

**सौरभ शर्मा**

मुंबई, 22 अगस्त। महाराष्ट्र में बदलापुर के एक स्कूल में बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को लगता है कि बदलापुर प्रदर्शन के पीछे कोई राजनीति मकसद है, वे या तो असामान्य हैं या फिर दोषियों को बचा रहे हैं। ठाकरे ने बताया कि 24 अगस्त को विपक्षी ब्लॉक महाविकास अघाड़ी (एमवीए) द्वारा बुलाए गए बंद के पीछे कोई राजनीतिक मकसद नहीं है। यह बंद केवल जागरुकता फैलाने के लिए है कि महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसके जरिए हम सरकार को जगा रहे हैं। एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में उद्धव ठाकरे ने कहा, जिन्हें लगता है कि इस बंद के पीछे राजनीतिक मकसद है वे या तो असामान्य हैं, या फिर दोषियों को बचा रहे हैं। बता दें कि मंगलवार को ठाणे जिले के बदलापुर शहर में बड़े पैमाने पर



विरोध प्रदर्शन किया गया। हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और रेलवे ट्रैक पर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस प्रदर्शन के दौरान रेलवे स्टेशन और बदलापुर के अन्य हिस्सों में पत्थरबाजी में कम से कम 25 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इलाके में हिंसा फैलाने के आरोप में पुलिस ने 72 लोगों को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि 17 अगस्त को पुलिस ने इस मामले में स्कूल के अटेंडेंट को गिरफ्तार किया था। शख्स पर किंडरगार्टन में पढ़ रहीं तीन और चार साल की दो बच्चियों से उत्पीड़न का आरोप था। बच्चियों के परिजनों की तरफ से दी गई शिकायत के मुताबिक, अटेंडेंट ने लड़कियों का स्कूल के टॉयलेट में ही उत्पीड़न किया था। लड़कियों ने इस घटना के बारे में अपने माता-पिता को बताया था। इसके बाद मामले में शिकायत दर्ज हुई और आरोपी के खिलाफ पॉक्सो कानून की धाराओं में केस दर्ज हुआ। उसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना पर स्कूल के प्रबंधन ने सोमवार को बयान जारी किया और कहा कि उसने प्रिंसिपल के साथ, एक क्लास टीचर और महिला अटेंडेंट को भी निलंबित कर दिया है। घटना को लेकर स्कूल की तरफ से माफी भी मांगी गई है।

## एमपीएससी परीक्षा को स्थगित करने की मांग पर शरद पवार का छात्रों को समर्थन

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

मुंबई, 22 अगस्त। राकांपा-एसपी प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र में 25 अगस्त को होने वाली एमपीएससी प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित करने की मांग को लेकर पुणे में प्रदर्शन कर रहे उम्मीदवारों का पक्ष लिया। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी भी दी कि अगर उन्होंने अपना रुख स्पष्ट नहीं किया तो वे (शरद पवार) प्रदर्शन में शामिल हो जाएंगे। महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) की तैयारी करने वाले कई उम्मीदवारों ने प्रारंभिक परीक्षा की तारीख बदलने की मांग को लेकर मंगलवार रात से ही प्रदर्शन कर रहे हैं। दरअसल, एमपीएससी प्रारंभिक परीक्षा की तारीख बैंकिंग परीक्षा से टकरा रही है। राकांपा-एसपी नेता रोहित पवार भी इस आंदोलन में शामिल हो गए और प्रदर्शन कर रहे उम्मीवारों के साथ बैठे हैं। प्रदर्शनकारी यह भी मांग कर रहे हैं कि कृषि विभाग के 258 पदों पर चयन भी



एमपीएससी परीक्षा के आधार पर हो। राकांपा-एसपी प्रमुख शरद पवार ने इसे लेकर बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट भी किया। शरद पवार ने कहा, एमपीएससी परीक्षा देने वाले छात्रों के हितों पर विचार करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हालांकि, ऐसा लग रहा है कि सरकार इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। कल तक अगर सरकार ने अपना रुख स्पष्ट नहीं किया तो मैं प्रदर्शन वाले स्थान पर जाऊंगा और छात्रों को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन में हिस्सा लूंगा। एक एमपीएससी उम्मीदवार ने कहा कि वह चाहते हैं कि कृषि विभाग के 258 पदों को एमपीएससी के दायरे में लाया जाए। प्रदर्शन कर रहे एक छात्र ने कहा, 25 अगस्त को होने वाली एमपीएससी परीक्षा की तारीख बैंकिंग परीक्षा से ओवरलैप कर रही है। ऐसे में एमपीएससी परीक्षा को स्थगित करनी चाहिए, क्योंकि कई छात्रों ने दोनों के लिए आवेदन किया है। ऐसे में उनके लिए यह संभव नहीं है कि वे दोनों परीक्षा में बैठ सकें।

## अयोध्या को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

जमुई, 22 अगस्त। अयोध्या को बम से उड़ने की धमकी देने वाले एक युवक को पुलिस ने जमुई से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी खैरा थाना की पुलिस ने उसके घर से की है। फ़िलहाल अयोध्या की पुलिस उससे पूछताछ कर रही। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खैरा थाना क्षेत्र के कोदवारी कागेसर निवासी बंगाली रविदास के पुत्र दासो रविदास के रूप में हुई है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ सतीश सुमन का कहना है कि बीते 21 जुलाई को अयोध्या के कैंट थाना अंतर्गत गौरापट्टी ककरही बाजार निवासी राजकरण पांडेय के पुत्र प्रवीण कुमार पांडेय के मोबाइल पर अयोध्या को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। कॉल आने के बाद उन्होंने इस बात की जानकारी कैंट थाना को दी। इस आपत्तिजनक कॉल आने की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मामला दर्ज किया। पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस के द्वारा जांच-पड़ताल में तकनीकी अनुसंधान के क्रम में पता चला कि उक्त मोबाइल नंबर जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र के कोदवारी कागेसर निवासी बंगाली रविदास के पुत्र दासो रविदास के नाम से रजिस्टर्ड है। इस बाद की जानकारी उपलब्ध होने के बाद अयोध्या पुलिस ने जमुई पुलिस से इस मामले को शेयर किया। फिर जमुई एसपी डॉ शौर्य सुमन के निर्देश पर खैरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त दासो रविदास को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जमुई पुलिस ने दासो रविदास से पूछताछ की। इस संबंध में जमुई एसडीपीओ ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी युवक मानसिक रूप से कमजोर पाया गया है। फ़िलहाल जमुई पुलिस ने आरोपी युवक को अयोध्या पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। अयोध्या पुलिस ने भी दासो रविदास से कड़ी पूछताछ की, लेकिन कुछ हासिल नहीं हो सका। फिलहाल अयोध्या पुलिस आरोपी युवक दासो रविदास को अपने साथ ले गई।

## ईरान बस दुर्घटना में 28 पाकिस्तानी श्रद्धालुओं की मौत

**एजेंसी**

**तेहरान।** ईरान के यज़्द शहर में तीर्थयात्रा पर गये पाकिस्तान के 28 श्रद्धालुओं की मंगलवार को एक बस दुर्घटना में मौत हो गयी जबकि 23अन्य घायल हो गये तेहरान में पाकिस्तान के राजदूत ने आज यह जानकारी दी। ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सिर टीपू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि धार्मिक यात्रा के दौरान, 28 पाकिस्तानी जायरीन कल रात यज़्द शहर में बस दुर्घटना में मारे गये और अन्य 23 घायल हैं।

इस बीच,समाचार पत्र 'डॉन' ने बताया कि पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रेजा अमीरी मोघदम ने दुर्घटना में 28 पाकिस्तानियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने विदेश मंत्रालय को शवों को वापस लाने और घायलों को समय पर सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनकी पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शोक संतप्त परिवारों और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि उन्होंने तेहरान में पाकिस्तान के मिशन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। रेडियो पाकिस्तान ने प्रारंभिक रिपोर्टों का हवाला देते हुए आशंका जतायी है कि ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ।

## इजरायल ने बुलाई राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनट की बैठक, युद्ध विराम की संभावनाओं पर होगी चर्चा

**तेल अवीव ।** इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट ने एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में हमास के साथ चले आ रहे युद्ध को रोकने की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। सुरक्षा कैबिनेट की बैठक इजरायल सुरक्षा बल यानि आईडीएफ मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। इजरायल ने स्पष्ट किया है कि वह फिलाडेल्फिया और नेटज़ारिम कॉरिडोर में अपनी सेना को हटने नहीं देगा। इजरायल के रवैए से इस सप्ताह होने वाली काहिरा मध्यस्थता वार्ता असफल होती दिख रही है।

ज्ञात हो कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन रविवार से मंगलवार तक (यह 7 अक्टूबर के बाद से शीर्ष अमेरिकी अधिकारी की मध्य पूर्व की नौवीं यात्रा है) मध्य पूर्व में थे । ब्लिंकन ने शीर्ष इजरायली नेतृत्व के साथ कई बैठकें कीं। जिसमें राष्ट्रपति इसाक हर्ज़ोग, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट शामिल थे। उन्होंने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फ़तह अल सिसी और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम से भी मुलाकात की। 19 अगस्त को येरूसलम में बेंजामिन नेतन्याहू के साथ 3 घंटे की बैठक के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा था कि इजरायल पक्ष ने शांति प्राप्त करने के लिए अमेरिका द्वारा रखे गए 'मध्यस्थता प्रस्ताव' पर सहमति व्यक्त की है।

## सिसिली तट पर डूबे जहाज से पांच शव बरामद, बाकी की तलाश जारी

**रोम ।** इटली के सिसिली तट के पास भयंकर तूफान में डूबे बायेसियन जहाज से पांच शव बरामद कर लिए गए हैं। हालांकि एक आखिरी व्यक्ति की तलाश जारी है, जिसका कोई पता नहीं चल पाया है।

खराब मौसम और डूबे हुए नौका की असामान्य स्थिति के कारण, रिमोट-नियंत्रित अंडरसी सर्च रोबोट की मदद से 12 मिनट की शिफ्ट में काम करने वाले गोताखोरों की एक टीम को पहले जहाज के अंदर तक पहुंचने में परेशानी हुई। सिन्हुआ समाचार के अनुसार, गोताखोरों को पहले दो शव मिले और फिर बाद में दो और, और समाचार रिपोर्टों के अनुसार, बाद में पांचवां शव मिला। 56 मीटर लंबा यह जहाज दक्षिणी इतालवी द्वीप सिसिली में पोर्टिसेलो के तट के पास खड़ा था, जब सोमवार को भयंकर तूफान की चपेट में आ गया।

अधिकारियों ने कहा कि एक शक्तिशाली जलप्रपात ने जहाज के मुख्य मस्तूल को तोड़ दिया जिसके बाद जहाज पलट गया । 22 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से पंद्रह को तुरंत बचा लिया गया, जिनमें से आठ को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। चालक दल के एक सदस्य का शव तुरंत उस स्थान के पास पाया गया जहां जहाज पलटा था।

## दक्षिण कोरिया में कोविड-19 रोगियों की संख्या में कमी के संकेत

**सोल ।** दक्षिण कोरिया में कोविड-19 के मामलों में लगातार गिरावट देखी जा रही है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) ने बताया कि देश में एक तरफ जहां पिछले सप्ताह कोविड-19 के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है, इसके बावजूद अस्पताल में भर्ती होने की वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की गई है। केडीसीए के मुताबिक, पिछले सप्ताह देश के 220 अस्पतालों में कोविड??-19 के मरीजों की संख्या 1,444 हो गई, जो एक सप्ताह पहले से 5.7 प्रतिशत अधिक है। हालांकि इस सप्ताह देश के अस्पतालों में आए कोविड-19 के केसों की तुलना, इस महीने के दूसरे सप्ताह में आए रोगियों से करें तो यह 55.2 प्रतिशत अधिक है। इस सप्ताह करीब 1,366 लोग कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। इसके अलावा इससे यह संख्या पहले सप्ताह में पाए गए 880 पॉजिटिव लोगों की तुलना में 85.7 प्रतिशत अधिक है। केडीसीए आयुक्त जी यंग-मी ने संबंधित सरकारी एजेंसियों के साथ एक बैठक के दौरान कहा, इन आंकड़ों को देखने से साफ पता चलता है कि इस सप्ताह या अगले सप्ताह के बाद संक्रमण की संख्या में कमी आने की उम्मीद है।

# अमेरिका ने यमन में हूती मिसाइल और रडार प्रणाली नष्ट की

**एजेंसी**

**दुबई।** अमेरिकी नौसेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के रडार सिस्टम पर प्रहार किया। इन सिस्टम के जरिये हूती को लाल सागर से गुजरने वाले मालवाहक जहाजों का पता लग जाता था और इसके बाद वे उन पर मिसाइल या ड्रोन से हमला करते थे।

अमेरिकी नौसेना ने यह कार्रवाई ग्रीस के जहाज पर हूती के हमले के बाद की है। हूती के हमले के बाद से जहाज का एक नाविक लापता है। यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोही बीते सात महीनों से गाजा में इजरायली हमले के विरोध में लाल सागर से गुजरने वाले मालवाहक जहाजों पर हमले कर रहे हैं।

**50 से ज्यादा जहाजों पर हमले**

इन सात महीनों में हूती ने 50 से ज्यादा जहाजों पर हमले किए हैं। एक जहाज को अगवा किया है और एक जहाज को डुबो दिया है। इन हमलों में तीन नाविकों की जान भी गई है। अमेरिकी नौसेना मित्र देशों के बलों के साथ मिलकर इन हमलों को रोक पाने में विफल रही है। अमेरिकी



नौसेना के ताजा हमले में हूती के सात रडार नष्ट हुए हैं।

**लाल सागर में डुबोए जहाज**

इसके अतिरिक्त अमेरिकी नौसेना ने लाल सागर में बमों से लैस ड्रोन से लदी दो नौकाओं को भी डुबो दिया है। अमेरिकी नौसेना की सेंट्रल कमांड ने कहा है कि ग्रीस के जहाज के एक नाविक का अभी तक पता नहीं चला है। समुद्र में उसकी तलाश जारी है। लापता नाविक फिलीपींस मूल का है। जबकि हमले के बाद अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस फिलीपीन सी और सहयोगी देशों के युद्धपोतों ने ग्रीस के जहाज के चालक दल के ज्यादातर सदस्यों को बचा लिया था।

# श्रीलंका भारतीय पयर्टकों को देगा वीजा मुक्त प्रवेश की अनुमति

**एजेंसी**

**कोलंबो।** श्रीलंका मंत्रिमंडल ने भारत सहित 35 देशों के पर्यटकों को एक अक्टूबर 2024 से द्वीप राष्ट्र में वीजा मुक्त प्रवेश की अनुमति देने का फैसला किया है।एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

पर्यटन मंत्रालय के सलाहकार हरिन फर्नांडो ने कहा 'श्रीलंका एक अक्टूबर 2024 से भारत, चीन और रूस सहित 35 देशों के पर्यटकों के लिए वीजा मुक्त प्रवेश खोलेगा।'

इस सूची में ऑस्ट्रेलिया, जापान के अलावा जर्मनी और नीदरलैंड सहित अधिकांश यूरोपीय संघ के सदस्य , नेपाल, अमेरिका, ब्रिटेन , कनाडा, न्यूजीलैंड, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इजरायल सहित कई मध्य पूर्वी देश और दक्षिण कोरिया शामिल हैं।

यह निर्णय कोलंबो के विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल अक्टूबर में श्रीलंका सरकार ने



चीन, रूस, भारत, थाईलैंड और इंडोनेशिया के पर्यटकों के लिए वीजा शुल्क नहीं लेने की अपनी मंशा की घोषणा की थी।

श्री फर्नांडो ने तब कहा था कि सरकार का लक्ष्य इन पांच देशों से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करना है ताकि निकट भविष्य में सालाना पचास लाख पर्यटकों को आकर्षित करने का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए स्वच्छ हवा में निवेश करे अंतरराष्ट्रीय समुदाय : गुटेरेस

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए स्वच्छ हवा में निवेश करने का आग्रह किया है। समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, '99 प्रतिशत मनुष्य प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं, जिससे अनुमानित 80 लाख लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है। इसमें पांच साल से कम उम्र के सात लाख से अधिक बच्चे भी शामिल हैं। श्री गुटेरेस ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदूषण अर्थव्यवस्थाओं को भी प्रभावित कर रहा है और ग्रह को गर्म कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण महिलाओं, बच्चों और वृद्धों



सहित समाज में सबसे कमजोर लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। श्री गुटेरेस ने कहा कि सरकारों और व्यवसायों दोनों को अपने कार्यों में से जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना, वायु गुणवत्ता निगरानी को मजबूत करना, वायु-गुणवत्ता मानकों को लागू करना, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना, टिकाऊ परिवहन और टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का निर्माण, आपूर्ति श्रृंखलाओं को साफ करना और हानिकारक उत्सर्जन को कम करने पर और अधिक ध्यान देना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने विकास संगठनों, वित्तीय संस्थानों और परोपकारी संस्थाओं से त्रिग्रही संकट प्रदूषण, जलवायु संकट, जैव विविधता हानि से निपटने के लिए स्वच्छ वायु प्रौद्योगिकियों के पीछे वित्तीय पूंजी को पुनर्निर्देशित करने का भी आह्वान किया। श्री गुटेरेस ने कहा, हमें क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर एक साथ काम करना होगा।

## लेबनान पर इज़रायली हवाई हमले में 3 की मौत, 6 घायल

**एजेंसी**

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान पर इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह के तीन सदस्य मारे गए और तीन पैरामेडिक्स सहित छह लोग घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी।

नाम न छापने की शर्त पर सूत्रों ने बताया कि एक इजरायली युद्धक विमान ने दक्षिण-पश्चिमी लेबनानी शहर टायर के अल-धाहिरा गांव पर हवाई हमला किया, जिसमें हिजबुल्लाह के तीन सदस्य मारे गए। सूत्रों ने कहा, हमले ने दो घरों को नष्ट कर दिया और 10 पड़ोसी घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया सूत्रों ने कहा कि इस्लामिक हेल्थ अथॉरिटी के नागरिक सुरक्षा के तीन पैरामेडिक्स घायल हो गए जब एक मिसाइल हमौल क्षेत्र में ड्रोन हमले से हताहतों को अस्पताल ले जा रही एक एम्बुलेंस के टायर के पास गिरी। इसके अलावा दक्षिण-पश्चिमी लेबनान के वाडी हामौल में एक इजरायली ड्रोन द्वारा दागे गए दो रॉकेटों की चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए और दक्षिण-पूर्वी लेबनानी गांव खियाम को निशाना बनाकर इजरायली तोपखाने की गोलाबारी के परिणामस्वरूप एक सीरियाई घायल हो गया। सूत्रों के अनुसार, लेबनानी सेना ने दक्षिणी लेबनान से उत्तरी इज़रायल में कई ड्रोन और लगभग 40 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के प्रक्षेपण की निगरानी की। इधर हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने कत्युशा रॉकेटों से अल-शोमीरा बैरक और पास में इजरायली सेना की तैनाती पर बमबारी की।

## इजरायली सैनिकों की गाजा, मिस्र सीमा से नहीं होगी वापसीः नेतन्याहू

**एजेंसी**

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बात से इनकार किया कि वह हमास के साथ संभावित युद्धविराम समझौते के तहत गाजा-मिस्र सीमा से सैन्य बलों को वापस लेने पर सहमत हुए हैं। सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने पहले दावा किया था कि गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए वर्तमान अमेरिका समर्थित प्रस्ताव में फिलाडेल्फी कॉरिडोर (प्रमुख क्षेत्र गाजा पट्टी और मिस्र) से इजरायली सैनिकों की वापसी शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सोमवार को घोषणा की कि इजरायल ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। वार्ता में महत्वपूर्ण मध्यस्थ हमास और मिस्र दोनों कथित तौर पर गलियारे पर इजरायल के नियंत्रण का विरोध करते हैं। श्री नेतन्याहू ने रिपोर्टों को 'गलत' कहा और जोर दिया कि इजरायल गाजा और मिस्र क्षेत्र पर नियंत्रण छोड़ने के लिए सहमत नहीं हैं। बयान में कहा गया, इजरायल सुरक्षा



कैबिनेट द्वारा परिभाषित अपने सभी युद्ध उद्देश्यों को प्राप्त करने पर जोर देगा, जिसमें यह सुनिश्चित करना भी शामिल है कि गाजा फिर कभी इजरायल के लिए सुरक्षा खतरा पैदा न करे। इसके लिए दक्षिणी सीमा को सुरक्षित करने की आवश्यकता है।

# सूडान में भारी बारिश और बाढ़ से 114 लोगों की मौत-मंत्रालय

**एजेंसी**

**खार्तूम।** सूडान में जून से जारी बरसात के मौसम में भारी बारिश और बाढ़ के कारण 114 लोगों की मौत हो गई है। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।मंत्रालय के शरदकालीन आपातकालीन कक्ष ने एक बयान में कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 114 हो गई है जबकि 281 लोग घायल बताए गए हैं। दस राज्य प्रभावित हुए हैं जिससे 27,278 परिवार और 110,278 व्यक्ति प्रभावित हुए हैं।

मंत्रालय ने 10 अगस्त को जून और जुलाई के दौरान नौ राज्यों में बाढ़ और बारिश से 53 लोगों की मौत और 208 लोगों के घायल होने की सूचना दी। सूडान में बाढ़ एक आवर्ती समस्या है जो आमतौर पर जून और अक्टूबर के बीच होती है। हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण जान-माल का काफी नुकसान हुआ है और कृषि भूमि को भी नुकसान पहुंचा है। इस साल के बरसात के मौसम ने सूडान में मानवीय संकट को और बढ़ा दिया है जो पहले से ही सूडानी सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट



फोर्स के बीच एक घातक संघर्ष से जूझ रहा है। 15 अप्रैल 2023 से जारी संघर्ष ने सूडान के भीतर लाखों लोगों को विस्थापित कर दिया है और सैकड़ों हज़ारों लोगों को पड़ोसी देशों में भागने के लिए मजबूर किया है।

नवीनतम संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार सूडान के भीतर लगभग एक करोड़ सात लाख लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं जिनमें से लगभग 22 लाख लोग विदेश में शरण ले रहे हैं।

## अमेरिका में संक्रमण बढ़ने की प्रमुख वजह है कोविड-19 का वैरिएंट केपी.3.1.1

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में बढ़ते संक्रमण की प्रमुख वजहों में कोविड -19 का केपी.3.1.1 संस्करण देश में प्रचलित प्रमुख एसएआरएस-सीओवी -2 संस्करण है। यह जानकारी अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम (सीडीसी) केंद्रों के नवीनतम डेटा से जरिये सामने आयी।

ओमिक्रॉन परिवार का केपी.3.1.1, अमेरिका में वर्तमान में सह-प्रसारित जेएन.1-व्युत्पन्न वेरिएंट में से एक है। जारी सीडीसी आंकड़ों के मुताबिक सत्रह अगस्त को समाप्त होने वाली दो सप्ताह की अवधि के लिए केपी.3.1.1 के 31 प्रतिशत से 43 प्रतिशत के बीच कोविड -19 नैदानिक ????नमूने होने का अनुमान है। जबकि अगस्त को समाप्त होने वाली दो सप्ताह की अवधि के लिए यह 20 प्रतिशत से 26 प्रतिशत के बीच है।

# मोदी ने नवानगर मेमोरियल, कोल्हापुर स्मारक का भ्रमण किया

**एजेंसी**

**वारसा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोलैण्ड की यात्रा पर वारसा पहुंचने के बाद यहां नवानगर मेमोरियल और कोल्हापुर स्मारक पर जा कर जाम साहब दिग्विजयसिंहजी रणजीतसिंहजी जाडेजा और कोल्हापुर के शाही परिवार के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, मानवता और करुणा एक न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण विश्व की महत्वपूर्ण नींव हैं। वारसा में नवानगर मेमोरियल जाम साहब दिग्विजयसिंहजी रणजीतसिंहजी जाडेजा के मानवीय योगदान पर प्रकाश डालता है, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के कारण बेघर हुए



पोलिश बच्चों को आश्रय और देखभाल सुनिश्चित की। जाम साहब को पोलैंड में डोब्री महाराजा के नाम से याद किया जाता है। स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। यहाँ कुछ झलकियाँ हैं। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, वारसा में कोल्हापुर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह स्मारक कोल्हापुर के महान शाही परिवार को एक श्रद्धांजलि है। यह शाही परिवार द्वितीय विश्व युद्ध की भयावहता के कारण विस्थापित पोलिश महिलाओं और बच्चों को आश्रय देने में सबसे आगे था। छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों से प्रेरित होकर, कोल्हापुर के महान शाही परिवार ने मानवता को हर चीज से ऊपर रखा और पोलिश महिलाओं और बच्चों के लिए सम्मान का जीवन सुनिश्चित किया। करुणा का यह कार्य पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

# उस अमेरिका के लिए लड़ें जिस पर हम विश्वास करते हैं : ओबामा

**एजेंसी**

**शिकागो।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि आगामी राष्ट्रपति चुनाव अमेरिका के उस दृष्टिकोण के लिए लड़ाई का प्रतिनिधित्व करेगा जिसका डेमोक्रेटिक पार्टी के लोग रुख रखते हैं। श्री ओबामा ने सम्मेलन के प्रतिभागियों को अपने संबोधन में कहा, 'अब यह हम सभी पर निर्भर है कि हम उस अमेरिका के लिए लड़ें जिस पर हम विश्वास करते हैं। और कोई गलती न करें, यह एक लड़ाई होगी।'

श्री ओबामा ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भी आलोचना की और उन्हें 78 वर्षीय



अरबपति कहा। उन्होंने कहा, श्री ट्रम्प अब अपनी समस्याओं के बारे में विलाप कर रहे हैं। श्री ओबामा ने कहा और जैसे ही हम आज रात यहां इकट्ठा हुए हैं, जो लोग इस चुनाव का फैसला करेंगे वे एक बहुत ही सरल सवाल पूछ रहे हैः मेरे लिए कौन लड़ेगा?

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया रक्षा संबंधों को उन्नत करने पर सहमत

**एजेंसी**

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया अपने रक्षा संबंधों को संधि स्तर के समझौते तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज, इंडोनेशिया के निर्वाचित राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबिआंतो ने मंगलवार को कैनबरा में दोनों देशों के रक्षा सहयोग व्यवस्था को उन्नत करने को लेकर बातचीत के बाद घोषणा की कि संधि-स्तरीय समझौते में संयुक्त अभ्यास के प्रावधान और दोनों देशों की सेनाओं के लिए एक-दूसरे के देशों से संचालन करना शामिल है।

श्री अल्बानीज ने अपने उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री प्राबोवो के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं



से कहा, यह दोनों देशों की सुरक्षा का समर्थन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा होगा और साथ ही यह समझौता हमारे साझा क्षेत्र की स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि इस समझौते पर बातचीत फरवरी 2023 में शुरू हुई जो देशों के बीच शिक्षा संबंधों में भी सुधार करेगी और समुद्री सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाएगी। इंडोनेशिया ने रक्षा समझौते के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया से कृषि, खाद्य सुरक्षा और नशीले पदार्थों के क्षेत्र में अधिक मदद तथा सहायता देने का भी आह्वान किया।

श्री प्रबोवो ने कहा, मैं इंडोनेशिया में नशीली दवाओं की समस्या और नशीले पदार्थों से खतरा हमारे लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण मुद्दा है और मैं इस मामले में ऑस्ट्रेलियाई मदद चाहता हूँ।

# कमला हैरिस अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की आधिकारिक उम्मीदवार नामित

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी ने राष्ट्रपति पद के लिए अपना आधिकारिक उम्मीदवार नामित किया है।

रूसी समाचार एजेंसी ने बताया कि आगामी नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में सुश्री हैरिस को उम्मीदवार बनाने के लिए शिकागो के यूनाइटेड सेंटर इनडोर स्पोर्ट्स एरेना में मंगलवार शाम मतदान कराया गया। इस मतदान में डेलावेयर राज्य ने सबसे पहले वोट डाला और सुश्री हैरिस की उम्मीदवारी के लिए समर्थन व्यक्त किया।

गौरतलब है कि मतदान से एक दिन पहले सुश्री हैरिस, राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी जिल के साथ-साथ कई उच्च पदस्थ पार्टी अधिकारियों ने पार्टी के सदस्यों को संबोधित किया था। सुश्री हैरिस ने डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन (डीएनसी) में उपस्थित लोगों को संबोधित किया और उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि सुश्री हैरिस ने इस महीने की शुरुआत में वर्चुअल रोल कॉल वोट में डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के लिए पहले ही पर्याप्त प्रतिनिधि हासिल कर लिए थे। सुश्री हैरिस को अपने गृह राज्य कैलिफोर्निया में 482 वोट मिले, जिससे वह शीर्ष पर रहीं।

डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी ने छह अगस्त को घोषणा की थी कि सुश्री हैरिस को पांच दिवसीय ऑनलाइन मतदान प्रक्रिया के बाद आधिकारिक तौर पर पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में प्रमाणित किया गया है। शिकागो के यूनाइटेड सेंटर में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन 2014 का 19 से 22 अगस्त तक आयोजन किया जा रहा है।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा, पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा और वर्मोंट सीनेटर बर्नी सैंडर्स सहित कई प्रमुख डेमोक्रेट ने मंगलवार के कार्यक्रम को संबोधित किया।

गौरतलब है कि कन्वेंशन के दौरान इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष पर बाइडेन प्रशासन की नीतियों के खिलाफ शिकागो की सड़कों पर फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शन आयोजित किए गए। शिकागो शहर में इजरायली वाणिज्य दूतावास के सामने मंगलवार रात कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके एक दिन पहले हजारों प्रदर्शनकारी यूनाइटेड सेंटर के पास एकत्र हुए थे और उनमें से करीब चार प्रदर्शनकारियों को सुरक्षा बाड़ तोड़ने के बाद गिरफ्तार किया गया था। श्री बाइडेन ने लगभग एक घंटे का भाषण देकर सम्मेलन के पहले दिन का समापन किया।

## दो उच्च न्यायालयों में 11 स्थायी न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नौ और आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों को उन्हीं उच्च न्यायालयों का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की घोषणा की। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने दो अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए उन अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुमति दी है। अधिसूचनाओं के अनुसार, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम, न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता, सुश्री न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला, न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र, न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार, न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल को पदोन्नत कर उसी उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार, आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश श्रीमती न्यायमूर्ति वेंकट ज्योतिर्मई प्रताप और न्यायमूर्ति वेणुथुरमल्ली गोपाल कृष्ण राव को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

## हड़ताल पर जाने से पहले बीमा कंपनियों के कर्मचारियों की सुलह बैठक 27 अगस्त को

**नयी दिल्ली।** लम्बे समय से भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के समान वेतन की मांग कर रहे सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के कर्मचारियों की 27 अगस्त को शीर्ष प्रबंधन के साथ सुलह बैठक है और यदि इसमें कोई निर्णय नहीं होता है तो कर्मचारी अनिश्चितकाल हड़ताल शुरू कर देंगे।

जनरल इंश्योरेंस कर्मचारी संगठन के महासचिव त्रिलोक सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बीमा कर्मचारियों के संगठनों के महासंघ जनरल इंश्योरेंस एम्प्लॉइज ऑल इंडिया एसोसिएशन ने सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के लिए एलआईसी के समान वेतनमान सुनिश्चित करने के लिए वित्त मंत्री से एक अगस्त 2022 को पत्र लिखकर अपील की थी, लेकिन इस पर विचार नहीं हुआ है। कर्मचारी वेतन संशोधन में नियोक्ता के एनपीएस योगदान को 14 प्रतिशत तक बढ़ाने तथा समान पारिवारिक पेंशन 30 प्रतिशत करने और एलआईसी के बराबर अन्य लाभ देने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार पिछले दो वर्ष से केवल आश्वासन ही दे रही है।

## कांग्रेस ने किसानों के एक रुपया नहीं दिया : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के परली वैजनाथ में कृषि महोत्सव-2024 का शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर किसानों के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। शिवराज सिंह चौहान ने देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस ने कभी किसानों को एक रुपया नहीं दिया। राहुल गांधी और शरद पवार केवल बात करते हैं। जब शरद पवार देश के कृषि मंत्री थे, तब स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट की बात सामने आई कि कुल किसानों की लागत में 50 फीसदी मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय की जाए। उस समय शरद पवार जी ने कहा था कि यह नहीं हो सकता। बाजार विकृत हो जाने की बात कहकर इससे इनकार कर दिया था। कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस के लोग कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। लेकिन अब नरेंद्र मोदी की सरकार 50 प्रतिशत लागत पर मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय करती है। शिवराज ने लाडली बहना योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह केवल बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने की योजना नहीं है, बल्कि इससे महाराष्ट्र की बहनों को मान और सम्मान मिला है। इसके लिए उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, और उपमुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार को बधाई दी।

## दिल्ली के सागरपुर में तीसरी मंजिल से गिरने से नाबालिग लड़की की मौत

**नई दिल्ली ।** पश्चिमी दिल्ली के सागरपुर इलाके में एक हादसे में एक नाबालिग लड़की की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। यह पूरी घटना पास में ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद लोगों में हड़कंप मच गया।सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिखाई दे रहा है कि लड़की अचानक ऊपर से बीच सड़क पर गिरती है। जिसके बाद कई लोग चीखने-चिल्लाने लगते हैं। इसके बाद एक महिला मौके पर आती है और इस अप्रत्याशित दृश्य को देखकर घबराकर वहां से भाग जाती है। थोड़ी देर बाद लड़की के परिवार वाले घटनास्थल पर पहुंचते हैं और उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया जाता है।

अस्पताल में इलाज के दौरान लड़की की मौत हो गई।

प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, संभावना जताई जा रही है कि लड़की बालकनी में खेलते समय गिर गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि लड़की किस परिस्थिति में तीसरी मंजिल से गिरी। फिलहाल पुलिस आसपास के कुछ और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बच्ची किन परिस्थितियों में नीचे आ गिरी।

# सुप्रीम कोर्ट ने नायडू के खिलाफ सीबीआई जांच की याचिकाएं की खारिज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय रिश्वत की कथित पेशकश के एक पुराने मामले में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का निर्देश देने की मांग वाली एक रिट याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक अल्ला रामकृष्ण रेड्डी की इस याचिका पर संबंधित पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद उस पर विचार करने से इनकार कर दिया।यह मामला 2015 में विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव में कथित तौर पर तेलुगू देशम पार्टी के पक्ष में वोट देने के लिए 50 लाख रुपये नकद देने की पेशकश का है। इस पुराने मामले में मुख्यमंत्री नायडू के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का निर्देश देने की मांग वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक अल्ला रामकृष्ण रेड्डी की थी। उन्होंने एक रिट याचिका दायर करने के अलावा इस



मामले में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के नौ दिसंबर 2016 के फैसले को भी चुनौती थी। न्यायमूर्ति सुंदरेश की अध्यक्षता वाली पीठ ने दोनों याचिकाएं खारिज कर दीं।इसके बाद अदालत की अनुमति पर याचिकाकर्ता ने अपनी याचिकाएं को वापस ले ली।

आरोप है कि एमएलसी एल्विस स्टीफेंसन को विधायक को एमएलसी चुनाव में तेलुगु देशम पार्टी के पक्ष में वोट देने के लिए 50 लाख रुपये नकद देने की पेशकश की गई थी। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के विधायक रेड्डी ने तब विशेष न्यायाधीश के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी और मामले में श्री नायडू को आरोपी बनाने की मांग की थी।

इस सनसनीखेज मामले को 2015 में 'कैश-फॉर-वोट' घोटाले के रूप में भी जाना जाता था।

श्री रेड्डी ने हैदराबाद में भ्रष्टाचार विरोधी शाखा की विशेष अदालत से शिकायत की थी कि 'कैश फॉर वोट घोटाले' में भ्रष्टाचार विरोधी शाखा की पहली रिपोर्ट में नायडू का नाम 22 बार आया था, लेकिन जांच एजेंसी ने उन्हें आरोपी के रूप में नामित नहीं किया। हैदराबाद की भ्रष्टाचार विरोधी शाखा अदालत के मुख्य विशेष न्यायाधीश ने 29 अगस्त 2016 को तेलंगाना की भ्रष्टाचार विरोधी शाखा को मामले की जांच करने और अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। हालांकि, आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने नायडू को बड़ी राहत देते हुए शिकायत और भ्रष्टाचार विरोधी शाखा अदालत के आदेश को खारिज कर दिया। तब उच्च न्यायालय ने कहा था कि रेड्डी को उक्त मामले में नायडू के खिलाफ जांच की मांग करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि वह न तो पीड़ित पक्ष नहीं हैं और न किसी भी तरह से मामले से संबंधित हैं।

## इंडिया गठबंधन दुष्कर्मियों को बचाने का गठबंधन बन चुका है: भाजपा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजस्थान के अजमेर में नाबालिग बच्चियों से हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा और सवाल किया है कि क्या इंडिया गठबंधन सिर्फ दुष्कर्मियों को बचाने का गठबंधन बनकर रह गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा, अजमेर में 100 से अधिक अबोध बालिकाओं के साथ दुष्कर्म करने वाले जिन दुष्कर्म (रेप) जिहादियों को अदालत ने पॉक्सो एक्ट के तहत सजा सुनायी है, उन अपराधियों को बचाने का कुकर्म इंडिया गठबंधन के सरकारों के समय में हुआ है। अब सबसे बड़ा सवाल ये खड़ा होता है कि क्या इंडिया गठबंधन अब दुषकर्मियों को बचाने का गठबंधन बनकर रह गया है?

उल्लेखनीय है कि 1992 में अजमेर में हुए इस दुष्कर्म कांड में शहर के कई रईसजादों ने 100 से अधिक कॉलेज छात्राओं को अपनी हवस का शिकार बनाया था। अब 32 साल बाद अजमेर की विशेष पॉक्सो अदालत ने मंगवाल को इस मामले 06 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई। साथ ही 05-05 लाख रुपये का जुर्माना भी भरने का आदेश दिया।

## महिलाओं से अपराध रोकने के मिलकर उपाय करना जरूरी : राहुल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं के साथ शर्मनाक घटनाएं लगातार हो रही हैं और इन्हें रोकने के लिए सबको मिलकर प्रयास करने की सख्त जरूरत है।

श्री गांधी ने कहा, पश्चिम बंगाल, यूपी, बिहार के बाद महाराष्ट्र में भी बेटियों के खिलाफ शर्मनाक अपराध सोचने पर मजबूर करते हैं कि हम एक समाज के तौर पर कहां जा रहे हैं। बदलापुर में दो मासूमों के साथ हुए अपराध के बाद उनको इंसाफ दिलाने के लिए पहला कदम तब तक नहीं उठाया गया जब तक जनता 'न्याय की गुहार' करते हुए सड़क पर नहीं आ गई।

उन्होंने कहा क्या अब एफआईआर तक दर्ज कराने के लिए आंदोलन करने पड़ेंगे। आखिर पीड़ितों के लिए पुलिस थाने तक जाना भी इतना मुश्किल क्यों हो गया है। न्याय दिलाने से अधिक प्रयास अपराध छिपाने के लिए किया जाता है जिसका सबसे बड़ा शिकार महिलाएं और कमज़ोर वर्ग के लोग होते हैं। प्राथमिकी दर्ज नहीं होना न सिर्फ पीड़ितों को हतोत्साहित करता है बल्कि अपराधियों का हौसला भी बढ़ाता है। कांग्रेस नेता ने कहा, सभी सरकारों, नागरिकों और राजनीतिक दलों को गंभीर मंथन करना होगा कि समाज में महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए क्या कदम उठाए जाएं। न्याय हर नागरिक का अधिकार है, उसे पुलिस और प्रशासन की 'मर्जी का मोहताज' नहीं बनाया जा सकता।

## पश्चिम बंगाल में हालात संकटग्रस्त, वर्तमान सरकार से जनता का विश्वास उठा: चरणजीव मल्होत्रा

नई दिल्ली। प्रमुख समाजसेवी व गौमाता रक्षा एवं करोना योद्धा चरणजीव मल्होत्रा ने कहा कि एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या मामले को समाज के लिए सबसे शर्मनाक पल करार दिया है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल संकट की स्थिति में है और जनता ने वर्तमान सरकार से विश्वास खो दिया है। उन्होंने मृत डॉक्टर के लिए न्याय की मांग को लेकर आयोजित रैली पर सवाल उठाने वाले ममता बनर्जी के बयान को शब्दजाल बताया। मल्होत्रा ने कहा, बंगाल संकट की स्थिति चल रहा है। छात्रों ने सरकार से विश्वास खो दिया है, युवा डरे हुए हैं और महिलाएं निराश हैं। यह भावना बढ़ रही है कि जो सरकार नागरिकों की सुरक्षा के लिए है, वह अपनी भूमिका निभाने में असफल हो रही है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक पोस्टग्रेजुएट महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो गई। घटना के विरोध में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल मंगलवार को 12वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। डॉक्टरों ने पीड़िता के लिए न्याय की मांग की है और कार्यस्थलों पर बेहतर सुरक्षा के लिए कानून बनाने की भी अपील की है। चरणजीव मल्होत्रा ने आगे कहा कि छात्रों का पुलिस पर से विश्वास उठ गया है। खासकर महिला डॉक्टरों और



पैरामेडिक्स के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है। आम नागरिक भी दुखी हैं कि जब कार्रवाई की जरूरत होती है, तब सरकार कोई कदम नहीं उठाती। उन्होंने कोलकाता पुलिस पर अपराधीकरण और राजनीतिकरण का आरोप लगाते हुए, सरकार के कार्यों और जनता की जरूरतों के बीच एक संभावित अलगाव की बात कही थी। मल्होत्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा, मुख्यमंत्री की स्थिति स्पष्ट नहीं है। 14 अगस्त को अपने सार्वजनिक संबोधन में ममता बनर्जी ने कहा था, पीड़िता अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन मैंने उसके माता-पिता से पूछा था कि क्या वे अपनी बेटी के नाम पर कुछ करना चाहेंगे। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 14 अगस्त की रात हुई तोड़फोड़ को लेकर मल्होत्रा ने बताया कि मीडिया ने उस समय सवाल उठाया कि क्या यह घटना डॉक्टर की हत्या से ध्यान हटाने के लिए की गई थी और इसे भीड़तंत्र द्वारा लोकतंत्र को बाधित करने की स्थिति करार दिया। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करने पर विचार कर रहे हैं तो उन्होंने संकेत दिया कि वह इस मुद्दे पर राष्ट्रपति और केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखेंगे। राज्यपाल ने मृत डॉक्टर के माता-पिता से मिलने की इच्छा भी व्यक्त की लेकिन तभी जब वे मानसिक रूप से तैयार हों। उन्होंने कहा, मैं उनसे उस समय मिलूंगा जब वे मानसिक रूप से इसके लिए तैयार होंगे। मैं उन माता-पिता की भावनाओं का सम्मान करता हूं जिन्होंने अपनी प्रिय बेटी को खो दिया। मैं उन्हें पर्याप्त समय दूंगा।

## चुनाव आयोग ने जयराम रमेश की हरियाणा में भर्ती से संबंधित आपत्ति को खारिज किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों की भर्ती के लिए दिया गया विज्ञापन आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है क्योंकि यह भर्ती प्रक्रिया राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले शुरू हो गयी थी।


आयोग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने भर्ती प्रक्रिया पर रोक नहीं लगायी है लेकिन राज्य सरकार से भर्ती के परिणाम चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद घोषित करने को कहा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उसे पत्र लिखकर कहा था कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सरकार ने नौकरियों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। आयोग ने कहा कि उसने इस संबंध में राज्य सरकार से जानकारी मांगी थी। राज्य सरकार ने बताया है कि यह भर्ती प्रक्रिया आचार संहिता लागू होने से पहले शुरू की गयी थी। आयोग ने श्री रमेश को राज्य सरकार के जवाब से अवगत कराने के बाद उनकी आपत्ति को खारिज कर दिया है।

## जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए काम करेगी सरकार : राय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए केजरीवाल सरकार फोकस तरीके से काम करेगी।

श्री गोपाल राय ने विभिन्न विभागों और संस्थाओं के साथ चर्चा के बाद आज कहा कि सरकार ने सात महत्वपूर्ण सेक्टरों बिजली, पानी, कूड़ा, हरित, परिवहन, स्वास्थ्य व कृषि प्रबंधन को चिंहित किया है, जिसमें सुधार कर जलवायु परिवर्तन



के दुष्प्रभाव को कम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण इस बार दिल्ली के लोगों को भीषण गर्मी और रिकॉर्ड बारिश का सामना करना पड़ा है। इन सात सेक्टरों में सुधार करके जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है। दिल्ली सरकार इन्हीं सेक्टरों को ध्यान में रखकर एक वृहद नीति बनाएगी और केंद्र सरकार को भेजेगी। केंद्र से मिले सुझावों के बाद नीति को लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज दिल्ली समेत पूरे भारत में विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति के साथ जो छेड़छाड़ हुई है, उससे पूरी दुनिया में जो जलवायु परिवर्तन हुआ है। अब लोगों के जीवन पर उसका सीधा प्रभाव पड़ने लगा है।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली में भी 2019 में जलवायु परिवर्तन को लेकर नीति का निर्माण किया गया था। वर्ष 2019 के बाद जिस तेजी के साथ जलवायु में परिवर्तन हो रहा है, उसे देखते हुए दिल्ली सरकार ने दो साल पहले नीति को रिवाइज करने की प्रक्रिया शुरू की।

## जितेंद्र सिंह ने चंद्रयान-3 को बताई प्रमुख उपलब्धि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चंद्रयान-3 को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दो और चंद्र मिशनों की तैयारी में जुट गया है। चंद्रयान-3 पिछले साल 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरा था। केंद्र सरकार ने इस साल से हर 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। पहले अंतरिक्ष दिवस के कर्टेन रेजर के अवसर पर मीडिया से बातचीत में करते हुए डॉ. सिंह ने कहा, चंद्रयान-3 एक प्रमुख उपलब्धि थी और अब चंद्रयान-4 और 5 का प्रक्षेपण किया जाएगा। एक साल पहले भारत चंद्रमा पर यान उतारने वाला दुनिया का चौथा और इसके दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर उतरने वाला पहला देश बना था। पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का विषय है, चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना :भारत की अंतरिक्ष गाथा। भारत मंडपम के प्लेनरी हॉल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उस कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की उपलब्धियां गिनाते हुए डॉ. सिंह ने कहा, गगनयान मिशन 2025 में पहले भारतीय को अंतरिक्ष में भेजना है


**Name Change**

I, JC-708737W Rank-NB SUB Name-SHINDE AMOL ANANDRAO Presently residing at VPO-WALEKHINDI, TEH-JAT, DIST-SANGLI, MAHARASHTRA-416404 have changed my mother's name from SUNANDA to SUNANDA ANANDRAO SHINDE for all future purposes vide Affidavit dated 22/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I, MOHAMMAD BILAL S/O MOHAMMAD ZAHID residing at HOUSE NO 313/85-A, PLOT NO OLD 4 KH NO RIGHT PORTION 2ND FLOOR STREET NO-1 TULSI NAGAR INDER LOK DELHI - 110035 have changed my name to MOHD BILAL for all future purpose.

**Name Change**

I, JC-708737W Rank-NB SUB Name-SHINDE AMOL ANANDRAO Presently residing at VPO-WALEKHINDI, TEH-JAT, DIST-SANGLI, MAHARASHTRA-416404 have changed my father's name from SHINDE ANANDRAO GANPAT to ANANDRAO GANPATI SHINDE for all future purposes vide Affidavit dated 22/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

It is for general information that I, SANJEET S/o FATEH SINGH, R/o H-6, Sector - 36, Suncity, VTC - Rohtak, PO- Rohtak, Dist. Rohtak, Haryana - 124001, declare that the name of my wife and my minor son has been wrongly written as SUSHMA and YATIN in my minor son namely YATIN DAHIYA aged 17 years in his 10th Class Educational Documents. The actual name of my wife and minor son are SUSHMA KUMARI and YATIN DAHIYA respectively, which may be amended accordingly.

**Name Change**

I, No. JC-391307P Rank NB SUB Name RAM MOORAT PAL S/o SHIV NANDAN PAL R/o VILL GHANAKAPOORA, PO- MANJHANPUR, TEH-SIRATHU, DIST-KAUSHAMBI (UP)-212207 have changed my minor daughter name from AKANCHHA PAL to AKANSHA PAL for all future purposes. And in my service document my daughter date of birth wrongly mentioned is 12/02/2006 instead 12/02/2008. Vide Affidavit dated 22/08/2024 before Notary Public New Delhi.

**Name Change**

I, ANJALI PAL D/o No. JC-391307P Rank NB SUB Name RAM MOORAT PAL R/o VILL-GHANAKAPOORA, PO- MANJHANPUR, TEH-SIRATHU, DIST-KAUSHAMBI (UP)-212207 have changed my date of birth from 14/07/2004 instead of 10/07/2006. Vide Affidavit dated 22/08/2024 before Notary Public New Delhi.

**Name Change**

I, No. JC-391307P Rank NB SUB Name RAM MOORAT PAL S/o SHIV NANDAN PAL R/o VILL GHANAKAPOORA, PO- MANJHANPUR, TEH-SIRATHU, DIST-KAUSHAMBI (UP)-212207 have changed my minor daughter ARATI PAL date of birth from 07/12/2007 instead of 07/12/2009. Vide Affidavit dated 22/08/2024 before Notary Public New Delhi.

**Name Change**

I SHILPA W/O Army No - 2800416L HAV jagtap Sunil Janardhan R/O VILL- Vadiyeraibag POST- Vadiyeraibag TEH-Kadegaon DIST - sangali PIN - 415305 have checked my name from SHILPA TO SHILPA SUNIL JAGTAP for all future purposes vide affidavit date 22/08/2024 2024 before notary public Delhi

**Name Change**

I, NASIR DESAI S/O SHAMSUDDIN DESAI FARIDI R/O J-3/33, KHIRKI EXTN, MALVIYA NAGAR, DELHI - 110017, have changed my name from NASIR FARIDI TO NASIR DESAI for all future purpose

**PUBLIC NOTICE**

MY CLIENT PRINCE S/O SH. B.IR SINGH R/O VILLAGE MAKAN KALAN PO OOTPUR. TEHSIL LADBHAROL DISTT. MANDI HP, MAKAN KALAN (154) MANDI MANDI HIMACHAL PRADESH-176126 has change his name from PRINCE TO PRINCE RANA AND NOW HE WILL BE CALLED AND KNOWN BY THE NAME OF PRINCE RANA, for all purpose.

**Vinod Kumar Advocate**
CHAMBER NO.559
Lawyers Block
Saket Court, New Delhi-17

**Name Change**

I, No-16115714H Rank-NK Name-VINODH CHANDRAN C Father of VA BADHRINATH R/o 9-83A, CHANDRA BHAVAN VADALIKKAKAM, VILL-METHUKUMAL, PO-CHATHENCODE, TEH-VILAVANCODE, DIST-KANYAKUMARI, TAMIL NADU-629153 have changed my minor son's name from VA BADHRINATH to BADHRINATH V A for all future purposes vide affidavit dated 22/08/2024 Before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I, JC-708737W Rank-NB SUB Name-SHINDE AMOL ANANDRAO Presently residing at VPO-WALEKHINDI, TEH-JAT, DIST-SANGLI, MAHARASHTRA-416404 have changed my wife's name from MAYURI to MAYURI AMOL SHINDE for all future purposes vide Affidavit dated 22/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I, Pramod agarwala S/o Banarashilal agarwala R/o C-412,U/G/F, Block -C, Yojna vihar, Delhi, Shahdara, Delhi - 110092 have changed my name from Pramod agarwala to Pramod agarwal for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**

I, JANAK RAJ S/o GIRDHARI LAL, Permanent Residing at Sangar, Purmandal, Jammu and Kashmir 181145 and present residing. at 13/26 Munshiram Colony Dr, Mukharjee nagar, New Delhi-110009, declare that name of my minor son has been wrongly written as DEVANSH SINGH in my minor son's namely ROUNAK BADYAL, aged 7 years in his Aadhaar Card No. 4818 3129 6278. The actual name of my minor son is ROUNAK BADYAL.

**Name Change**

It is for general information that I Ramesh Kumar S/O Ramchander, R/O House No Rz-49 ,T/F Right Side, Gali No- 11, Near- Taar Factory Chowk, Subhash Park Extn, Uttam Nagar, West Delhi, Delhi, 110059 declare that name of my mother has been wrongly written Nermala devi in my 10th and 12th class educational document, The actual name of my mother is Nirmala which may be amended accordingly.

**Name Change**

I, P LALITHA BAI Mother of No-16115714H Rank-NK Name-VINODH CHANDRAN C Presently residing at 9-83A, CHANDRA BHAVAN VADALIKKAKAM, VILL-METHUKUMAL, PO-CHATHENCODE, TEH-VILAVANCODE, DIST-KANYAKUMARI, TAMIL NADU-629153 have changed my name from P LALITHA BAI to LALITHA BAI CHANDRA SEKHARAN NAIR for all future purposes vide Affidavit dated 22/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I, JC-708737W Rank-NB SUB Name-SHINDE AMOL ANANDRAO Father of AARUSH Presently residing at VPO-WALEKHINDI, TEH-JAT, DIST-SANGLI, MAHARASHTRA-416404 have changed my minor son's name from AARUSH to AARUSH AMOL SHINDE for all future purposes vide affidavit dated 22/08/2024 Before Notary Public, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक श्रीमती गीता गुप्ता और श्री प्रवीण कुमार गुप्ता फ्रीहोल्ड आवासीय मकान नंबर 106 (पुराना नंबर 103 और 110) के मालिक हैं, क्षेत्रफल 103.63 वर्ग मीटर है, जो मोहल्ला सुखीमल, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में स्थित है। बिक्री विलेख दिनांक 12.07.2013 के आधार पर दस्तावेज़ संख्या 10788, पुस्तक संख्या I, खंड संख्या 7372, पृष्ठ 253-282 पर, 12.07.2013 को पंजीकृत एसआरओ-गाजियाबाद-द्वितीय श्रृंखला में नीचे उल्लिखित दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं हैं अर्थात मृत्यु विद्यावती देवी अग्रवाल का प्रमाणपत्र एवं एसएमसी एवं स्वर्गीय श्रीमती राजदुलारी का एसएमसी 22/08/2014 को समाप्त हो गया। अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति का उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, और वही संपत्ति श्री प्रदीप कुमार गर्ग और श्री शिवम गर्ग के नाम से बिकने जा रही है और इसे पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा, अग्रवाल मेट्रो द्वारा वित्तपोषित किया गया है। मॉल, यूनिट नंबर 107, पहली मंजिल, स्टेशन बॉक्स दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन नई दिल्ली 110095। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के अधिकार स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**Name Change**

I, SHAHANA HASAN W/O SHAHNAWAZ HASAN Residing at D-192, ABUL FAZAL ENCLAVE PART-1, OKHLA, DELHI-110025 have changed my name to SHAHANA for all future purpose.

**Name Change**

I, GOURI RANI MAITY mother of NO-15724941L Rank-NK Name-GOUTAM KUMAR MAITY R/O VILL-PURBA AMTALIA, PO- AMTALIA, TEH-CONTAI, DIST-PURBA MEDINIPUR, WEST BENGAL-721427 have changed my name from GOURI RANI MAITY to GAURI RANI MAITY for all future purposes vide affidavit dated 22/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I, CHANDRA SEKARAN NAIR Father of No-16115714H Rank-NK Name-VINODH CHANDRAN C Presently residing at 9-83A, CHANDRA BHAVAN VADALIKKAKAM, VILL-METHUKUMAL, PO-CHATHENCODE, TEH-VILAVANCODE, DIST-KANYAKUMARI, TAMIL NADU-629153, have changed my name from CHANDRA SEKARAN NAIR to CHANDRA SEKHARAN NAIR THANU PILLAI for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 20/05/1951 instead of my correct date of birth as 24/05/1951 vide affidavit dated 22/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I,Rizwan S/O Sabbir ahmad R/O A-501,JJ Colony Seemapuri east delhi,delhi-110095 have change my name from Rizwan to Rizwan hasan for all future purpose.

**PUBLIC NOTICE**

I, hitherto known as KM MAUSHMI SINGH alias KM MAUSAMI SINGH alias MAUSHMI SINGH D/O UDAY PRATAP SINGH W/O CHANDAN SINGH, R/o 132, Block- WE, Mohan Garden, Uttam Nagar, West Delhi-110059, have changed my name and shall hereafter be known as MAUSHMI SINGH.

**NAME DECLARATION**

It is for general information that I, Virender Kumar Bijlani S/O Late Amrit Lal Bijlani, R/O: N-3, Second Floor, Rajouri Garden, New Delhi-110027 declares that in Conveyance Deed issued by DDA which is registered as Registration No. 1465, Book No. 1, Volume No. 5431, Page No. 126-127, on date 22/01/2015 with Sub Registrar-VII, New Delhi, for H.No. 107-B, Cat-A, First Floor, LIG Flats, Madipur, New Delhi-110063, my name has been mentioned as V.K. Bijlani instead of full name Virender Kumar Bijlani and my father's name has been mentioned as Late Sh. A.L. Bijlani instead of Late Sh. Amrit Lal Bijlani. I declare that V.K. Bijlani and Virender Kumar Bijlani, is the name of one and same person. It is further declared that full name of my late father mentioned in the Conveyance Deed as Sh. A.L. Bijlani is Amrit Lal Bijlani.

**सार्वजनिक सूचना**

यह जनसाधारण की सूचना के लिए है की ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी (पार्टी का नाम) नाम का राजनैतिक दल जिसका मुख्यालय 71, 3RD फ्लोर ,मातृ आशीष अपार्टमेंट त्रिभोवन नगर , सामने अखंडानन्द कॉलेज ,वेद रोड ,सूरत ,गुजरात -395004 में स्थित है (पार्टी कार्यालय का पूरा पता दे), और जो भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत है, अपना नाम बदलकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया (भीमराव आम्बेडकर) (पार्टी का नया नाम) करना प्रस्तावित करता है। प्रस्तावित नए नाम पर यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वे अपनी आपत्तियां, कारणो सहित, सचिव (राजनैतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली -110001 को इस नोटिस के प्रकाशन होने से 30 दिन के भीतर भेज सकते है।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जल्द से जल्द हथियार जमा कराने के निर्देश


एजेंसी

**पानीपत।** हरियाणा में एक अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने सभी लाइसेंस धारकों को जल्द से जल्द अपने हथियार जमा कराने के निर्देश जारी किए हैं। पानीपत के पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर शस्त्र जमा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने अपील की है कि परेशानी से बचने के लिए सभी लाइसेंस धारक जल्द से जल्द अपने शस्त्र जमा करा दें। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में होने वाले चुनाव के मद्देनजर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिले के सभी प्रमुख स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे।लोकेंद्र सिंह ने कहा कि शहर के अंदर सभी अतिक्रमण जल्द से जल्द हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति नशा तस्करों के खिलाफ सूचना देना चाहता है तो वह सरकारी नंबर पर सूचना दे सकता है। उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## चुनाव प्रचार सामग्री में प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक

**झज्जर।** जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव सामग्री के प्रकाशन को लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए है। आदेशों के तहत प्रकाशकों को जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 के नियमों की पालना करनी होगी। उन्होंने बुधवार को कहा कि चुनाव सामग्री पर प्रकाशक को प्रकाशक के साथ-साथ प्रकाशित करवाने वाले व्यक्ति, संस्थान या पार्टी आदि का नाम एवं पता भी प्रकाशित करना होगा। इसके अलावा प्रकाशक को चुनाव सामग्री प्रकाशित करवाने वाले से एक शपथ पत्र भी लेना होगा जिसमें दो व्यक्तियों के हस्ताक्षर होने अनिवार्य होंगे जो उक्त व्यक्ति को निजी तौर पर जानता हो। आदेशों के अनुसार निर्धारित समय अवधि में प्रकाशन को राज्य स्तर पर मुख्य चुनाव अधिकारी व जिला स्तर पर प्रकाशन करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी को सूचना देनी होगी। इसके अलावा प्लास्टिक से किसी भी प्रकार की चुनाव सामग्री का निर्माण करने पर प्रतिबंध है। इन आदेशों की अनुपालना नहीं किए जाने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई होगी। प्रिंटिंग को लेकर ये आदेश सरकारी प्रिंटिंग प्रेस पर लागू नहीं होंगे।

## पंजाबी भवन में दिव्य गीता सत्संग, तैयारियां पूरी : संजय ढींगरा



**हिसार।** श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति एवं जीओ गीता की से 25 अगस्त तक पंजाबी भवन में आयोजित किए जाने वाले दिव्य गीता सत्संग की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम के प्रति श्रद्धालुओं में उत्साह व जोश देखा जा रहा है। समिति के महासचिव संजय ढींगरा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। स्वामी ज्ञानांनद महाराज के आगमन के प्रति श्रद्धालुओं में उत्सुकता व जोश देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सेक्टर 14 के पंजाबी भवन में दोपहर 3.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक होने वाले इस कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज अमृत वर्षा करेंगे। प्रधान सतीश मेहता ने बताया कि शुभारंभ अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता एवं बिजली मंत्री रणजीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे जबकि समाजसेवी एवं गौभक्त राजेंद्र गावड़, पंजाबी वेल्फेयर सोसायटी के प्रधान शम्मी नागपाल व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. उमेश कालड़ा विशिष्ट अतिथि होंगे व गीता पूजन करेंगे। उन्होंने बताया कि अगले दिन 23 अगस्त को दूसरे दिन के कार्यक्रम में हिसार के सांसद जयप्रकाश मुख्य अतिथि होंगे।

## सभी राजनीतिक दल आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें: मोनिका गुप्ता

**नारनौल।** विधानसभा आम चुनाव-2024 को जिला प्रशासन तटस्थ होकर निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाएगा। किसी के साथ भी कोई पक्षपात नहीं होगा। जिला प्रशासन इसकी पूरी गारंटी देता है। चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने में सभी राजनीतिक दलों का भी सहयोग जरूरी है। ऐसे में राजनीतिक दल भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 15वीं हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए जारी किए गए सभी दिशा निर्देशों का गंभीरता के साथ पालन करें। यह बात उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका गुप्ता ने लघु सचिवालय में सभी राजनीतिक दलों की बैठक में कही। उपायुक्त ने बताया कि राजनीतिक दलों की सुविधा के लिए लघु सचिवालय के रूम नंबर 103 में एकल खिड़की की व्यवस्था की गई है। यहां से जिला स्तर की मंजूरी ली जा सकती है। शेष मंजूरी संबंधित आरओ देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके लिए राजनीतिक दल सुविधा पोर्टल पर भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित एसडीएम को जिला में चारों विधानसभा क्षेत्र में आरओ बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दल प्रचार प्रसार के दौरान चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे। कहीं भी धार्मिक स्थल का उपयोग प्रचार प्रसार के लिए ना करें। जातिगत व संगठन के आधार पर भी वोट की अपील न की जाए। कोई भी बैनर या पोस्टर छपवाएं तो उसकी दो प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जरूर दें।

# भाजपा ने 2019 में किए सभी वादों को पूरा किया : नायब सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि भाजपा ने पिछले चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता के साथ किए गए सभी वादों को पूरा किया गया है। इस चुनाव में भी वही वादे किए जाएंगे जिन्हें पूरा किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री चंडीगढ़ से प्रदेशव्यापी संकल्प पत्र संकलन अभियान शुरू करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पंचकूला स्थित भाजपा मुख्यालय से एक मोबाइल वैन को रवाना किया। इस तरह की वैन प्रदेश के सभी जिलों में चलाई जाएंगी जोकि जनता से घोषणा पत्रों पर सुझाव एकत्र करेंगी। इसके अलावा सैनी ने पंचकूला कार्यालय में एक सुझाव पेटी भी रखी। जिसमें विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने घोषणा पत्र में शामिल करने के लिए अपना सुझाव डालकर अभियान की शुरुआत की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष झूठ का सहारा लेता है। विपक्ष की सिर्फ घोषणा होती है, वह भी पूरी नहीं होती है। भाजपा यह चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़ेगी। पिछले दस वर्षों के दौरान प्रदेश में हुए विकास कार्यों तथा आगामी पांच वर्षों का रोडमैप जनता के सामने रखकर वोट मांगे जाएंगे। विपक्ष झूठ का सहारा लेकर घोषणाएं करता है लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए उनके पास कोई विजन नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र कमेटी की दूसरी बैठक 29 अगस्त को होगी, जिसमें सुझावों की छंटनी की जाएगी। भाजपा जन सुझावों के साथ संकल्प पत्र तैयार करेगी।

## मंत्री जेपी दलाल के बयान से स्पष्ट, बीजेपी ने चुनाव से पहले ही मान ली अपनी हार : हुड्डा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** शाहबाद से विधायक रामकरण काला ने अपने हजारों समर्थकों और दर्जनों जेजेपी नेताओं के साथ कांग्रेस ज्वाइन कर ली। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में रामकरण काला ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। आज खरखौदा से 2014 चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार रहे कुलदीप काकराण,जय सिंह बिश्नोई पूर्व सूचना आयुक्त ने भी पार्टी छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन की। इस मौके पर सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। हुड्डा और चौ. उदयभान ने पार्टी में आए सभी नेता व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और उन्हें पूर्व मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। हुड्डा ने कहा कि तमाम नेताओं ने सही समय पर सही फैसला लिया है। यह फैसला आने वाले चुनाव में रंग लाएगा और कांग्रेस की सरकार बनाने में मददगार साबित होगा। लगातार हो रही ज्वाइनिंग और पार्टी के कार्यक्रमों को मिल रहे जनता के समर्थन से स्पष्ट है कि हरियाणा में कांग्रेस की लहर चल रही है। इसबार हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। चौधरी उदयभान ने कहा कि 2 साल के भीतर बीजेपी, जेजेपी जैसे दलों से 45 विधायक और पूर्व विधायक कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। पार्टी का कुनबा लगातार विस्तार लेता जा रहा है और बीजेपी-जेजेपी की सियासी जमीन पूरी तरह खिसक चुकी है। अब जनता 1 अक्टूबर का बेसब्री से इंतजार कर रही है ताकि बीजेपी को हराकर भारी बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनाई जाए।

## एक अक्टूबर को विधानसभा चुनाव में हर मतदाता करें अपनी भागीदारी सुनिश्चित : पंकज अग्रवाल

एजेंसी

**चण्डीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बहुत बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को 1 अक्तूबर 2024 को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। उन्होंने कहा कि फोटो युक्त पहचान पत्र होना, मतदान करने का अधिकार नहीं देता, बल्कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी है, उसी से वोट डालने का अधिकार मिलता है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज है वो आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट इत्यादि 12 प्रकार के अपने आईडी दस्तावेज दिखाकर वोट डाल सकते है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग का लक्ष्य सौहार्दपूर्ण वातावरण में निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चुनाव सम्पन्न करवाना है। हर मतदाता को पोलिंग स्टेशन तक सरल, सुगम व जल्द पहुच उपलब्ध हो इसके लिए विभिन्न प्रकार के ऐप्प भी तैयार किए गए है। इन ऐप्प के माध्यम से मतदाताओं, उम्मीदवारों व अन्य राजनीतिक दलों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी हर प्रकार की जानकारी मिलेगी। पंकज अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में



भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## बीरेंद्र सिंह को शर्म आनी चाहिए, कांग्रेस ने तो इन्हें लात मारकर निकाल दिया था, मोदी जी ने केंद्र में मंत्री बनाया: अनिल विज

एजेंसी

**अंबाला।** पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने आज दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार नहीं, भाजपा की सरकार बहुमत से बनेगी। उन्होंने कांग्रेस नेता चौ. बीरेंद्र सिंह के एक बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने तो इन्हें लात मारकर निकाल दिया था। बीरेंद्र सिंह को मोदी जी ने केंद्र में मंत्री और इनकी पत्नी को हरियाणा में विधायक बनाया। इन्हें तो ऐसी बात कहते हुए शर्म आनी चाहिए। अगर इनकी हैसियत होती तो यह कांग्रेस क्यों छोड़ते। विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश व हिंदुस्तान में भाजपा सरकार बनाई। पूर्व मंत्री अनिल विज आज पत्रकारों द्वारा बीरेंद्र सिंह के बयान कि भाजपा का उन पर कोई एहसान नहीं है के सवाल का जवाब दे रहे थे। बीरेंद्र सिंह के भाजपा में दलाली के बयान पर अनिल विज ने पलटवार करते हुए बीरेंद्र सिंह से सवाल पूछा कि इन्हें मंत्री बनाने के कितने पैसे लिए, इन्हें बताना चाहिए और आज यह ऐसी बातें करते हैं। इन्हें (बीरेंद्र सिंह) शर्म आनी चाहिए।कांग्रेस नेता



जेपी दलाल के बयान कि कांग्रेस की सरकार बनी तो भाजपा हाईकमान छह महीने में इसे तोड़ देगी, के संबंध में पूर्व मंत्री अनिल विज ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार नहीं, भाजपा की सरकार बहुमत से बनेगी और यह अनिल विज का दावा है।

आरएसएस व भाजपा में खींचतान के सवाल पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि उन्होंने 40-50 साल से संगठन में काम किया और आज तक उन्होंने खींचतान नहीं देखी। यह तो विरोधी इस प्रकार की बातें उड़ाते हैं। हमेशा आरएसएस व भाजपा में सामंजस्य रहा है और रहेगा क्योंकि विचारधारा के तहत हम काम करते हैं।

# चुनावी प्रचार सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम पता होना अनिवार्य : शांतनु शर्मा

### बिना अनुमति के नहीं छापी जा सकती कोई भी प्रचार सामग्री

एजेंसी

**सिरसा।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने प्रचार सामग्री छापने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने जिला की प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को निर्देश दिए हैं वे प्रशासनिक अनुमति के बिना कोई प्रचार सामग्री न छापें। चुनावी प्रचार सामग्री पर प्रकाशक का नाम व पता अंकित होना जरूरी है, ऐसा नहीं करने पर छह महीने की सजा हो सकती है। प्रचार सामग्री की एक-एक प्रति व उसका बिल संबंधित आरओ के पास भिजवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही निर्देश दिए कि चुनावी प्रचार सामग्री में जाति, धर्म, समुदाय विशेष या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भड़काने वाली



भाषा का प्रयोग नहीं होना चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव प्रचार के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार या उनके समर्थक प्रचार के रूप में पोस्टर, पम्पलेट, हैण्ड बिल - बैनर इत्यादि छपवाते हैं। उन्होंने कहा है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार कोई भी प्रिंटर या प्रिंटिंग प्रेस का मालिक किसी भी प्रकार की गैर कानूनी तरीके से सामग्री छाप कर नहीं दे सकता है। छपाई दस्तावेज पर किसी धर्म, जाति, समाज, भाषा विशेष या चरित्र हनन का प्रकाशन गैर कानूनी होगा। दोषी पाए जाने पर प्रकाशन व छपवाई करवाने वाले के विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के अनुसार छह माह की कैद या दो हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनो का प्रावधान है।

**चुनाव सामग्री के मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक व प्रकाशक नाम व पता होना जरूरी:**

निर्वाचन से संबंधित चुनाव सामग्री के मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता होना चाहिए, बिना इसके कोई प्रचार सामग्री प्रकाशित नहीं करेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि वे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ही प्रचार सामग्री की छपाई करें। आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करते हुए जिला में विधानसभा चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

## मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी पेड न्यूज पर रखेगी पैनी नजरः अभिषेक मीणा

एजेंसी

**रेवाड़ी।** हरियाणा में पहली अक्टूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के दौरान उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार पर निरंतर निगरानी रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी चुनाव के दौरान प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक चुनाव प्रचार की मॉनिटरिंग करेगी। इसके अलावा पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने राजनीतिक दलों से आदर्श आचार संहिता के अनुरूप प्रचार करने का आह्वान करते हुए बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उम्मीदवार व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान




के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन के लिए भी एमसीएमसी कमेटी से प्री सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इस विज्ञापन के लिए भारत निर्वाचन आयोग से रजिस्टर्ड राजनीतिक पार्टी के उम्मीदवारों सहित अन्य उम्मीदवारों को निर्धारित समय पूर्व एमसीएमसी कमेटी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन सामग्री की जांच कर अपनी स्वीकृति या अस्वीकृति प्रदान करेगी।

## विधानसभा चुनावः संकल्प पत्र बनाने के लिए भाजपा प्रदेशभर में करेगी बैठकें

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए अपना चुनाव घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। चुनाव घोषणा पत्र समिति की पंचकूला में पहली बैठक हुई। चुनाव घोषणा पत्र के लिए भाजपा 28 अगस्त तक ऑनलाइन व ऑफलाइन तरीके से बैठक कर सभी जिलों से सुझाव लेगी। इसके लिए मुद्दों के हिसाब से सब कमेटियों का गठन किया गया है। चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक के बाद समिति के संयोजक एवं राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने पत्रकारों को बताया कि प्रदेश में स्थित भाजपा के सभी कार्यालयों में सुझाव पेटियां रखी जाएंगी। साथ ही भाजपा 28 अगस्त तक ऑनलाइन व ऑफलाइन तरीके से बैठक कर सभी जिलों से चुनाव घोषणा पत्र क सुझाव लेगी। इसके लिए मुद्दों के हिसाब से सब कमेटियों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि भाजपा नेता संजय शर्मा अंबाला व रोहतक जिलों का दौरा करके मेडिकल क्षेत्र, समिति सदस्य मदन गोयल कुरुक्षेत्र व हिसार से शिक्षा, सांसद कृष्ण लाल पंवार, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व विधायक सत्यप्रकाश जरावता सिरसा व झज्जर जिलों का दौरा करके अनुसूचित जाति, कृष्ण पंवार तथा पिछड़ा वर्ग के लोगों से संवाद करेंगे। किरण चौधरी, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल तथा रोजी मलिक यमुनानगर व फतेहाबाद में संवाद करके महिलाओं के मुद्दे पर एजेंडा तैयार करेंगी। इसी प्रकार पूर्व मंत्री कैप्टन




विधायक भव्य बिश्नोई भिवानी व दादरी का दौरा करके युवाओं तथा खिलाड़ियों के विषय पर संकल्प पत्र के लिए सुझाव लेंगे।इसी प्रकार पूर्व मंत्री विपुल गोयल फरीदाबाद व पलवल जिलों में बैठक करके व्यापारियों व उद्योगपतियों, विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा तथा मंत्री अभय यादव रेवाड़ी तथा महेंद्रगढ़ जिलों का दौरा करके अभिमन्यु, एडवोकेट वेदपाल तंवर जींद व कैथल जिलों का दौरा करके किसानों व खेती के संबंध में सुझाव लेंगे। उन्होंने बताया कि कैप्टन अभिमन्यु तथा अभय यादव वाली कमेटी पंचकूला में कार्यक्रम कर गुड गर्वेनेस के विषय पर बुद्धिजीवियों से सुझाव लेगी। एडवोकेट वेदपाल करनाल व चंडीगढ़ में वकीलों के संगठनों से संवाद करेंगे।

## बिना भेदभाव करवाए विकास कार्य, बाछौद में उड़ाए जा रहे हवाई जहाजः दुष्यंत चौटाला

एजेंसी

**नारनौल।** प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अटेली के आठ गांव व अटेली शहर में जनसभा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं व आमजन को भी जजपा पार्टी का साथ देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभी विधानसभा चुनाव को 40 दिन का समय है। आपका सहयोग रहा तो फिर से सत्ता की चाबी आपके हाथ में होगी और दक्षिणी हरियाणा का विकास निरंतर जारी रहेगा। अटेली के गांव अटेली, अटेली शहर, मिर्जापुर बाछौद, सागरपुर, दुलोठ जाट, अटाली की ढाणी, दौंगड़ा अहीर, इसराना, चेलावास व खरखड़ा बास में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर भाजपा की नियत ठीक होती तो पड़ोसी राज्य राजस्थान में उनकी ही सरकार है। वहां बुढ़ापा पेंशन महज 700 रुपये है। हमने सत्ता में आने के बाद हर साल ढाई सौ रुपये बढ़ाकर हरियाणा में बुढ़ापा पेंशन 3 हजार रुपये तक पहुंचाई। उन्होंने कहा कि अटेली विधानसभा बनने के बाद यहां की जनता ने दो बार भाजपा व एक बार कांग्रेस के विधायक बनाए। यहां की जनता राष्ट्रीय नेता के चेहरे को देखकर वोट देती रही। जब विकास की बात आती है तो यहां कुछ नहीं है। इन 15 सालों



में किसी भी विधायक ने अटेली में कोई बड़ा प्रोजेक्ट लाकर नहीं दिया। हमने सत्ता में रहते हुए पूरे हरियाणा को एक नजर से देखा और यहां सेंकड़ों करोड़ रुपये सड़कों पर खर्च किए।

बाछौद हवाई पट्टी पर पहले हवाई जहाज नहीं उड़ते थे, अब 10 हवाई जहाज उड़ रहे है। आगे यह संख्या और भी बढ़ेगी। यहां के युवाओं को इससे रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस थी तब सरकार रोहतक में सिमट कर रह गई थी। जैसे ही रोहतक की सीमा खत्म होती, सड़क छोटी हो जाती थी। वहां रोजगार मिला, बाकी अन्य जिला में बेरोजगारी बढ़ी। जब जजपा की सत्ता में भागीदारी हुई तो हमारे पास 10 की ताकत थी। हमने हर क्षेत्र की सड़कों को सुधारा। अब विधानसभा चुनाव नजदीक है। जैसे गांव में आप सरपंच बनाने के लिए एकजुट होते है वैसे ही पूरा क्षेत्र जजपा विधायक बनाने के लिए एकजुट हो जाए। विकास कार्य का जो क्रम हमने शुरू किया था, उसे आगे निरंतर आगे जारी रखा जाएगा।

## डीसी ने चुनाव में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

एजेंसी

**झज्जर।** आगामी विधानसभा चुनाव को सुचारु और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में चुनाव प्रक्रिया की तैयारियों की गहन समीक्षा की। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता से चुनावी कर्तव्यों का पालन करें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चुनाव लोकतंत्र का आधार है और इसमें पारदर्शिता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक के दौरान चुनाव से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई, जिसमें मतदान केंद्रों की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था और मतदान कर्मचारियों की तैनाती पर चर्चा की गई। डीसी ने कहा सभी विभाग चुनाव ड्यूटी के लिए अपनी कर्मचारियों व अधिकारियों की ड्यूटी की जानकारी पूरी गंभीरता के साथ त्रुटि रहित भेजें। उन्होंने कहा कि सरकारी भवनों में आदर्श आचार संहिता की सौ फीसद पालन सुनिश्चित करें व किसी भी प्रकार की राजनीतिक चुनाव प्रचार सामग्री पब्लिक प्रॉपर्टी पर नहीं लगी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एफएसटी टीमें बूथों पर विजिट अवश्य करें व कोई कमी नजर आने पर सूचित करें ताकि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त की जा सकें। सी-विजिल की शिकायतों पर एक्शन लेने के बाद तुरंत एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें।

**Name Change**

I hitherto known as KULDEEP WATTAL alias KULDEEP RAJ WATTAL S/o PUSHKAR NATH WATTAL R/o 69, Block-1, Eros Garden, Suraj Kund Marg, Surajkund, Faridabad, Haryana-121009, have changed my name and shall hereafter be known as KULDEEP RAJ WATTAL.

**Name Change**

It is for general information that I, SANJEET S/o FATEH SINGH, R/o H-6, Sector - 36, Suncity, VTC - Rohtak, PO- Rohtak, Dist. Rohtak, Haryana - 124001, declare that the name of my wife and my minor son has been wrongly written as SUSHMA and YATIN in my minor son namely YATIN DAHIYA aged 17 years in his 10th Class Educational Documents. The actual name of my wife and minor son are SUSHMA KUMARI and YATIN DAHIYA respectively, which may be amended accordingly.

# किरण चौधरी ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए किया नामांकन, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को किया धन्यवाद

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** राज्यसभा उपचुनाव के लिए हरियाणा से भाजपा उम्मीदवार किरण चौधरी ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब देब मौजूद रहे।राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन करने के बाद किरण चौधरी ने कहा, मैं सबसे पहले भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पीएम मोदी, मनोहर लाल खट्टर, जेपी नड्डा और नायब सिंह सैनी समेत सभी विधायकों का धन्यवाद करती हूं। भाजपा के साथ हमारे परिवार का बहुत पुराना रिश्ता रहा है। प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की नीतियों से प्रभावित होकर मैं भाजपा में शामिल हुई हूं। मैंने हमेशा ईमानदारी और नीयत के साथ काम किया है। आने वाले समय में राज्यसभा में हरियाणा के सभी विषयों को उठाऊंगी।मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि किरण चौधरी ने नामांकन दाखिल किया है। मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई देता हूं, हमारे सभी विधायक यहां मौजूद हैं। किरण चौधरी को अन्य विधायकों ने भी समर्थन दिया है। किरण चौधरी का लंबा अनुभव रहा है, वह दिल्ली विधानसभा की अध्यक्ष भी रही हैं। वह राज्यसभा में हरियाणा के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगी। सीएम सैनी ने आगे कहा, किरण चौधरी को जोगीराम सिहाग, अनूप धानक, नयनपाल रावत, रामनिवास सूरजाखेड़ा, रामकुमार गौतम और गोपाल कांडा ने भी समर्थन दिया है। पार्टी ने सर्व सहमति से उन्हें राज्यसभा में भेजने का फैसला लिया है। अलग-अलग दल की अपनी राजनीति होती है, जितनी आवश्यकता है उससे ज्यादा विधायकों को उन्हें समर्थन है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। भाजपा की ओर से किरण चौधरी ने नामांकन किया है। हालांकि, विपक्ष ने उपचुनाव के लिए फिलहाल कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। विपक्ष अगर कोई उम्मीदवार नहीं उतारता है तो किरण चौधरी राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुनी जाएंगी। कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा की ओर से पूर्व में कहा गया है कि राज्यसभा के लिए उनकी पार्टी कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी।

## कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर




**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.26 डॉलर यानी 0.08 फीसदी की उछाल के साथ 76.11 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.33 डॉलर यानी 0.44 फीसदी लुढ़ककर 74.04 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## प्रह्लाद जोशी बेंगलुरु में इलेक्ट्रिक वाहन परीक्षण सुविधा की रखेंगे आधारशिला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रह्लाद वेंकटेश जोशी बेंगलुरु में राष्ट्रीय परीक्षण गृह (एनटीएच) आरआरएसएल कैंप की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) परीक्षण सुविधा की आधारशिला रखेंगे। यह इलेक्ट्रिक वाहन परीक्षण सुविधा उद्योग को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगी। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद वेंकटेश जोशी बेंगलुरु में राष्ट्रीय परीक्षण गृह (एनटीएच) आरआरएसएल कैंप की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) परीक्षण सुविधा की आधारशिला रखेंगे। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण भारत में अपनी पहुंच का विस्तार करने और ईवी बैटरी और चार्जर परीक्षण जैसे आगामी क्षेत्रों में परीक्षण सुविधाएं खोलने के लिए आरआरएसएल जक्कुरू परिसर कर्नाटक के बेंगलुरु में एक सैटेलाइट सेंटर खोला जा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि बेंगलुरु यह नई ईवी परीक्षण सुविधा इलेक्ट्रिक वाहनों के विकासशील पारिस्थितिकी तंत्र को और बढ़ाएगी और ईवी उद्योग को महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करेगी और ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी में पर्यावरणीय स्थिरता और नवाचार के व्यापक लक्ष्यों में योगदान देगी। गौरतलब है कि आरआरएसएल, बेंगलुरु, वजन और माप उपकरणों के परीक्षण और अंशांकन के लिए कानूनी माप विज्ञान (वजन और माप) की क्षेत्रीय मानक संदर्भ मानक प्रयोगशालाओं में से एक है।

## जीआरएम ओवरसीज ने सलमान खान को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** बासमती चावल के प्रमुख निर्यातक जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को बासमती चावल और गेहूं का आटा के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि इस साझेदारी का उद्देश्य सलमान खान की प्रतिष्ठित स्थिति का लाभ उठाकर जीआरएम की ब्रांड उपस्थिति को मजबूत करना और वैश्विक स्तर पर उपभोक्ताओं से जुड़ना है। जीआरएम ओवरसीज के प्रबंध निदेशक (एमडी) अतुल गर्ग ने कहा कि सलमान खान की लोकप्रियता और उनका व्यापक प्रशंसक आधार कंपनी के बासमती चावल की 10- ब्रांड रेंज और गेहूं के आटे की 10- शक्ति श्रृंखला से मेल खाता है। वहीं, सलमान खान ने कहा कि मैं जीआरएम के साथ साझेदारी से खुश हूं। ब्रांड का गुणवत्ता तथा प्रमाणिकता के महत्व पर जोर मेरी सोच के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड की स्थापना 1974 में की गई थी। ये कंपनी 42 से ज्यदा देशों को प्रीमियम बासमती चावल का निर्यात करती है। जीआरएम ओवरसीज शेयर बाजार के दोनों प्रमख सूचकांक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध है।

## रामको सीमेंट्स के प्रबंध निदेशक ने वित्त मंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से रामको सीमेंट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) पी.आर. वेंकटराम राजा ने मुलाकात की। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि रामको सीमेंट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पी.आर. वेंकटराम राजा ने राजधानी नई दिल्ली स्थित नार्थ ब्लॉक (वित्त मंत्रालय) में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात के दौरान हुई बातचीत का ब्यौरा नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि रामको सीमेंट्स लिमिटेड (रामको) भारत में अग्रणी सीमेंट निर्माताओं में से एक प्रमुख कंपनी है। कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो में पोर्टलैंड सीमेंट, साधारण पोर्टलैंड सीमेंट, क्लिंकर, तैयार मिक्स कंक्रीट, प्लास्टर, वॉल पुट्टी, टाइल एडहेसिव और ड्राई मोर्टार उत्पाद शामिल हैं।

## धातु और इस्पात उद्योग की वृद्धि में एमसीएक्स के माध्यम से मिलेगा नया आयाम

**एजेंसी**
**कोलकाता।** भारत में धातु और इस्पात उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका और दायरा निरंतर बढ़ता जा रहा है। इस उद्योग की प्रगति को और अधिक सशक्त बनाने के लिए मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। यह कदम छोटे निर्माताओं को भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बढ़ती संभावनाओं का लाभ दिलाने में सहायक होगा।

'एमएसएमई डेवलपमेंट फोरम' और 'स्टार्ट अप एक्सेलेरेटर्स प्रेसेंट' ने कोलकाता के एक पांच सितारा होटल में 'मेटल कॉन्क्लेव' नामक एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में धातु और इस्पात क्षेत्र की विभिन्न स्तरों की कंपनियों के अधिकारी शामिल हुए।

ज्ञात हो कि 2006 में भारत सरकार ने माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइज (एमएसएमई) विकास अधिनियम के तहत इस क्षेत्र के नियम-कानून लागू किए थे। 'एमएसएमई डेवलपमेंट फोरम' के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विभोर टंडन ने इस अवसर पर कहा कि देश के कुल जीडीपी का 35 प्रतिशत से अधिक हिस्सा एमएसएमई से प्राप्त होता है। देश की बढ़ती जनसंख्या और विभिन्न प्रकार की सामग्रियों की मांग के साथ-साथ धातु और इस्पात उद्योग का महत्व भी तेजी से बढ़ रहा



है। टंडन ने कहा कि एमसीएक्स के 'स्टैंडर्डाइजेशन एंड लिस्टिंग' के बारे में कई लोगों की स्पष्ट समझ नहीं है। 'एमएसएमई डेवलपमेंट फोरम' के लगभग 250 सदस्य और 'स्टार्ट अप एक्सेलेरेटर्स' के लगभग 800 सदस्यों को इस उद्योग के विभिन्न अज्ञात पहलुओं के बारे में जागरूक करना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

इस कॉन्क्लेव में विभोर टंडन के अलावा चित्तरंजन रेगे, महेश अग्रवाल, टाटा स्टील के चीफ जनरल मैनेजर संजय बेहेरा भी शामिल हुए। चर्चा के दौरान कच्चे माल की कीमत, बिक्री मूल्य, तकनीकी बदलाव के साथ 'रोल ऑफ रेगुलेटर्स', 'प्राइस मैकेनिज्म' जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए। 'गोल्ड', 'सिल्वर' और 'ब्रॉन्ज'– इन तीन प्रकार की सर्टिफिकेशन और उनके नियमों के बारे में भी जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि इन प्रमाणपत्रों के आधार पर केंद्र सरकार से सब्सिडी प्राप्त की जा सकती है। 20 निर्दिष्ट मानकों को पूरा करने पर 'गोल्ड' सर्टिफिकेशन प्रदान किया जाएगा।

'धातु क्षेत्र में वित्तपोषण की भूमिका' पर चर्चा में अभीक गुप्ता, ममता बिनानी, प्रज्ञा झुनझुनवाला आदि विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस चर्चा में जीएसटी जैसे वित्तीय और कर से संबंधित मुद्दों पर भी विचार किया गया। एक निजी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी इंद्रजीत घोष ने मंच पर संक्षिप्त भाषण दिया। चर्चा में विभिन्न बैंकों और निजी कंपनियों के शीर्ष प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# महंगा हुआ सोना, चांदी में मामूली गिरावट

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में तेजी नजर आ रही है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट आई है। सोने के भाव में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये का स्तर पार करके 73,360 रुपये से लेकर 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67 हजार रुपये के स्तर को पार करके 67,260 रुपये से लेकर 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने के विपरीत चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह चेन्नई में भी 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,110



रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में उछाल आया है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# अगले पांच साल देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण : सीतारमण

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अगले पांच साल देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हमारी यह आकांक्षा है कि 2047 तक हम विकसित भारत बन जाएं, जिसके लिए हमारे नागरिकों को और अधिक सशक्त होना होगा। उन्हें अपने और अपने परिवार के लिए बेहतर आर्थिक माहौल बनाने के अवसर मिलने चाहिए।

वित मंत्री सीतारमण ने 165वें आयकर दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नई कर व्यवस्था लागू होने के दो वर्षों के भीतर 72 फीसदी करदाता पुरानी कर व्यवस्था की जगह नयी कर व्यवस्था को अपना चुके हैं। इससे पता चलता है कि इसे एक बहुत ही सुविचारित प्रणाली के रूप में स्वीकार किया गया है, जिसमें दरें सरल हैं तथा छूट और अनुपालन का कोई मुद्दा नहीं है।

निर्मला सीतारमण ने अपने संबोधन में आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की बहुमुखी प्रतिभा की सराहना की। उन्हों ने अब तक का सबसे अधिक कर संग्रह हासिल करने, फेसलेस मूल्यांकन और अपील व्यवस्था की सफलता की सराहना भी की। उन्होंने आयकर विभाग को निष्पक्ष और मैत्रीपूर्ण होने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

वित्त मंत्री आगे कहा कि करदाताओं के अनुभव में सुधार हो। कर नोटिस संयमित, सरल और करदाताओं के लिए समझने में आसान होने चाहिए। उन्होंने अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए शक्ति के विवेकपूर्ण उपयोग को रेखांकित किया, न कि करदाताओं में भय पैदा करने को। उन्होंने स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करने के



लिए रिफंड के त्वरित निर्गमन और उचित प्रक्रिया का पालन करने पर भी जोर दिया। इसके साथ ही कर आधार को व्यापक बनाने के लिए कराधान को आसान, सरल और तर्कसंगत बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप परिवर्तन को भी रेखांकित किया। वित्त मंत्री ने कर प्रशासन में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के मामले में विशेष रूप से क्षमता निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कल्याण और विकास में उनके योगदान के लिए ईमानदार करदाताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। निर्मला सीतारमण ने इस तथ्य की सराहना करते हुए कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 58.57 लाख पहली बार आईटीआर दाखिल करने वाले लोग थे। यह दर्शाता है कि भारत एक अर्थव्यवस्था के रूप में अधिक औपचारिक हो रहा है और अधिक लोग स्वेच्छा से करों का भुगतान करने के लिए आगे आ रहे हैं। वित्त मंत्री ने विभाग के प्रति करदाताओं के बीच बढ़ते विश्वास की सराहना की।

**सीतारमण ने आयकर के 165वें वर्ष के उपलक्ष्य में माई स्टैम्प भी जारी किया**

इससे पहले सीतारमण ने आयकर के 165वें वर्ष के उपलक्ष्य में माई स्टैम्प भी जारी किया। डाक टिकट चाणक्य के अर्थशास्त्र से आधुनिक काल तक कराधान के विकास और देश के विकास में इसकी भूमिका को दर्शाता है। हाल के वर्षों में विभाग ने करदाताओं के लिए पारदर्शिता बढ़ाने और कर प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने करदाताओं की सराहना की और आयकर विभाग की पारदर्शिता एवं सुधारों की बात की। उन्होंने डिजिटल पहल जैसे ऑनलाइन फाइलिंग और ई-सत्यापन से प्रक्रिया को सरल और करदाताओं के अनुकूल बनाने की प्रशंसा की। चौधरी ने कर आधार बढ़ाने व कर दायित्वों को सही समय पर पूरा करने का आह्वान किया। वहीं, राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ??ने कहा कि आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए 15 दिन में करीब चार करोड़ आयकर रिटर्न का प्रसंस्करण किया गया है। उन्होंने कहा कि आकलन वर्ष 2024-25 के लिए 31 जुलाई, 2024 तक 7.28 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं।

## आयकर अधिनियम की समीक्षा छह माह में पूरी कर ली जाएगी : सीबीडीटी प्रमुख

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा कि आयकर अधिनियम, 1961 की समीक्षा का काम छह महीनों की निर्धारित समय-सीमा में पूरा कर लिया जाएगा। आयकर के 165वें वर्ष पर अपने स्वागत भाषण में सीबीडीटी चेयरमैन रवि अग्रवाल ने यह बात कही। इससे पहले उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में हाल के वर्षों में सीबीडीटी द्वारा की गई प्रगति का अवलोकन किया। अग्रवाल ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि विभाग प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित प्रक्रियाओं का उपयोग करना जारी रखेगा। उन्होंने विभाग के डिजिटल परिवर्तन और गैर-हस्तक्षेप कर प्रशासन पर प्रकाश डाला। अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 17.7 फीसदी की वृद्धि हासिल हुई है। सीबीडीटी प्रमुख ने नई कर व्यवस्था की सफलता, कर आधार को व्यापक बनाने, फेसलेस मूल्यांकन व्यवस्था की सफलता और करदाताओं के सरलीकरण और निश्चितता के लिए चल रहे आयकर अधिनियम की व्यापक समीक्षा पर भी जोर दिया। अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने विभाग के कामकाज में विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने इसकी विस्तृत रूप से व्याख्या की।

-पीः- व्यावसायिकता
-आरः- जिम्मेदारी
-यूः- कानून, व्यापार और अर्थव्यवस्था की समझ
-डीः- डेटा-आधारित निर्णय लेना
-ईः- सहानुभूति के साथ प्रवर्तन
-एनः- गैर-दखलंदाजी कर प्रशासन
-टीः- प्रौद्योगिकी-संचालित करदाता सेवाएं।




उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले महीने चालू वित्त वर्ष 2024-25 का संसद में पूर्ण बजट पेश करते हुए कहा था कि देश के प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने के लिए इसकी समीक्षा की जाएगी।

## भारत में ई-कॉमर्स के विकास के लिए संतुलित दृष्टिकोण की जरूरत : गोयल

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ई-कॉमर्स का विकास नागरिक केंद्रित हो। उन्होंने कहा कि देश में 100 मिलियन छोटे खुदरा विक्रेताओं के लिए कोई व्यवधान न हो, ये सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। वाणिज्य मंत्री गोयल ने राजधानी नई दिल्ली में पहले इंडिया फाउंडेशन की 'भारत में रोजगार और उपभोक्ता कल्याण पर ई-कॉमर्स का शुद्ध प्रभाव' पर एक रिपोर्ट को लॉन्च करते हुए यह बात कही। रिपोर्ट विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स के विकास से समाज के बड़े वर्ग के बीच लाभों के वितरण का लोकतंत्रीकरण होना चाहिए। उन्होंने व्यापार समुदाय और विशेषज्ञों से आग्रह किया कि वे देश की जरूरतों के संदर्भ में ई-कॉमर्स के प्रभाव का विस्तृत और वैज्ञानिक तरीके से सावधानीपूर्वक अध्ययन और मूल्यांकन करें। गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में ई-कॉमर्स के विकास के लिए संतुलित दृष्टिकोण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था की रक्षा करने और उन लोगों का समर्थन करने के महत्व को रेखांकित किया, जिन्हें अभी भी सकारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो छोटे खुदरा विक्रेताओं और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों दोनों के लिए ही निष्पक्ष और न्यायसंगत विकास सुनिश्चित करता है। वाणिज्य मंत्री ने स्थानीय व्यवसायों और रोजगार, विशेष रूप से फार्मेसियों और मोबाइल फोन मरम्मत की दुकानों जैसे क्षेत्रों पर ई-कॉमर्स के प्रभाव के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की।

# दिन भर के उतार चढ़ाव के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार, गिरावट के बाद संभले सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद आज घरेलू शेयर बाजार निचले स्तर से रिकवरी करने के बाद बढ़त के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी?। पूरे दिन तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही। हालांकि दोपहर 1 बजे के बाद खरीदार हावी होते नजर आए, जिसकी वजह से शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.13 प्रतिशत और निफ्टी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, एफएमसीजी और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके अलावा हेल्थ केयर, टेलीकॉम और मीडिया इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर पावर, रियल्टी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में आज गिरावट का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार



खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.87 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब ढाई करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 459.27 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 456.86 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.41 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,038 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,611 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,340 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 87 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,388 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,556 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 832 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 135.61 अंक की कमजोरी के साथ 80,667.25 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 176.48 टूट कर 80,626.38 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि दोपहर 1 बजे के बाद खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिसकी वजह से ये सूचकांक निचले स्तर से 325 अंक से भी अधिक उछल कर 149.97 अंक की बढ़त के साथ 80,952.83 अंक के स्तर पर पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 102.44 अंक की तेजी के साथ 80,905.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 18.30 अंक की गिरावट के साथ 24,680.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल लगातार ऊपर नीचे होती रही।

## वित्त मंत्री से मिले भारती इंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भारती इंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल और भारती इंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष राजन भारती मित्तल ने यहां मुलाकात की। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि भारती इंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल और उपाध्यक्ष राजन भारती मित्तल ने नार्थ ब्लॉक स्थित (वित्त मंत्रालय) में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात के दौरान हुई बातचीत



का ब्यौरा नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि सुनील भारती मित्तल भारती इंटरप्राइजेज के संस्थापक अध्यक्ष हैं, जो भारत के अग्रणी दूरसंचार, बीमा, रियल एस्टेट, कृषि और खाद्य के अलावा अन्य उपक्रमों में विविध कंपनियों का समूह हैं। समूह की प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल दुनिया की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों में से एक है, जो भारत, दक्षिण एशिया और अफ्रीका में करीब 456 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों को मोबाइल, फिक्स्ड ब्रॉडबैंड और डिजिटल टीवी समाधान सेवा प्रदान करती है।

## खंडेलवाल ने वाणिज्य मंत्री के अमेजन को लेकर उठाए गए सवाल की तारीफ की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन पर उठाए गए सवाल की तारीफ की है।

कैट महामंत्री खंडेलवाल ने पीयूष गोयल के द्वारा अमेजन निवेश को घाटे की पूर्ति के लिए धन के रूप में वर्णित किए जाने वाले बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बयान स्वयं में विदेशी कंपनियों के भारत में कार्य करने के तरीके को दर्शाता है, जो भारत को एक बनाना रिपब्लिक की तरह मानती हैं।

सांसद खंडेलवाल ने पीयूष गोयल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विदेशी कंपनियों द्वारा भारतीय बाजार पर कब्जा करने के लिए अस्वस्थ और असमान प्रतिस्पर्धा पैदा करने की विधि को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि भारत में विदेशी निवेश की जांच की जानी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे स्थानीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक योगदान दें और केवल उन संचालन को बनाए रखने के लिए सेवा न करें जो अभी तक लाभदायक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण इस बात को रेखांकित करता है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को टिकाऊ व्यावसायिक प्रथाओं के साथ संतुलित किया जाना चाहिए जो घरेलू बाजार के लिए लाभकारी हों।

कैट महामंत्री खंडेलवाल ने कहा कि वाणिज्य मंत्री का यह बयान ई-कॉमर्स निवेशों की जटिलताओं को सरल कर देता है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि वैश्विक कंपनियां, जैसे कि अमेजन, अक्सर मजबूत बाजार उपस्थिति स्थापित



करने के लिए भारी निवेश करती हैं, जो कि अपवित्र मूल्य निर्धारण, घाटे की पूर्ति, और इन्वेंटरी रखने में शामिल हैं, ये सरकार की एफडीआई नीति का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यह बयान भारत की अर्थव्यवस्था में एफडीआई की भूमिका के बारे में चल रही बहस को उजागर करता है। ऐसे नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है जो वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करें और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करें।

उल्लेखनीय है कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में पहले इंडिया फाउंडेशन की ओर से 'भारत में रोजगार और उपभोक्ता कल्याण पर ई-कॉमर्स का शुद्ध प्रभाव' पर एक रिपोर्ट लॉन्च करने के बाद अमेजन के भारत में 6 हजार करोड़ रुपये के घाटे पर सवाल उठाया। उन्होंने संकेत दिया कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बाजार बिगाड़ने वाली मूल्य निर्धारण नीतियां अपनाती हैं और इससे छोटे खुदरा विक्रेताओं पर प्रभाव पड़ता है। गोयल ने कहा कि कानूनी रूप से अनुमति नहीं होने के बावजूद अमेजन उपभोक्ता ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के रूप में काम रहा है।

## रियलमी ने लांच किया 13 सीरीज़ 5जी स्पीड ट्रायो

**लखनऊ।** तेज गति वाली दुनिया में स्मार्टफोन एक उपकरण से आगे बढ़कर हमारे जीवन का महत्वपूर्ण डिजिटल सहयोगी बन गया है। अब हम दुनिया के किसी भी कोने में सूचनाओं तक तुरंत पहुंच, सीमलेस स्ट्रीमिंग और बिना किसी रुकावट के वीडियो कॉल कर सकते हैं। उपयोगकर्ता की अपेक्षाओं में इस बदलाव ने स्मार्टफोन तकनीक में क्रांति ला दी है, जिसमें स्पीड और परफॉर्मेंस पर फोकस है। वर्तमान में स्मार्टफोन और अन्य डिवाइस से यह उम्मीद की जाती है कि वे भारी ऐप्स, ग्राफ़िक्स-इंटेंसिव गेम और जटिल मल्टीटास्किंग को आसानी से हैंडल कर सके। स्पीड की इस निरंतर खोज ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रोसेसर पहले से कहीं अधिक पावरफुल हो गए हैं। सॉफ्टवेयर पहले से कहीं ज्यादा ऑप्टिमाइज हो गए हैं और नेटवर्क कनेक्टिविटी पहले से कहीं ज्यादा तेज हो गई है। अगली पीढ़ी के स्मार्टफोन के लिए सिर्फ तेज प्रोसेसर ही काफी नहीं है, बल्कि एक समग्र दृष्टिकोण की जरूरत है जो स्मार्टफोन के हर पहलू को विकसित करे।

## फ्लेवर्ड दही, छाछ से लेकर टोमैटो कैचअप तक, धीरे-धीरे आपके शरीर में घोल देता है मीठा जहर, इसके पैकेट में छिपी होती है खतरनाक चीजें



फ्लेवर्ड दही, छाछ या टोमैटो कैचअप की आदत आपको धीरे-धीरे बीमार बना सकती है. क्योंकि इन चीजों में शुगर के साथ-साथ सैचुरेटेड फैट छिपी होती है जो सेहत के लिए मीठा जहर समान है.

फ्लेवर्ड दही, छाछ, टोमैटो केचअप, कई तरह के स्नैक्स अक्सर हर घरों की ग्रोसरी लिस्ट में शामिल होते हैं. लेकिन इन चीजों की ज्यादा आदत आपके शरीर में धीरे-धीरे मीठा जहर घोल सकता है. एक नई स्टडी में यह बात सामने आई है कि खाने-पीने की इन फ्लेवर्ड चीजों में शुगर और सेचुरेटेड फैट का लोड अत्यधिक रहता है. अमेरिकी सरकार के डायट्री गाइडलाइन के मुताबिक शुगर और सैचुरेटेड फैट की मात्रा एक दिन में 10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए. हालांकि इस गाइडलाइन का पालन अधिकांश लोग नहीं करते, इस कारण धीरे-धीरे लोग बीमार होते जा रहे हैं.

पेकेट के लेबल को सही से पढ़ना जरूरी

टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक फ्लेवर्ड छाछ हो या टोमैटो कैचअप इन चीजों में कई चीजें छिपी होती है जिनकी जानकारी पैकेट में अलग तरह से दी जाती है जिसके बारे में बहुत ही कम लोगों को पता रहता है. इन छिपी हुई हानिकारक चीजों में एडेड शुगर, सैचुरेटेड फैट मिले होते हैं जो दिल की बीमारी, डायबिटीज और यहां तक कि कैंसर जैसी घातक बीमारियों के जिम्मेदार हो सकते हैं. ये बीमारियां शरीर में धीरे-धीरे पनपती है और इनका पता भी आसानी से नहीं लगता. रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादा शुगर और सेचुरेटेड फैट के कारण फैटी लिवर डिजीज, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज और स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है.

इन चीजों में मिले होते ये हानिकारक चीज

नाश्ते में मिलने वाले पैकेज्ड स्नैक्स आदि में बहुत अधिक मात्रा में शुगर रहती है. हालांकि इसके पैकेट पर इसके हेल्दी और पोषक तत्वों से भरपूर चीजों के बारे में बखान किया जाता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ये सब हेल्दी डाइट है. इसमें बहुत अधिक चीनी होती है जिसके बारे में अलग तरीके से लिखा रहता है. इसलिए फूड के लेबल को सही से पढ़ना बहुत जरूरी है. रेगुलर इन चीजों का ज्यादा सेवन करेंगे तो इससे धीरे-धीरे शरीर बीमारियों का घर बन जाएगा. इसी तरह मीठा पेय पदार्थ यानी सोडा, कोल्ड ड्रिंक, जूस, स्मूदी, एनर्जी ड्रिंक आदि में बहुत अधिक मात्रा में शुगर मिलाई जाती है. इसके लेबल में भले इसके बारे में सेफ मात्रा लिखी हो लेकिन ये सब सेहत के लिए सेफ नहीं होते.

टोमैटो कैचअप में ज्यादा चीनी

हमलोग ब्रेड या समोसे के साथ अक्सर टोमैटो कैचअप बड़े चाव से खाते हैं. ऐसा लगता है कि इसमें ज्यादा शुगर नहीं होती. यदि आप भी ऐसा सोचते हैं तो आप गलत हैं क्योंकि इसमें बहुत अधिक मात्रा में शुगर होती है. कैचअप, मायोनेज, पास्ता सॉस आदि ऐसी ही पैकेटबंद चीजें हैं जिनमें बहुत अधिक मात्रा में शुगर होती है. खासकर उन टोमैटो कैचअप में ज्यादा शुगर होती है जो फ्लेवर्ड होता है. इसी तरह फ्लेवर्ड छाछ हो या दही है, सबमें शुगर की मात्रा ज्यादा होती है. कुछ दही में तो इतनी चीनी होती है जितनी किसी कैंडी या चॉकलेट में होती है.

इस तरह छिपा होता है सेचुरेटेड फैट

जितने भी बादाम और सीड्स हैं उनमें पोषक तत्वों का खजाना होता है. अगर आप सीधा खाएं तो इसका बहुत फायदा है लेकिन जब यह पैकेट में बंद कर बेचा जाता है

# इंडिया ब्लॉक पार्टियों को एक स्थिर सरकार देने के लिए हाथ मिलाना चाहिए



आगामी विधानसभा चुनावों के लिए परिदृश्य स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस और एनसी एक साथ जा सकते हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी के साथ गठबंधन करना मुश्किल होगा क्योंकि संसदीय चुनाव में दोनों एक दूसरे के खिलाफ खड़े हुए थे। अगर क्षेत्रीय दलों को सुधार करना है तो उन्हें एकजुट होना होगा और इंडिया ब्लॉक को सहयोग करना होगा।

जम्मू और कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे, जिसमें 90 विधायकों का चुनाव होगा। अगस्त 2019 में भारत के संविधान की धारा 370 के निरस्त होने और राज्य के विभाजन के बाद यह पहला चुनाव होगा।नये चुनाव कराने में देरी कई सालों से विवाद का विषय रही है। हालांकि, समय-सीमा तय करने में हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश महत्वपूर्ण था। अब जब चुनावों की घोषणा हो गई है, तो सभी राजनीतिक दलों ने इसका स्वागत किया है।

कश्मीर लंबे समय से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है। दोनों देश कश्मीर पर दावा करते हैं, हालांकि वे इसके केवल एक हिस्से पर शासन करते हैं। पाकिस्तान ने इस मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण भी कर दिया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र में भी लाया गया है।2019 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राज्य को विभाजित करने के फैसले के बाद मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आईं। इस फैसले के कारण कश्मीर ने अपना झंडा, आपराधिक संहिता और संवैधानिक सुरक्षा खो दी। कश्मीरियों के लिए सरकारी नौकरी के अवसर कम हो गये और अब वे गैर-निवासियों के लिए खुले हैं। चुनौतियों के बावजूद, राज्य ने सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के बदलाव देखे हैं। प्रधानमंत्री की पहल ने विकास को बढ़ावा दिया है और जम्मू-कश्मीर में निवेश करने में खाड़ी देशों की बढ़ती दिलचस्पी एक आशाजनक भविष्य का संकेत देती है, जिससे निवासियों में उम्मीद जगी है।गृह मंत्रालय ने बताया कि 2019 में सुरक्षा बलों की हताहतों की संख्या 80 से घटकर 2023 में 33 हो गई है और 2019 में 44 से घटकर 2023 में 12 नागरिकों मौतें हुई हैं।पिछले राज्य चुनाव 2014 में हुए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में उच्च मतदान ने विधानसभा चुनावों को कराने के उत्साह को जन्म दिया है। कश्मीर में हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में ऐतिहासिक 58.46प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2019 के आम चुनाव से 30 अंकों की वृद्धि है।

सरकार ने 2019 में भारत के संविधान की धारा 370 को हटाने और विभाजन के बाद 2022 में परिसीमन अभ्यास पूरा किया। 2022 के परिसीमन के बाद जम्मू और कश्मीर में विधानसभा सीटें 87 से बढ़कर 114 हो गई, जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की 24 सीटें शामिल हैं। सीटों में यह वृद्धि संभावित रूप से सत्ता के संतुलन को बदल सकती है और आगामी चुनावों में राजनीतिक दलों की रणनीतियों को प्रभावित कर सकती है।भाजपा ने दावा किया कि धारा 370 को खत्म करने और कश्मीर में उसके बाद लागू की गई नीतियों ने क्षेत्र को बेहतर तरीके से विकसित किया है।जम्मू और कश्मीर में हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण जीत थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में, एनसी और पीडीपी ने फिर से उभार देखा। चुनाव ने उन्हें अपनी सदस्यता को पुनर्जीवित करने और लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का सामने लाने का मौका दिया। हालांकि कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली, लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन में से दो सीटें जीतीं, तथा तीसरी सीट के लिए कड़ी चुनौती पेश हुई।

इस क्षेत्र में आतंकवाद के इतिहास और चुनावों में धांधली के आरोपों के बावजूद, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनावों की व्यापक रूप से सराहना की गई। आगामी चुनाव धारा 370 के तहत क्षेत्र के विशेष दर्जे को रद्द करने के बाद जम्मू और कश्मीर को भारतीय संघ में पूरी तरह से एकीकृत करने के केंद्र सरकार के प्रयासों का परीक्षण करेगा। यह चुनाव आयोग के लिए भी बिना किसी हिंसक घटना के चुनाव कराने की परीक्षा है।राजनीतिक दलों ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें प्रचार रणनीति, गठबंधन और उम्मीदवार चयन शामिल हैं। कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने चुनावों की योजना बनाने के लिए बैठकें की।यदि विधानसभा चुनाव निर्धारित समय पर होते हैं, तो घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। इसके अलावा, लोकसभा चुनावों के दौरान जिस ध्रुवीकरण और अलगाववादी कथानक ने जोर पकड़ा था, वह विधानसभा चुनावों के दौरान और तेज हो जायेगा।

2014 के जम्मू-कश्मीर चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। 49 दिनों तक राष्ट्रपति शासन लागू रहा, जब तक कि पीडीपी की महबूबा मुफ्ती को भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री नहीं बना दिया गया। बाद में भाजपा ने सत्तारूढ़ गठबंधन से अपना समर्थन वापस ले लिया, जिसके कारण फिर से राष्ट्रपति शासन लागू हो गया। नवंबर 2018 में विधानसभा भंग कर दी गई और दिसंबर 2018 में राष्ट्रपति शासन फिर लागू कर दिया गया। तब से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है।सरकार को यह तय करना होगा कि नरम अलगाववाद से निपटने के लिए कश्मीर घाटी में हस्तक्षेप करना है या चुनाव से पहले पुनर्गठन योजना पर विचार करना है।संसदीय चुनावों के दौरान, कांग्रेस और एनसी ने गठबंधन किया था। एनसी ने कश्मीर में तीन सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि कांग्रेस ने जम्मू और उधमपुर में चुनाव लड़ा। इंडिया गठबंधन का हिस्सा पीडीपी को समायोजित नहीं किया गया और उसने नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ कश्मीर में तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारे।

आगामी विधानसभा चुनावों के लिए परिदृश्य स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस और एनसी एक साथ जा सकते हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी के साथ गठबंधन करना मुश्किल होगा क्योंकि संसदीय चुनाव में दोनों एक दूसरे के खिलाफ खड़े हुए थे।अगर क्षेत्रीय दलों को सुधार करना है तो उन्हें एकजुट होना होगा और इंडिया ब्लॉक को सहयोग करना होगा। कश्मीर चुनाव महत्वपूर्ण हैं और पूरा देश एक दशक के बाद एक लोकप्रिय सरकार का उदय देखेगा।

संपादकीय

## राहुल के दबाव में मोदी सरकार

लैटरल एंट्री यानी केंद्र सरकार में वरिष्ठ पदों पर अधिकारियों की सीधी नियुक्ति के फैसले पर विवाद उठने के बाद अब केंद्र की एनडीए सरकार ने इस फैसले को वापस लेने का ऐलान किया है। हाल ही में 17 अगस्त को अखबारों में संघ लोकसेवा आयोग ने केंद्र सरकार के भीतर विभिन्न वरिष्ठ पदों पर लैटरल एंट्री के जरिए %प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों% की तलाश के लिए एक विज्ञापन जारी किया था। इन पदों में 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव शामिल हैं, जिनमें कुल 45 पद रिक्त हैं।विज्ञापन इन्हीं 45 पदों के लिए था। इससे पहले 2018 में भी तत्कालीन मोदी सरकार ने 57 पदों पर इसी तरह नियुक्तियां की थीं। लेकिन तब भाजपा बहुमत में थी और मनमाने फैसले लेकर उन्हें लागू भी कर देती थी। लेकिन इस बार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद नरेन्द्र मोदी को एनडीए के सहयोगियों के कारण हासिल हुआ है, इस वजह से वे मनमाने फैसले नहीं ले पा रहे हैं। नतीजा ये है कि सत्ता के ढाई महीनों में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने तीन फैसलों से पीछे हटना पड़ा है। पहले वक्फ बोर्ड संशोधन का विधेयक संसदीय समिति को भेजा गया, फिर ब्रॉडकास्ट विधेयक को टालना पड़ा और अब लैटरल एंट्री के फैसले को भी रद्द किया गया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रमुख को पत्र लिखकर सिविल सेवा निकाय से लैटरल एंट्री के लिए अपना विज्ञापन रद्द करने को कहा है।जितेंद्र सिंह के पत्र में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों का हवाला देते हुए, संविधान में निहित समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप लैटरल एंट्री की जरूरत का आह्वान किया गया, और विशेष रूप से आरक्षण के प्रावधान का जिक्र किया गया है। यानी अब सरकार अगर लैटरल एंट्री लाती है तो उसमें आरक्षण का पालन किया जाएगा। इस पत्र में जितेंद्र सिंह ने जिस तरह से प्रधानमंत्री के हवाले से संविधान की भावना और आरक्षण की व्यवस्था का जिक्र किया है, वह साफ तौर पर दिखा रहा है कि केंद्र सरकार पर राहुल गांधी का दबाव असर कर रहा है। दरअसल 17 तारीख के विज्ञापन के फौरन बाद ही राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि यूपीएससी को दरकिनार करने और अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों को आरक्षण से वंचित करने के लिए लैटरल एंट्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। राहुल गांधी ने एक ट्वीट में यह भी कहा था कि भाजपा का राम राज्य का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करना और बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहता है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इसे आरक्षण को खत्म करने वाला फैसला बताया था। अखिलेश यादव ने तो बाकायदा चेतावनी दे दी थी कि अगर इस फैसले को सरकार ने वापस नहीं लिया तो वे 2 अक्टूबर से आंदोलन करेंगे। लालू प्रसाद यादव ने इस फैसले पर कड़ा विरोध दर्ज किया था। यहां तक कि भाजपा का परोक्ष साथ देने वाली बसपा प्रमुख मायावती ने भी इस फैसले पर बाकायदा ट्वीट कर अपना विरोध प्रकट किया था। शनिवार से लेकर सोमवार तक केंद्र सरकार के इस फैसले पर जब विपक्षी असहमति दर्ज करते हुए इसे संविधान पर प्रहार और पिछले दरवाजे से आरक्षण को खत्म करने की चाल बता रहे थे, तब केंद्र सरकार में एक अन्य केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका जवाब दिया था कि लैटरल एंट्री की व्यवस्था मनमोहन सिंह सरकार के वक्त की है। 2005 में, यूपीए ने वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग (एआरसी) की स्थापना की थी। अश्विनी वैष्णव ने यहां सीधी जिम्मेदारी पूर्व की कांग्रेस सरकार पर डाल दी और इसके अलावा भाजपा का भी यह आरोप था कि डा.मनमोहन सिंह, रघुराम राजन, सैम पित्रोदा और मोंटेक सिंह अहलूवालिया जैसे लोगों को कांग्रेस ने लैटरल एंट्री के जरिए ही रखा था। लेकिन अश्विनी वैष्णव और भाजपा ने यह नहीं बताया कि कांग्रेस के शासन में केंद्र सरकार में इस तरह थोक में नियुक्तियां नहीं की गई, केवल चुनिंदा क्षेत्रों में विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के लिए इसका प्रावधान किया गया।जाहिर है मोदी सरकार कांग्रेस पर उंगली उठाकर भी अपना बचाव नहीं कर सकी और इधर एनडीए के सहयोगी दल जदयू के नेता के सी त्यागी ने सरकार के फैसले के विरोध में कहा कि जब लोग सदियों से सामाजिक रूप से वंचित रहे हैं, तो आप योग्यता की तलाश क्यों कर रहे हैं? श्री त्यागी ने कहा कि ऐसा करके सरकार विपक्ष को एक मुद्दा तश्तरी में परोस रही है। एनडीए का विरोध करने वाले लोग इस विज्ञापन का दुरुपयोग करेंगे। राहुल गांधी सामाजिक रूप से वंचितों के चैंपियन बनेंगे। हमें विपक्ष के हाथों में हथियार नहीं देना चाहिए।

# जातियों में बांटकर सनातन धर्म को कमजोर करने की साज़िश!

देश में पिछले कुछ वर्षों से कुछ लोगों के द्वारा अपने क्षणिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए विश्व के सबसे प्राचीन धर्म व महान धर्म %सनातन धर्म% को जातियों में विभाजित करके उसको कमजोर करने का ज़हरीला एजेंडा निरंतर चलाया जा रहा है। यह चंद लोग दिन-रात इस बात के लिए व्यस्त हैं कि किस तरह से सनातन धर्म के अनुयायियों को जल्द से जल्द जातियों में बांटकर अपना स्वार्थ जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। इसलिए इन चतुर लोगों का गैंग हिन्दुस्तान की आत्मा हिन्दुओं को बिना सिर-पैर के मुद्दों पर आपस में लड़ाकर के जातियों के नाम पर बांटकर के हिन्दुओं की ताकत को कमजोर करने की साज़िश रचने में लगा हुआ है। ऐसा करके यह चंद लोग एक तरफ तो सनातन धर्म के अनुयायियों की एकता को बेहद चालाकी से चोट पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ यह लोग देश के विकास में बाधक बन करके भारत को विश्वगुरु बनने से रोकने का षड्यंत्र भी रच रहे हैं। यह चंद लोग बड़ी ही चतुराई के साथ %फूट डालो राज करो% के अंग्रेजों की बनाई नीति पर सनातन धर्म के अनुयायियों के बीच जाकर के दिन-रात काम कर रहे हैं। धरातल के हालात देखकर लगता है कि सरकार भी इन चंद लोगों के जातिवाद के ज़हरीले एजेंडे को समझ करके उस पर अंकुश लगाने में अब तक तो पूरी तरह से विफल रही है, वह इन लोगों की अभी तक तो कोई ठोस काट ढूंढ नहीं पाई हैं।

देश में बहुत सारे लोगों का मानना है कि जिस भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2014 व 2019 के चुनावों में मोदी मैजिक के दम पर देश में जातियों की बेड़ियों को तोड़कर के हिन्दुओं को एक करके दो बार केन्द्र में स्पष्ट बहुमत हासिल कर के सरकार बनायी थी, उस मोदी सरकार के निर्माण में हिन्दुओं को एकजुट करने वाले फार्मूले का बहुत बड़ा योगदान था। वहीं तीसरी बार वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में जाने से पहले ही विपक्ष के बहुत सारे नेताओं के साथ-साथ खुद सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं ने अपने क्षणिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए हिन्दुओं की एकजुटता की बात ना करके उन्हें जातियों में बांटकर बात करनी शुरू कर दी थी, जिसके चलते इस बार के लोकसभा चुनावों में मतदान के समय हिन्दू मतदाता एकबार फिर से जातियों में पूरी तरह से बंट गया था, जिसके परिणामस्वरूप भाजपा केन्द्र में स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने से चूक गयी। लेकिन चुनाव बीत जाने के बाद अब भी देश में जातिवाद की राजनीति विपक्ष व सत्ता पक्ष के कुछ लोगों के द्वारा निरंतर जारी है, जोकि हिन्दुओं को जातियों में तोड़कर के देश व हिन्दुओं को कमजोर करने का कार्य कर रही है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में जातिवाद की राजनीति के दम पर विपक्षी दलों को मिली भारी सफलता के चलते ही आज पूरे देश में एकबार फिर से हिन्दुओं को जातियों में बांटने के लिए जातियों के नाम पर तरह तरह से बरगलाने वाले लोगों व नेताओं की एक पूरी फौज धरातल पर जोशो-खरोश के साथ दिन-रात कार्य कर रही है, देश व सनातन धर्म के हित में इस स्थिति को जल्द से जल्द रोकना होगा।हालांकि लोगों का मानना है कि जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में भारत वैश्विक स्तर पर एक बेहद मजबूत ताकत बन कर के उभरा है, जिस तरह से उसने दुनिया के हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाने का कार्य बखूबी किया है। उस स्थिति के चलते भारत के नये दोस्त व नये दुश्मन भी बने हैं, जिसमें दुश्मन देश चाहते हैं कि भारत में कोई ऐसा विवाद खड़ा किया जाये, जो भारत के विकास की गति को रोकने का कार्य कर सकें और आज देश में जातिवाद का ज़हर एक ऐसा ही जहरीला ज्वलंत मुद्दा बन गया है, जिसने भारत के मौजूदा नेतृत्व को परेशान कर रखा है और दुनिया के साथ-साथ देश के हर वर्ग का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर रखा है। वैसे भी धरातल का हाल देखा जाए तो हमारे प्यारे देश में कुछ लोग सनातन धर्म के अनुयायियों को जातियों में बांटकर के सनातन धर्म के अनुयायियों में फूट डालने का कार्य दशकों से करते आ रहे हैं। इन लोगों का गैंग देश में लंबे समय से ही बहुत सारे नासमझ लोगों के सहयोग से जातिवाद के विभिन्न मुद्दों से जुड़ी बात का बहुत ही तेजी के साथ बतंगड़ बनाने का कार्य करता आया है। जिसके चलते ही समय-समय पर हमारे देश के बहुत सारे माननीय अपनी %कांठ की हांडी% को बार-बार चढ़ाने में सफल होते रहते हैं। संविधान ख़तरे में है, आरक्षण समाप्त हो जायेगा, उत्तर प्रदेश में शिक्षक भर्ती विवाद, केन्द्र सरकार की लेटरल एंट्री भर्ती पर विवाद खड़ा करना आदि इसका हाल के दिनों के चंद उदाहरण हैं, जिन मुद्दों पर देश में संसद से लेकर सड़क तक खूब आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति जमकर हो रही है।

इक्कीसवीं सदी के हमारे प्यारे आधुनिक भारत में पक्ष-विपक्ष के चंद राजनेताओं ने अपने स्वार्थों की खातिर पहले तो देश के आम जनमानस के बीच धर्म के आधार पर एक बहुत गहरी खाई खोद कर के लोगों को बांटने का कार्य किया था। जब उससे काम नहीं चला तो फिर इन लोगों ने देश के आम जनमानस को क्षेत्रवाद, भाषावाद व जातिवाद आदि के नाम पर बांटने का कार्य भी बेहद बखूबी के साथ किया है। लेकिन फिर भी सनातन धर्म के अनुयायियों के एक बड़े वर्ग ने वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनता हुआ देखने के लिए एकजुट होकर के जाति का भेद मिटाकर के मोदी को एकजुट होकर वोट देने का



कार्य किया था। इन चंद लोगों ने मोदी की उस मेहनत को खत्म करने का कार्य अब 2024 में कर दिया है, क्योंकि वर्ष 2014 व 2019 के हालात को देखकर के लगता था कि देश से जल्द ही जातिवाद की राजनीति की अब पूरी तरह से विदाई हो जायेगी, लेकिन वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले ही इन जातिवाद की राजनीति करने वाले क्षणिक स्वार्थी लोगों ने धरातल पर ऐसा जातिवाद का ताना-बाना बुनकर जहरीला माहौल बनाना शुरू कर दिया था, जिसने हिन्दुओं को पूरी तरह से जातियों में बांटकर के बिखेरने का कार्य कर दिया। जबकि उस वक्त अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के नाम एकजुट हुए सनातन धर्म के सभी अनुयायियों की ताकत के दम पर लोकसभा के चुनावों में एकबार फिर से भाजपा को स्पष्ट प्रचंड बहुमत मिलता हुआ नज़र आ रहा था?। क्योंकि देश में उस वक्त सनातन धर्म के अधिकांश अनुयायी जातियों के बंधन को भूलकर के सिर्फ हिन्दू बनकर के एकजुट होकर के भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने के लिए बेहद आतुर थे। लेकिन फिर भी ना जाने क्यों और कैसे भाजपा के शीर्ष रणनीतिकारों ने चुनाव से पहले अपने पूर्व के चुनावों की भांति हिन्दुओं की एकजुटता व हितों की रक्षा की बात ना करके विपक्षियों की राह पर चलते हुए हिन्दू वोटरों को अलग-अलग जातियों में बांटने का राग निरंतर अलापना जारी रखा था, जिसका परिणाम यह हुआ कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में हिन्दू वोटरों का एक बड़ा वर्ग जातियों में अलग-अलग होकर के पूरी तरह से जातियों में बंट गया था, जिसके चलते ही केन्द्र में भाजपा को उम्मीद के अनुरूप लोकसभा की सीटें प्राप्त नहीं हुई। देश में अचानक से बदले इस माहौल के फलस्वरूप भाजपा को केंद्र की सत्ता बचाने के लिए अब एक ऐसे गठबंधन के भरोसे रहना पड़ रहा है, जिसमें जातिवाद से ओत-प्रोत राजनेता भी शामिल हैं, जो मोदी सरकार में एक सहयोगी होने के बावजूद भी जातिगत मुद्दों पर आये दिन मोदी सरकार की टांग खिंचाई करने से बाज़ नहीं आते हैं।

हालांकि लोकसभा चुनावों के बाद हिन्दू धर्म के अधिकांश लोगों को लगता था कि जातिवाद की यह गहरी खाई चुनावों के बाद अब जल्द ही पूरी तरह से भर जायेगी। लेकिन अफसोस आज भी देश में जातिवाद का बहुत ही चिंताजनक अजीबोगरीब माहौल बना हुआ है। धरातल के हालात देखकर लगता है कि चंद नेताओं की कृपा से जातिवाद का ज़हर अब तो हिन्दुओं में बड़े पैमाने पर फैल गया है। जातिवाद के इस ज्वलंत मुद्दे पर अब तो हमारे बहुत सारे पक्ष-विपक्ष के सम्मानित माननीय राजनेतागण आग में घी डालकर के अपनी क्षणिक राजनीतिक रोटियां सेंकने का कार्य कर रहे हैं। जिस सनातन धर्म के अनुयायियों ने नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री चुनने के लिए देश में दो बार जातिवाद के बैरियर को तोड़कर के उन्हें चुनने का कार्य किया था, आज उस भाजपा की भी यह मजबूरी हो गयी है कि वह भी जातिवाद का राग अलापने वाले लोगों के सहयोग से केन्द्र की सरकार चलाने में व्यस्त हैं। वहीं हाल ही के दिनों में न्यायालय के दो अहम निर्णय आये हैं, जिसमें आरक्षण में वर्गीकरण व उत्तर प्रदेश में आरक्षण में अनियमितता के चलते शिक्षक भर्ती की मेरिट लिस्ट दोबारा तैयार करने की बात कही गयी है, लेकिन जातिवाद की राजनीति करने वाले हमारे देश के बहुत सारे राजनेताओं के लिए यह आदेश एक %संजीवनी बूटी% की तरह बन गये हैं, वह इन आदेशों को आम जनता के बीच तोड़-मरोड़कर के प्रस्तुत करते हुए उनका उपयोग देश में हिन्दुओं को जातियों में बांटने के लिए %आग में घी डालने% के रूप में करते हुए हिन्दुओं को जातियों में विभाजित करके कमजोर बनाने के लिए कर रहे हैं। खैर जो भी हो लेकिन अब वह समय आ गया है कि जब देशहित व सनातन धर्म के हित में हिन्दुओं को समझना होगा कि उन्हें किसी दुसरे धर्म से अधिक जातिवाद के इस घातक ज़हर से बहुत ज्यादा ख़तरा है, वहीं अब वह समय आ गया जब देश में हिन्दू धर्म के सभी पूजनीय धर्म गुरुओं को जातिवाद की गहरी होती जड़ों को खत्म करने के लिए धरातल पर ठोस पहल अपने मार्गदर्शन में करनी होगी। क्योंकि अब देश के किसी भी राजनीतिक दल के छोटे या बड़े राजनेता से जातिवाद के ज़हर को खत्म करने की उम्मीद करना पूरी तरह से बेमानी है और सनातन धर्म व उसके अनुयायियों की रक्षा व एकजुटता को बरकरार रखने की उम्मीद करना बेमानी है।



शिक्षकों को यह बात दिमाग में रखकर काम करना चाहिए कि बच्चों के पास कौन से संसाधन उपलब्ध होंगे। उसके हिसाब से ही बच्चों को काम दें। साथ ही शिक्षकों की प्राथमिकता ऐसी रचनात्मक गतिविधियां कराना होना चाहिए कि बच्चों का स्क्रीन टाइम घट सके।

# ऐसे बने घर में अपने बच्चों के टीचर

ग्लोबल टीचर प्राइज जीतने वाली ब्रिटेन की शिक्षिका एंड्रिया जाफिरकाऊ कहती हैं कि आभासी तरीके से बच्चों को पढ़ाना कठिन है क्योंकि कक्षा का माहौल बच्चों को एकाग्र बनाता है। वह कहती हैं कि इस वक्त शिक्षकों को यह बात दिमाग में रखकर काम करना चाहिए कि बच्चों के पास कौन से संसाधन उपलब्ध होंगे। उसके हिसाब से ही बच्चों को काम दें। साथ ही शिक्षकों की प्राथमिकता ऐसी रचनात्मक गतिविधियां कराना होना चाहिए कि बच्चों का स्क्रीन टाइम घट सके। वे घर में रंग, कागज, कलम और रोचक खेल खेलते हुए समय बिताएं।

कोरोना वायरस की इस लड़ाई ने मासूम बच्चों को उनके स्कूल, टीचर और दोस्तों से दूर कर दिया है। पर बच्चों के लिए सबसे जरूरी उनकी पढ़ाई है इसलिए कोविड-19 से लड़ रहे देशों में ई-लर्निंग को वैकल्पिक माध्यम बनाया जा रहा है। इस तकनीक के बाबजूद अभिभावकों के लिए यह समय चुनौतीभरा है क्योंकि बच्चों को पढ़ाने का दारोमदार पूरी तरह उन पर आ गया है। आइए आज जानते हैं कि अभिभावक घर में रहकर अपने बच्चों को ई माध्यमों से पढ़ाई के लिए किस तरह प्रोत्साहित कर सकते हैं और शिक्षक की भूमिका निभा सकते हैं।

**अरब दुनिया के बच्चे स्कूल से हैं दूर-** विश्व आर्थिक मंच ने संस्कृति व शिक्षा से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ कोरोना वायरस के दौर की चुनौतियों पर चर्चा की। इस दौरान वहां मौजूद शिक्षकों ने माना कि अपने बच्चे को पढ़ाना दुनिया में सबसे ज्यादा कठिन काम है क्योंकि वह अभिभावक की जगह शिक्षक से पढ़ने का आदी होता है। ऐसे में अभिभावकों की चुनौतियां बहुत अधिक हैं, इन विशेषज्ञों ने अभिभावकों के लिए ये सुझाव दिए हैं .

**सवाल पूछने दें -** रचनात्मकता सवालों से पैदा होती है, बच्चों के हर सवाल को धैर्य से सुने और उसका हल खोजने में उनकी मदद करें।

**लक्ष्य तय करें -** हर दिन के लिए एक लक्ष्य या चुनौती तय करें, जिससे बच्चों के साथ मिलकर पूरा करने में लग जाएं। उन्हें पूरा समय दें।

**री-डू सिखाएं -** घर में पड़े इस्तेमाल न होने वाले सामान को निकालकर बच्चों संग उससे कुछ रचनात्मक बनाएं इससे बच्चों में पुरानी चीजों के दोबारा इस्तेमाल की आदत बनेगी।

**ऑनलाइन मदद -** पढ़ाई या कुछ रचनात्मक बनाते समय ऑनलाइन माध्यमों की मदद लेने से न झिझकें, हर वक्त बच्चों के सामने परफेक्ट दिखने सही नहीं। अलग सोचे - बच्चों की आर्ट, क्राफ्ट से बाहर की रचनात्मक दुनिया से पहचान करवाएं। कपड़े कैसे तय करें, कमरे की सफाई, किचन आदि काम सिखाएं।

**स्कूल वापसी -** इस बात को सुनिश्चित करें कि बच्चे अपने शिक्षक और दोस्तों के संपर्क में बने रहे क्योंकि तब ही उनके मन में स्कूल वापस लौटने का ख्याल बना रहेगा।

**तकनीक सीखें -** ई-लर्निंग के जरिए अगर बच्चा पढ़ रहा है तो इस दौरान उसे तकनीक संबंधी समस्या आ सकती है इसलिए बच्चे के साथ मिलकर इन तकनीकों को सीखें।





# सब्जी में ऊपर से नमक डालना हो सकता है खतरनाक

**नमक, स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी उपयोगी है। मगर, हर चीज की एक तय सीमा होती है। इसी तरह नमक से ज्यादा प्यार भी आपकी सेहत के लिए हजारों खतरे पैदा कर सकता है। बेशक आपको नमक इतना पसंद है कि आप सब्जी में ऊपर से नमक डालने को मजबूर हो जाती हैं, लेकिन इस आदत के जरिए आप अनजाने ही कई बीमारियों को न्योता दे रही होती हैं।**

खाना बनाते वक्त नमक सबसे पहले याद आता है। आप चाहे जितने भी अच्छे और खुशबूदार मसाले डाल लें, लेकिन अगर खाने में नमक नहीं है, तो सारा खाना बेस्वाद हो जाता है। बेशक आप सब्जी में ऊपर से नमक डालने को मजबूर हो जाती हैं, लेकिन इस आदत के जरिए आप अनजाने ही कई बीमारियों को न्योता दे रही होती हैं।

## नमक और आपकी सेहत

नई दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ.जुगल किशोर कहते हैं, 'नमक हमारे शरीर की इलेक्ट्रोलाइट संबंधी जरूरतों को पूरा करता है यानी इससे हमें सोडियम, पोटैशियम और कैल्शियम मिलता है। इसके अलावा इससे आयोडीन भी मिलता है। लेकिन, खाने में नमक ज्यादा हो जाए तो भी दिक्कत है और कम हो तो भी दिक्कत है। रोजाना की खुराक में नमक यानी सोडियम क्लोराइड की मात्रा पांच ग्राम से कम होनी चाहिए। अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि नमक ज्यादा खाने की आदत के साथ रक्तचाप संबंधी समस्या भी बढ़ने लगती है। जितनी भी दिल से जुड़ी बीमारियां हैं, वे रक्तचाप के कारण ही होती हैं। इसके अलावा नमक के ज्यादा सेवन से किडनी पर भी दबाव पड़ता है। उच्च रक्तचाप का मस्तिष्क पर भी असर पड़ता है। यानी शरीर के जो मुख्य अंग हैं, वे ज्यादा नमक के सेवन से प्रभावित होने लगते हैं। यही वजह है कि नमक का सेवन संतुलित मात्रा में करने की सलाह दी जाती है। एक और बात को ध्यान में रखने की जरूरत है, रोटी, चावल, दलिया आदि खाद्य पदार्थों में प्राकृतिक तौर पर सोडियम मौजूद होता है। ऐसे में इनमें नमक न भी डाला जाए तो भी सोडियम की पूर्ति हो जाती है। उच्च रक्तचाप के मरीज को भी चार से पांच ग्राम नमक ही दिन भर में खाना चाहिए। सेहतमंद रहने के लिए किसी भी डिश में ऊपर से नमक डालकर खाने की आदत को भी बदलना जरूरी है।

## मात्रा तय करें

खाना बनाते वक्त आप उसमें कितना नमक डाल रही हैं, उसकी मात्रा को देखना एक अच्छा आइडिया है। कितने लोगों के लिए सब्जी पकाई जा रही है, उसे किस तरह से पकाया जा रहा है, नमक डालते वक्त इन सब बातों को जरूर ध्यान में रखें। अगर आपके परिवार के सदस्यों को ज्यादा नमक खाने की आदत है तो धीरे-धीरे खाने में नमक की मात्रा कम करती जाएं। संभव है कि शुरुआत में उन्हें परेशानी हो, पर जल्द ही उन्हें कम नमक वाला खाना भी पसंद आने लगेगा। मसाले, टमाटर और धनिया व पुदीना आदि भी खाने में नमक की कम मात्रा को संतुलित करने में आपकी मदद करेंगे। इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर में सीनियर डाइटीशियन डॉ.हिमांशी शर्मा के मुताबिक, 'इसमें कोई दोराय नहीं है कि आयोडीन युक्त नमक हमारी सेहत के लिए जरूरी है। गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ होने वाले शिशु की सेहत पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे दिमाग चुस्त-दुरुस्त रहता है और याददाश्त मजबूत बनी रहती है। लेकिन कुछ लोग रोजाना के खाने में ज्यादा नमक का सेवन करने लगते हैं। यह मात्रा कई बार रोजाना नौ से दस ग्राम नमक के सेवन तक पहुंच जाती है। रोजाना की डाइट में नमक की मात्रा पांच ग्राम तक ही सीमित रखें। हमेशा याद रखें कि बिना डॉक्टरी सलाह के कभी भी नमक का सेवन पूरी तरह से बंद नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से भी आपको सेहत से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं।'

## विकल्प हैं बेहतर

अगर आपको ज्यादा नमक खाने की आदत है, तो इससे निजात पाने के लिए नमक के अन्य विकल्पों पर अपना ध्यान केंद्रित करें। इसके लिए आप नीबू और सिरका की मदद ले सकती हैं। स्वाद के लिहाज से नमक की कमी को यह काफी हद तक पूरा करते हैं। अदरक, लहसुन और कुछ सूखे मसाले भी इसमें मददगार साबित हो सकते हैं। बेशक ये नमक का विकल्प नहीं बन सकते हैं, लेकिन नमक की ज्यादा खाने की जो लत है, उसे कम करने में ये चीजें काफी मददगार साबित हो सकती हैं।

बदलें खाना पकाने का तरीका


कुछ सब्जियां और व्यंजन ऐसे होते हैं, जो लोगों को कम ही पसंद आते हैं। कई बार उनका स्वाद बढ़ाने के लिए हम उसमें नमक ज्यादा मात्रा में डालने लगते हैं। सलाद में ज्यादा मात्रा में नमक डालना, खाने के साथ सब्जी की तरह ढेर सारा अचार खाना आदि पहली नजर में बेहद सहज लगता है, पर धीरे-धीरे खानपान से जुड़ी ये आदतें हमारे शरीर में प्रतिदिन पांच ग्राम से ज्यादा नमक पहुंचाने लगती हैं। इसका असर सेहत पर देर-सबेर नजर आने लगता है। ऐसे में जरूरत है खाना पकाने का तरीका बदलने की। आपके परिवार के सदस्य जिन सब्जियों का नाम सुनकर ही मुंह बनाने लगते हैं, उन्हें अब दूसरे तरीके से पकाकर देखिए। सादा तरीके से उन सब्जियों को बनाने की जगह उन्हें रोस्ट या ग्रिल करके पकाएं। इससे खाना स्वादिष्ट भी लगेगा और नमक पर भी नियंत्रण बना रहेगा।

## प्रोसेस्ड फूड से बनाएं दूरी

रेडी-टू-ईट फूड और तरह-तरह के प्रोसेस्ड फूड को अपनी डाइट में कम-से-कम मात्रा में शामिल करें। इनमें नमक और चीनी दोनों की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। इसकी जगह घर में बने ताजा खाने को तरजीह दें। सही मात्रा में नमक के सेवन का यह सबसे अच्छा तरीका है। आप अपनी डाइट में सेहतमंद खाद्य पदार्थों को जितनी ज्यादा मात्रा में शामिल करेंगी, नमक की मात्रा उसी अनुपात में संतुलित होती जाएगी।

## न करें यह गलती

फल खा रहे हों या सलाद या फिर सामान्य तौर पर खाना। नमक कम लगने पर हम ऊपर से नमक डालने लगते हैं। यह सेहत के लिए ठीक नहीं है। एक तो नमक ज्यादा मात्रा में शरीर में पहुंचता है, वहीं सलाद और फल के पोषक तत्व भी कम होने लगते हैं। सीमित मात्रा में नमक का सेवन ही काफी नहीं है,उसे किस तरीके से खाया जाना चाहिए, यह तरीका जानना भी उतना ही जरूरी है।





# सुकून चाहती हैं तो वर्क-लाइफ बैलेंस स्थापित करें

**अपने प्रोफेशनल जीवन में आप आगे बढ़ना चाहती हैं, नए मुकाम हासिल करना चाहती हैं। लेकिन इस बात पर भी ध्यान देना जरूरी है कि आपकी महत्वाकांक्षाएं कहीं आपके जीवन को प्रभावित तो नहीं कर रहीं। प्रोफेशनल लाइफ में आगे बढ़ने के साथ जिंदगी खुशगवार बनाए रखना बेहद जरूरी है, तभी आप वर्क-लाइफ बैलेंस स्थापित कर सकती हैं। कुछ बातें इस काम में आपकी मदद करेंगी**

## स्मार्ट तरीके से काम करें

अगर आप अपनी नींद के घंटे घटाकर काम कर रही हैं तो कोई उसकी हिमायत नहीं करेगा। अमेरिकी अकादमी से संबद्ध मैट माइट अपने ब्लॉग वर्कलाइफ बैलेंस में कहते हैं, 'आजकल लोग अपने दिमाग को ज्यादा काम करने और कम सोने के लिए अङ्टयस्त बना रहे हैं, लेकिन यह चलन सही नहीं है। आपके लिए काम के घंटे जितने महत्वपूर्ण हैं, काम के बाद का समय उतना ही मूल्यवान है।' मेंटल हेल्थ फाउंडेशन का सुझाव है कि काम ज्यादा नहीं, स्मार्ट होना चाहिए। इसके लिए वरीयता स्पष्ट होनी चाहिए और हर काम के लिए समय तय होना चाहिए। गैर जरूरी चीजों में नहीं उलझना चाहिए।

## काम को घर न लाएं

ऑफिस से बाहर निकलने से पहले उन कामों की सूची बना लें, जो पूरे नहीं हो पाए। लेकिन काम की लिस्ट बनाने के बाद खुद को पूरी तरह ऑफिस के काम से आजाद कर लें। यही सोचें कि आप शाम को घर पर परिवार के साथ क्या करने जा रही हैं। अगर आप मानसिक तौर पर ऑफिस में ही फंसी हुई हैं तो एक गहरी सांस लें और इस बात का अहसास करें कि आप ऑफिस से बाहर आ गई हैं। इससे आपका मन शांत और स्थिर रहेगा।

## ना कहना सीखें

अगर आप काम के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगी, तो स्वाङ्टाविक रूप से आप पर काम का बोझ बढ़ जाएगा। अगर आप आदतन काम के लिए हां कह देती हैं तो कुछ अतिरिक्त काम मिलने पर तुरंत हां कहने से पहले थोड़ा ठहर जाएं। आप कुछ देर बाद उस पर जवाब देने के लिए कह सकती हैं और इस दौरान इस बात पर विचार कर सकती हैं कि आपको हां कहना चाहिए या नहीं। अगर हां कहना चाहती हैं, तो अच्छी बात है लेकिन अगर ना कहने की इच्छा है, तो ना ही कहें और अपनी प्रतिक्रिया देने से पहले स्वयं कई बार ना बोलने का अङ्टयास करें।

## काम के लिए 'शहीद' होने की जरूरत नहीं

कुछ महिलाओं में यह प्रवृति होती है कि वे सब काम खुद ही कर लेना चाहती हैं। उन्हें इस भाव में जीना अच्छा लगता है कि वे व्यस्त हैं और उनके बारे में ज्यादा चर्चा होती है। इस बात को गंभीरता से सोचने की जरूरत है कि इससे दूसरे लोगों पर क्या प्रभाव पड़ रहा होगा। ज्यादातर लोग अत्यधिक काम यह सोचकर ले लेते हैं कि इससे दूसरों की नजर में उनका सम्मान बढ़ जाएगा। इस प्रवृति के साथ आपके सिर कितना बोझ बढ़ जाएगा, अगर आप इस बात पर विचार करें तो शायद आप ऐसा व्यवहार नहीं करेंगी।

## हर वक्त आपाधापी अच्छी नहीं

चाहे ऑफिस हो, जिम हो या कोई पार्टी हो, क्या आप हर जगह दौड़ते-ङ्टागते पहुंचती हैं आपको इस बात पर निगरानी रखने की जरूरत है। आपको खुद से यह पूछने की जरूरत है कि आपकी जिंदगी कैसी चल रही है। असल में जल्दबाजी करने वाले लोग एक चीज खत्म होने पर दूसरी चीज के लिए हड़बड़ी करने लगते हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में आप अपने दोस्तों और अपने परिवार वालों के लिए समय कैसे निकालेंगी आपाधापी में थकान होना ङ्टी स्वाङ्टाविक है, इसीलिए हर वक्त भागमभाग से बचें।

## रिटायरमेंट के बारे में सोचें

कुछ महिलाएं काम में इस कदर डूब जाती हैं कि उन्हें उसी में आनंद मिलता है। अगर आप पूरा वक्त काम में ही दे देंगी तो किसी बुरे हालात में फंस जाने मसलन, जॉब न कर पाने की स्थिति खड़ी हो जाने, जॉब छूटने या व्यवसाय नहीं चल पाने पर आप खुद को कैसे संभालेंगी और इनसे इतर रिटायरमेंट के बाद आप समय किस तरह बिताएंगी, क्या आपने इस बारे में सोचा है अगर रिटायरमेंट के बाद भी आप थोड़ा-बहुत काम करें तो आपके लिए अच्छा है, लेकिन आपको अपने कुछ और शौकों को पूरा करने के बारे में भी सोचना चाहिए ताकि रिटायरमेंट के बाद भी आप सक्रिय रह सकें।





# आपकी सुरक्षा आपके हाथ

शहर छोटे हों या बड़े अपराध की दर सभी में बढ़ रही है। यही कारण है कि आजकल शहरों में सिक्युरिटी का धंधा तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन हर कोई तो अपने घर के बाहर हथियारधारी सिक्युरिटी गार्ड नहीं खड़ा कर सकता। सवाल है ऐसे में अपनी सुरक्षा, विशेषकर घरों में रहने वाली महिलाएँ कैसे करें?

**अगर आप रहती हैं फ्लैट्स में :**

- फ्लैट के बाहरी दरवाजों की मजबूती की जाँच कर लें। दरवाजे अच्छी क्वॉलिटी के मटीरियल से बने हों यह सुनिश्चित करें। दरवाजे में अच्छी कंपनी का ऑटोमेटिक लॉकिंग सिस्टम लगा हो।
- कुछ लोग अपने घर को स्टाइलिश लुक देने के लिए बिना ग्रिल वाली खिड़कियाँ भी लगवाते हैं, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से यह अनुचित है क्योंकि इससे बच्चों के नीचे गिरने का खतरा रहता ही है, साथ ही खिड़की से कोई भी आपके घर के भीतर आसानी से पहुँच भी सकता है।
- सुनिश्चित करें कि फ्लैट के बाहर हमेशा अच्छी प्रकाश व्यवस्था हो। दरवाजे और सीढ़ियों के पास लाइट रात भर जलती हुई छोड़ दें। घर के बाहर की लाइट का स्विच आपके घर के भीतर होना चाहिए।
- अपने दरवाजे में मैजिक आई और चेन लॉक जरूर लगवाएँ ताकि कॉलबेल बजने पर आप आगंतुक को भीतर से पहचानने के बाद ही दरवाजा खोलें।
- रात को पैसेज में जीरो वॉट का बल्ब या सीएफएल जरूर जलने दें। अगर आप घर बंद करके कहीं बाहर जा रही हैं तो ड्राइंग रूम की लाइट जलती छोड़ दें। अगर लंबी छुट्टियों में कहीं बाहर जा रही हैं तो अपने निकटतम पड़ोसी और अपार्टमेंट के सिक्युरिटी गार्ड को इस बात की जानकारी जरूर दें कि आप कहाँ और कितने दिनों के लिए जा रही हैं, साथ ही उनसे अपने घर का विशेष रूप से ध्यान रखने को कहें।
- बाहर जाते वक्त अपनी बालकनी में कुछ पुराने कपड़े इस तरह फैला दें कि लगे कि वे सूखने के लिए फैलाए गए हैं, ताकि यह देखकर किसी अजनबी को इस बात की भनक न लगे कि आपके घर में कोई नहीं है।

**रहती हों अगर बँगले में :**

- आपके घर में लोहे का मजबूत गेट होना चाहिए, जिसकी ऊँचाई कम से कम साढ़े पाँच फुट हो, गेट के ऊपरी सिरे पर नुकीली भालेनुमा आकृति बनी हो ताकि कोई उस पर चढ़कर घर के भीतर न घुस सके। गेट में ऐसा लॉक लगा होना चाहिए जिसे सिर्फ अंदर से ही खोला जा सके। दूसरे दरवाजे और उनका लॉकिंग सिस्टम भी मजबूत होना चाहिए।
- बँगले की चहारदीवारी बहुत मजबूत होनी चाहिए और उसकी दीवारों के ऊपरी हिस्से पर लोहे के कँटीदार तारों का घेरा बना हुआ होना चाहिए ताकि कोई चोर आसानी से आपके घर की चहारदीवारी लाँघ न सके।
- अगर प्रकृति प्रेमी हैं तो दीवारों की बजाय बोगनवेलिया और जंगली गुलाब जैसी कँटीदार झाड़ियों से भी अपने घर की फेंस तैयार कर सकती हैं। इससे घर अवांछित तत्वों से तो सुरक्षित रहेगा ही इसके अलावा घर के आसपास की हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता भी बढ़ जाएगी।

**अगर रहती हैं फार्म हाउस में :**

- मुख्यद्वार के बाहर गार्ड रूम होने के साथ-साथ क्लोज सर्किट कैमरे की व्यवस्था जरूर होनी चाहिए ताकि अगर अपराधी या अनधिकृत व्यक्ति आपके घर के भीतर घुसने की कोशिश कर रहा हो, तो उसे आसानी से पहचाना जा सके।
- कुक, आया, ड्राइवर और माली आदि को नियुक्त करते समय उनका पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाना चाहिए।
- फार्म हाउस में घर के भीतरी इलाके में सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम की व्यवस्था रखें और रात को सोने से पहले इससे अपने घर को बंद कर दें। इससे एक ही रिमोट से पूरे घर के सभी दरवाजे लॉक हो जाते हैं, जिन्हें कोई दूसरा बाहर से नहीं खोल सकता।
- आपके घर में इमरजेंसी अलार्म सिस्टम होना चाहिए, जो आपके गार्ड रूम और पड़ोसियों के घर से जुड़ा हो ताकि आकस्मिक स्थिति में जब आप अलार्म का बटन दबाएँ तो लोग आपकी मदद के लिए आ सकें।
- पॉवर बैकअप की भी पूरी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि कभी आकस्मिक रूप से बिजली चली जाए तो आपके घर की सुरक्षा को कोई खतरा पैदा न हो।

# दलिया पुलाव



**सामग्री :** दलिया 1 कटोरी, अंकुरित मूँग 1 कटोरी, चौकोर टुकड़ों में कटा पनीर 50 ग्राम, बींस कटी 1 छोटी कटोरी, गाजर कटी 2, कटी हरीमिर्च 2, कटा टमाटर 1, कटी पालक 1 छोटी कटोरी, कटा फूलगोभी 1 कटोरी, तेल 1 टी स्पून, जीरा 1/4 चम्मच, हल्दी पावडर 1/2 चम्मच, नमक स्वादानुसार।

**विधि :** सूखी कड़ाही में दलिया भूनें। प्रेशर कूकर में तेल गरम करें, जीरा चटकाकर हल्दी पावडर डालें। अब सभी सब्जियाँ व नमक डालकर अच्छी तरह चलाएँ। पानी डालकर कूकर में दो सीटी आने तक पकाएँ। गरमा-गरम दलिया अचार के साथ सर्व करें।

# जहाँ इंसानी रिश्ते सहेजे जाते हैं

हम चाहे जितना रुपया कमा लें, संपत्ति बना लें, दौड़ में थकने के बाद रिश्तों की गरमाहट का संबल सभी के लिए जरूरी हो जाता है। आखिर हमारी समृद्धि कोई देखने वाला तो हो, हमारी प्रसिद्धि की कोई तारीफ करने वाला तो हो... और ये सब हमें तभी मिलेगा, जब हम स्वयं हाथ बढ़ाएँगे छोटे-बड़े रिश्तों को सहेजने को।

**आज** जहाँ आर्थिक विकास की अंधी दौड़ में लोग रिश्तों की अहमियत भूलते जा रहे हैं, रिश्ते अपना महत्व खोते जा रहे हैं, केवल फायदों की राजनीति देखते हुए रिश्ते बनाए या बिगाड़े जा रहे हों, वहाँ कुछ परिवार न केवल रिश्तों को बनाए रखने में यकीन करते हैं, वरन् अपने स्नेह, त्याग व अनथक प्रयासों से भरसक रिश्तों की गरमाहट को सालों सहेजते रहते हैं।

हंसा आठ वर्ष की एक प्यारी-सी बच्ची है। चार वर्ष पहले उसकी माँ की दुर्घटना में मौत हो गई। माँ की मौत के सदमे से एक वर्ष बाद ही उसके पिता भी चल बसे- 'लड़की की जात है- कौन सम्हाले' कहकर करीबी रिश्तेदारों ने हाथ झटक लिए- ऐसे में आगे आई हंसा की माँ की करीबी सहेली जो अविवाहित थी। उसने विधिवत हंसा को गोद ले लिया और अपने बच्चे से भी बढ़कर देखभाल की उसकी। आज हंसा के दिमाग में माँ की स्मृति तक धूमिल हो चुकी है- उसे याद है उसकी नई माँ...

प्रणव के विवाह को पाँच वर्ष हो गए थे। पत्नी की अकाल मृत्यु हो गई। प्रणव के जीवन का एकमात्र सहारा था उसका बेटा 'प्रांशु'। 'सौतेली माँ' की भयावह कल्पना के चलते प्रणव कई वर्षों तक दूसरे विवाह के बारे में सोच भी न पाया। फिर अचानक उसे मीता पसंद आ गई- हालाँकि 'प्रांशु' को लेकर डर अभी भी था। ऐसे में मीता ने सारी परिस्थिति को सहृदयता से समझा, प्रांशु को अपनापन दिया। प्रांशु को ही बेटा मानकर अपनी संतान को जन्म देने का विचार भी उसने त्याग दिया... आज 'प्रांशु' कॉलेज में है और मीता... उसके लिए दुनिया में सबसे अच्छी माँ है।

जैन साहब का दुनिया को देखने का तरीका और भी निराला है। वे इस दुनिया में अकेले हैं, ईश्वर की दया से रुपया और स्वास्थ्य दोनों ही वरदान के रूप में साथ हैं। उनके यहाँ पढ़ने आने वाले बच्चों का 'मेला' लगा रहता है। जैन साहब की सभी रिश्तेदारों से प्रार्थना रहती है कि उनके शहर में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चे उनके घर में ही रहें। रिश्तेदारों को भला क्यों आपत्ति हो, उनके बच्चों को जैन साहब का स्नेह व अनुशासन भरा मार्गदर्शन मिलता है और जैन साहब का अकेलापन दूर हो जाता है। 'दुनिया में आए हैं, तो इतना प्यार बाँटना चाहिए कि आपके जाने के बाद कुछ लोगों की आँखें आपको याद कर बरसती रहें...' जैन साहब के जीवन का ये सीधा-सा समीकरण है, जो उन्हें बुढ़ापे में भी ऊर्जावान बनाता है।

वास्तव में मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और रिश्तों की उसे सतत आवश्यकता होती है! चाहे ये रिश्ते दोस्ती के हों, पहचान के हों या खून के। आजकल नौकरी-व्यापार के सिलसिले में परिवार एक छोर से दूसरे छोर तक बिखरते जा रहे हैं, आपसी संपर्क भी लगभग समाप्त होते जा रहे हैं। ऐसे में अगली पीढ़ी के बच्चे तो शायद अपने रिश्तेदारों-भाई-बहनों से पहचान भी न बना पाएँ... हम चाहे जितना रुपया कमा लें, संपत्ति बना लें, दौड़ में थकने के बाद रिश्तों की गरमाहट का संबल सभी के लिए जरूरी हो जाता है। आखिर हमारी समृद्धि कोई देखने वाला तो हो, हमारी प्रसिद्धि की कोई तारीफ करने वाला तो हो... और ये सब हमें तभी मिलेगा, जब हम स्वयं हाथ बढ़ाएँगे छोटे-बड़े रिश्तों को सहेजने का, उनमें स्नेह-विश्वास को सिंचित करने का... और बड़ा सरल सा उपाय है इन्हें सहेजने का। वह है संपर्क। फिर आज की संचार क्रांति ने तो संपर्क इतना आसान बना दिया है। तो क्यों न हम भी अपनाएँ इसे और ले आएँ रिश्तों में प्रगाढ़ता...।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-8-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

## काकुरो पहेली - 2564



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:





काकुरो - 2563 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक महिला ने बैंक जाकर नई चेक बुक मांगी. क्लर्क ने कहा कि आप पहले ही तीन चेकबुक ले चुकी हैं, क्या वे खत्म हो गई?

महिला - नहीं, वे तो कहीं गुम हो गईं.

क्लर्क - आपको चेकबुक हिफाजत से रखनी चाहिए, वरना कोई आपके हस्ताक्षर करके पैसा निकाल सकता है.

महिला - नहीं, मैं इतनी मूर्ख नहीं हूं. मैंने पहले ही सारे चेकों पर अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं.

☺ ☺ ☺

गंजा व्यक्ति - 'मेरे सिर पर तो बाल बहुत कम है. मुझसे तो तुम्हें कम पैसे लेने चाहिए.'

नाई - 'जनाब! मै आपसे बाल काटने के पैसे थोड़े ही लेता हूं, बाल ढूंढ्ने के पैसे लेता हूं.'


☺ ☺ ☺

ज्योतिषी- आपके भाग्य का सितारा उंचाई पर है. जल्द ही आपके घर में बड़ी दौलत आने वाली है. आपने लॉटरी का टिकट लिया है या सट्टा लगाया है.

ग्राहक (सोचते हुए) - ज्योतिषी जी! वैसे तो मैने न ही लॉटरी का टिकट लिया है और न ही सट्टा लगाया है. हां मैने पांच दिन पूर्व ही अपना पांच लाख का बीमा जरूर करवाया है.

☺ ☺ ☺

## फिल्म वर्ग पहेली - 2564



**बायें से दायें:-**

१. अशोककुमार, नूतन, धर्मेन्द्र की 'ओ जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
४. गोविंदा, शिल्पा शेट्टी की 'स्पॉप दैट मेरी मर्जी' गीत वाली फिल्म-४
७. 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की फिल्म-३
८. फिल्म 'कभी कभीण' में ऋषिकपूर के साथ किस की जोड़ी थी-३
१०. १९७१ में आई अमिताभ, योगिता बाली का एक फिल्म-४
१३. 'कभी शाम ढले' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१७. 'शादी के लिये रजामंद' गीत वाली फिल्म-२
१९. सैफ अली, काजोल की फिल्म-३
२१. अनिलधवन, नीतू सिंह की 'तेरी गलियों में ना' गीतवाली फिल्म-३
२३. 'तु मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-२
२४. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
२५. अनिलकपूर, माधुरी की 'खत लिखना है' गीतवाली फिल्म-२
२७. राजीव, डिम्पल की फिल्म-२
२८. संजयदत्त, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की फिल्म-२
३०. 'तसवीर तेरी दिल में' गीत वाली देवआनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
३२. फिल्म 'हम तो मुहब्बत करेगा' में बॉबी देओल के किरदार का नाम-२
३४. 'देखें भी तो क्या' गीत वाली फिल्म-२
३५. 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३६. दिलीपकुमार, वैजयंतीमाला की 'तेरे हुस्न की क्या' गीत वाली फिल्म-३
३७. फिल्म 'अलग-अलग' में राजेश खन्ना की नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तेरे नैना मेरे नेनों की' गीत वाली फिल्म-३
२. फिल्म 'खुदगर्ज' में नायिका कौन थी-३
३. अनिलकपूर, माधुरी नम्रता की फिल्म-३
५. 'सैंया दिल में आना रे' गीतवाली फिल्म-३
६. फिल्म 'बारुद' में अक्षय की नायिका-३
९. बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
१०. 'जरा तसवीर से तू' गीत वाली फिल्म-४
११. 'एक दूजे के लिए' में कमल हासन के किरदार का क्या नाम था-२
१२. फिल्म 'चोर मचाए शोर' में नायक-२
१४. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत वाली फिल्म-२
१६. सुनील शेट्टी, सोनाली की 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
२०. 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२३. फिल्म 'निकाह' की नायिका-३
२४. राज कपूर, नर्गिस की 'दम भर जो उधर' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'जब ना माना दिल' गीत वाली कमल सदाना, काजोल की फिल्म-३
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'मेरा पिया' गीत वाली माधुरी की फिल्म-३
३३. विक्रम, लक्ष्मी की 'दिल क्या करे जब किसी को' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 2563



## सूडोकु -2564


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2563 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 2564



**बाएँ से दाएँ**

1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेंद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

शब्द पहेली -2563 का हल



## सलूम्बर में नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आयोग ने गठित की जांच कमेटी




**एजेंसी**

**उदयपुर।** राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सलूम्बर जिले के गिंगला थाना क्षेत्र में नाबालिग को अगवा करके दुष्कर्म करने के मामले में संज्ञान लेते हुए जांच कमेटी का गठन किया है। आयोग ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये घटना की जांच के लिए गठित की गई कमेटी में आयोग के सदस्य राजीव मेघवाल, बाल कल्याण समिति उदयपुर की अध्यक्ष यशोदा पनिथा एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक आरूषि जैन सहित तीन सदस्यों को नियुक्त किया है। आयोग ने कमेटी से तीन दिन में उक्त प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया हैं।

## लेह में भीषण हादसा, 200 मीटर गहरी खाई में गिरी बस; छह लोगों की मौत, 19 घायल

**लेह।** लेह के दुरबुक इलाके में गुरुवार को एक भीषण हादसा हो गया। यहां एक बस दुर्घटनाग्रस्त होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इसमें छह लोगों के मारे जाने की शुरुआती जानकारी आ रही है। वहीं करीब 19 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद बचाव दल मौके पर पहुंच चुका है और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भेजने में जुटा है। फिलहाल इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि बस में सवार लोग कहां से आ रहे थे और कहां जा रहे थे।



## कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने निभाया वादा, करणसर अस्पताल को मिले डॉक्टर

**जयपुर।** उद्योग वाणिज्य मंत्री और झोटवाड़ा से भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ द्वारा पुनः एक बार अपना वादा निभाने पर क्षेत्रवासियों ने उनकी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने वर्षों की समस्या का त्वरित समाधान कर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ को इस समस्या की जानकारी होते ही उन्होंने तुरंत ही वहां डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी। अब करणसर, झोटवाड़ा में डॉक्टर की उपलब्धता होने से जनता की समस्याओं का निदान हो सकेगा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के सार्थक प्रयासों से बजट में झोटवाड़ा के लिए सैटेलाइट हॉस्पिटल के निर्माण का भी प्रावधान होने के साथ ही अस्पताल जनस्वास्थ्य सुविधाओं से संपन्न हो रहे हैं।

## अंतिम संस्कार की अस्थ सेवा का दायरा बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के दिल दहलाने वाले अनुभवों के बीच रेड हेल्थ की अंतिम संस्कार की सेवा 'अस्थ' का दायरा जल्द ही बढ़ेगा। रेड डाट हेल्थ के संस्थापक प्रभदीप सिंह ने यह घोषणा विज्ञप्ति में की है। सिंह के मुताबिक, वर्तमान में यह सेवा बेंगलुरु, हैदराबाद, दिल्ली-एनसीआर और वाराणसी सहित 30 शहरों में दी जा रही है। भविष्य में इसे और अधिक स्थानों में विस्तारित किया जाएगा। इस योजना पर काम शुरू हो गया है।




उन्होंने कहा कि 'अस्थ' सैकड़ों दुखी परिवारों के साथ चौबीस घंटे खड़ा रहता है। कोविड काल में लोग अपनों की पार्थिव देह को छूने से डरते थे। तब हमने यह सेवा शुरू कर कोशिश कि दिवंगत आत्माओं के मोक्ष प्राप्ति के लिए जो भी संभव हो सके, वो किया जाए। तब 'अस्थ' का जन्म हुआ। आज समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ 'अस्थ' की एंबुलेंस चौबीस घंटे सेवा प्रदान करती हैं। अस्थ मूल रूप से शवों को उनके मूल स्थान पर पहुंचाने और अंतिम संस्कार की सेवा है।

# छतरपुर मामले में यादव के दोषियों को पहचान कर जल्द कार्रवाई के निर्देश

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में भीड़ के एक पुलिस थाने पर हमले के मामले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दोषियों की पहचान कर जल्द कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

डॉ यादव ने कल देर रात एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उन्होंने छतरपुर जिले में एक घटना में कुछ पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना मिलने पर तुरंत उच्च अधिकारियों से घटना की जानकारी ली और जवानों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, 'मध्यप्रदेश 'शांति का प्रदेश' है, कोई भी सुनियोजित तरीके से कानून को हाथ में ले यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैंने पुलिस के उच्च अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दोषियों की जल्द पहचान कर कठोर कार्यवाही की जाए जिससे भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। प्रदेश में शांति और सौहार्द बना रहे यही हमारी प्राथमिकता है।' छतरपुर जिला



मुख्यालय पर कल ज्ञापन देने आए लोगों के साथ आयी भीड़ ने अचानक पथराव कर दिया, जिसमें थाना प्रभारी और एक कर्मचारी घायल हो गए। पुलिस ने तत्काल उपद्रवी भीड़ को खदेड़ दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना परिसर में एक समुदाय विशेष के लोग किसी मामले को लेकर ज्ञापन देने आए थे। वहां मौजूद भीड़ में से कुछ लोगों ने अचानक पथराव कर दिया, जिस वजह से थाना प्रभारी ए कुजूर और एक प्रशासनिक अधिकारी का वाहनचालक घायल हो गए।

# जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावः कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन

**पीडीपी के लिए भी दरवाजे खुले,फारूक अब्दुल्ला बोले- सीटों का बंटवारा बाद में होगा**

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं. केंद्र शासित प्रदेश में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने साथ में चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। एनसी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। फारूक अब्दुल्ला ने पीडीपी पर कहा कि किसी के लिए भी दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ बैठक के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा, बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ। गठबंधन पटरी पर है और भगवान की कृपा से यह आगे भी जारी रहेगा। इसे अंतिम रूप दे दिया गया है, आज शाम तक इसे मंजूरी मिल जाएगी। यह सभी 90 सीटों पर हुआ है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस व PDP के जम्मू-कश्मीर चुनाव में साथ आने पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा, 'कांग्रेस



और हम एक साथ हैं, तारिगामी साहब (CPM के एम.वाई. तारिगामी) भी हमारे साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारे लोग हमारे साथ होंगे जिससे हम लोग भारी बहुमत से जीतकर लोगों की बेहतरी के लिए काम कर सकें।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला से श्रीनगर स्थित आवास पर मुलाकात की।

# अभिषेक बनर्जी ने कहा, रेप विरोधी कड़े कानून के लिए केंद्र पर दबाव बनाए राज्य सरकारें

**एजेंसी**

**कोलकाता ।** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी के लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को सभी राज्य सरकारों से आह्वान किया कि वे देश में एक व्यापक बलात्कार विरोधी कानून बनाने के लिए केंद्र पर दबाव डालें।

बनर्जी ने सुबह अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर जारी एक बयान में कहा, ÷राज्य सरकारों को कार्रवाई करनी चाहिए और केंद्र पर तत्काल एक व्यापक बलात्कार विरोधी कानून के लिए दबाव डालना चाहिए जो जल्द से जल्द और सख्त न्याय सुनिश्चित करता हो।

उनके अनुसार, देश को मजबूत कानून की जरूरत है, जो 50 दिनों



के भीतर मुकदमे और सजा की प्रक्रिया को पूरा कर सके। अपने बयान में उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 10 दिनों के दौरान पूरा देश आरजी कर अस्पताल में एक महिला जूनियर डॉक्टर के साथ हुए जघन्य बलात्कार और हत्या पर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस महीने की शुरुआत में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इसी अवधि के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से 900 बलात्कार की घटनाएं दर्ज की गई हैं।

उन्होंने अपने बयान में आगे कहा, अफसोस की बात है कि एक स्थायी समाधान अभी भी काफी हद तक चर्चा में नहीं है। प्रतिदिन 90 बलात्कार, हर घंटे 4 और हर 15 मिनट में 1 बलात्कार की रिपोर्ट के साथ - एक निर्णायक कार्रवाई अत्यंत जरूरी है। इससे पहले 9 अगस्त की सुबह अस्पताल परिसर से महिला डॉक्टर का शव बरामद होने के बाद बनर्जी ने ऐसे क्रूर बलात्कार और हत्या के मामले में दोषियों के साथ मुठभेड़ सहित कड़ी से कड़ी सजा की मांग की। उन्होंने एक बयान जारी कर पुलिस से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि हिंसा के लिए जिम्मेदार प्रत्येक व्यक्ति की पहचान की जाए, उसे जवाबदेह ठहराया जाए और अगले 24 घंटों के भीतर कानून का सामना किया जाए, चाहे उनकी राजनीतिक स्थिति कुछ भी हो।

## आर्टिकल 370 और 35ए पर अपना रुख स्पष्ट करें राहुल गांधीः तरुण चुघ



**एजेंसी**

**जम्मू ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी गुरुवार को श्रीनगर में हैं। यहां उन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। राहुल के जम्मू-कश्मीर दौरे पर भाजपा जम्मू-कश्मीर प्रभारी तरुण चुघ ने तंज कसा है। तरुण चुघ ने आईएएनएस से कहा कि आज राहुल गांधी जिस लाल चौक पर आइसक्रीम खा रहे हैं, वहां कभी पत्थरबाजी होती थी। आज यहां शांति है और राहुल आइसक्रीम खा रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और शांति की जीत है।

उन्होंने राहुल गांधी से पूछा कि वह स्पष्ट करें कि उनका स्टैंड आर्टिकल 370 और 35ए पर क्या है। जम्मू-कश्मीर की शांति पर उनका क्या स्टैंड है। पिछली बार जो आतंकवादी उन्हें दिखे, वह इस बार दिखे हैं क्या। राहुल गांधी बताएं कि जिस यासीन मलिक ने कहा था कि उसने भारतीय शूरवीरों को मारा था, उसके साथ उनकी कटपुटती सरकार ने फोटो शूट क्यों करवाया था। क्या रिश्ता है आतंकवादियों के साथ। आतंकवादियों को चार्टड प्लेन दिल्ली लाने के लिए भेजा जाता था। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय चुनाव आयोग ने हाल में ही घोषणा की है। तरुण चुघ ने कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में पूरी ताकत से काम कर रही है और प्रदेश विकास और तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। जिन लोगों ने जम्मू-कश्मीर में 50 साल भी नहीं बिताए, जैसे राहुल गांधी, वो अपनी बहन के साथ कश्मीर आते हैं, बर्फ की बात करते हैं और कभी लाल चौक पर आइसक्रीम खाते हैं। राहुल और फारूख अब्दुल्ला के बीच गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर इनके बीच गठबंधन हो रहा है तो यह कोई बड़ी बात नहीं है। महबूबा मुफ्ती, फारूख अब्दुल्ला और कांग्रेस मिलकर हाल में चुनाव लड़े। लेकिन, एक भी सीट जीत नहीं पाए।


ये तीनों पार्टियां पहले भी चुनाव लड़ने के लिए एक साथ आई थीं। राहुल गांधी को अनुच्छेद 370 और 35 पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। वहीं श्रीनगर पहुंच राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर के लोगों से मोहब्बत है। मेरा आपसे दूसरा रिश्ता है। मैं हर बार यहां आता हूं और यह बात मुझे और गहराई से समझ आती है। यह बहुत पुराना रिश्ता है, खून का रिश्ता। जम्मू-कश्मीर में किसी ने निडरता से काम किया है तो वह कांग्रेस का कार्यकर्ता है।

# जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस का कोई वजूद नहीं, भाजपा प्रचंड बहुमत से बनाएगी सरकार : रविंदर रैना

**एजेंसी**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के ऐलान के बाद तमाम दलों के नेताओं की ओर से सियासी बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया है। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में पार्टी का बुरे तरीके से सफाया हो गया है। कांग्रेस पार्टी जम्मू-कश्मीर में बैसाखी के सहारे अपनी सरकार बनाने की कोशिश कर रही है, कांग्रेस पार्टी का अपना कोई वजूद नहीं है। राहुल गांधी और खड़गे जानते हैं कि जम्मू-कश्मीर में उनका कोई जनाधार नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर निशाना लगाने से निशाना नहीं लगता। लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी को हार का सामना



करना पड़ेगा। कांग्रेस और राहुल गांधी की सच्चाई यहां की जनता जानती है। सत्ता में रहने के दौरान उन्होंने गुज्जर-बकरवाल को उनके अधिकारों से वंचित किया। साथ ही समाज के हर तबके के हक को छीनने का काम किया। इन्होंने हर वर्ग को गुलाम बनाकर रखा। वहीं जम्मू-कश्मीर में हर वर्ग के साथ न्याय मोदी सरकार ने किया है। जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए पीएम मोदी ने दिल खोलकर पैसा दिया है।

कांग्रेस की सरकार में अलगाववादियों और आतंकवादियों का तांडव होता था, लेकिन आज राज्य में अमन, शांति, भाईचारा कायम है। राहुल गांधी चाहे जो भी साजिश रच लें, वह कभी सफल नहीं होंगे। जम्मू-कश्मीर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी भारी जीत हासिल करेगी। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।

बता दें कि चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा की है। 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 4 अक्टूबर को होगी।

चुनाव आयोग के मुताबिक, जम्मू और कश्मीर में 90 निर्वाचन क्षेत्रों में 87.09 लाख मतदाता हैं, जिनमें 42.6 लाख महिलाएं हैं। यहां पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं की संख्या 3.71 लाख है। जबकि, कुल मिलाकर 20.7 लाख युवा मतदाता हैं, जिनकी आयु 20 से 29 वर्ष के बीच है।

# जमशेदपुर के चांडिल डैम से मिला ट्रेनी पायलट का शव, लापता विमान की तलाश

**एजेंसी**

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के चांडिल डैम में गिरे लापता विमान की खोजबीन लगातार तीसरे दिन भी चल रही है। इस दौरान गुरुवार सुबह एक ट्रेनी पायलट का शव बरामद हुआ है। एक मछुआरे की सूचना पर शव की बरामदगी हुई है लेकिन प्रशासन ने अभी तक इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। आज ही सुबह भारतीय नौसेना की टीम लापता विमान की खोजबीन के लिए चांडिल पहुंची थी लेकिन खबर लिखे जाने तक वह चांडिल डैम के अंदर नहीं घुसी है। बुधवार रात ही भारतीय वायु सेना की टीम विशेष विमान रांची एयरपोर्ट पहुंची थी। दरअसल, एक मछुआरा चांडिल डैम में मछली पकड़ रहा था। इस दौरान उसने ट्रेनी पायलट का शव देखकर पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। चांडिल डैम से मिले शव की पहचान ट्रेनी पायलट सुब्रोदीप दत्ता के रूप में हुई है। मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से टेकऑफ करने के बाद से अलकेमिस्ट एविएशन का ट्रेनिंग विमान क्रैश होकर डैम में गिर गया था। उड़ाने भरने के 15 मिनट के बाद ही विमान का संपर्क टूट गया था, जिसके बाद से ही उसकी खोजबीन जारी है।

# हरियाणा विस चुनाव में सोनी समाज को उचित प्रतिनिधित्व के रूप में मिले दो टिकटें : सुरेन्द्र वर्मा

**एजेंसी**

**जींद।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के मध्यनजर सोनी समाज ने विभिन्न राजनैतिक दलों से उचित प्रतिनिधित्व के रूप में दो टिकटें देने की मांग की है। जो राजनैतिक दल टिकट वितरण में सोनी समाज के प्रतिनिधित्व की अनदेखी करेगा समाज भी उस दल की अनदेखी करने से पीछे नहीं हटेगा और एक अक्तूबर के हरियाणा विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से सम्बन्धित राजनैतिक दल को सबक सिखाया जाएगा। इस आशय का फैसला जींद स्थित मेन बाजार में सोनी समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ ने की। बैठक में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के जिला युवा प्रधान राजेन्द्र सोनी, सुनार धर्मशाला समिति रामराये के



संरक्षक राजबीर उर्फ भीरा सोनी, मुख्य सलाहकार रामनिवास सोनी, महासचिव शिवपाल मुआनिया, कोषाध्यक्ष सतीश रामराये, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र वर्मा, एड कैलाश वर्मा, ऋषिकेश,सुनील मुआना, सुभाष चन्द्र , समाज सेवी रविन्द्र आर्य व साधूराम सोनी, विकास, राधेश्याम सोनी,मनफूलसिंह, पवन सोनी, ताराचन्द सोनी, दयानन्द खोखरी, जींद शहरी प्रधान अजय कुमार, सचिव जितेश सोनी, पारस वर्मा, आशीष, मानव व समाज के अन्य प्रबुद्ध नागरिकों ने विशेष तौर से शिरकत की। इस बैठक में सोनी समाज के हितों एवं अधिकारों बारे मंथन किया गया। मीडिया से बातचीत करते हुए समाज सेवी सुरेन्द्र वर्मा कोथ ने कहा कि हरियाणा में सोनी समाज की लगभग डेढ़ प्रतिशत आबादी है लेकिन आज तक किसी भी राजनैतिक दल अथवा सरकार ने सोनी समाज को उचित प्रतिनिधित्व व मान-सम्मान नहीं दिया है। इसलिए यह समाज आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक तौर पर पिछड़ सा गया है अब इस समाज के हितों की सुध लेने की प्रबल जरूरत है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में सोनी समाज को कम से कम एक से लेकर दो सीटें दी जानी चाहिए ताकि वर्षो से उपेक्षित सोनी समाज का कल्याण व उत्थान सम्भव हो सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सोनी समाज के औसतन कम से कम 5 हजार से लेकर 12 हजार तक वोटर हैं जो विधानसभा के चुनाव में उम्मीदवारों की हार-जीत में निर्णायक भूमिका अदा करेंगें ।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2024 प्रदान किये

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2024 प्रदान किये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. गोविंदराजन पद्मनाभन को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आजीवन उपलब्धि और योगदान के लिए विज्ञान रत्न पुरस्कार प्रदान किया। प्रो. पद्मनाभन भारत में आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान में अग्रणी हैं। केंद्र सरकार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दिए जाने वाले इस सर्वोच्च पुरस्कार की शुरुआत इसी वर्ष से की है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कृषि विज्ञान में डॉ. आनंदरामकृष्णन सी, परमाणु ऊर्जा में डॉ. अवेश कुमार त्यागी, जैविक विज्ञान में प्रो. उमेश वार्ष्णेय और जैविक विज्ञान में प्रो. जयंत भालचंद्र उदगांवकर, पृथ्वी विज्ञान में प्रोफेसर




सैयद वजीह अहमद नकवी, इंजीनियरिंग विज्ञान में प्रोफेसर भीम सिंह, गणित और कंप्यूटर विज्ञान में प्रोफेसर आदिमूर्ति आदि और गणित और कंप्यूटर विज्ञान में प्रोफेसर राहुल मुखर्जी, चिकित्सा में प्रो. डॉ. संजय बिहारी, भौतिकी में प्रो. लक्ष्मणन मुथुसामी, भौतिकी में प्रो. नबा कुमार मंडल और अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में डॉ. अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम, प्रो. रोहित श्रीवास्तव को प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के लिए कुल 13 विज्ञान श्री पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति ने कृषि विज्ञान में डॉ. कृष्ण मूर्ति एस.एल., कृषि विज्ञान में डॉ. स्वरूप कुमार परिदा, जैविक विज्ञान में प्रो. राधाकृष्णन महालक्ष्मी, जैविक विज्ञान में प्रो. अरविंद पेनमत्सा, रसायन विज्ञान में प्रो. विवेक पोलशेट्टीवार, रसायन विज्ञान में प्रो. विशाल राय, पृथ्वी विज्ञान में डॉ. रॉक्सी मैथ्यू कोल, इंजीनियरिंग विज्ञान में डॉ. अभिलाष, इंजीनियरिंग विज्ञान में डॉ. राधा कृष्ण गंटी, पर्यावरण विज्ञान में डॉ. पूरबी सैकिया, पर्यावरण विज्ञान में डॉ. बप्पी पॉल, गणित और कंप्यूटर विज्ञान में प्रो. महेश रमेश काकड़े, चिकित्सा में प्रो. जितेन्द्र कुमार साहू, चिकित्सा में डॉ. प्रज्ञा ध्रुव यादव, भौतिकी में प्रो. उर्वशी सिन्हा, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में डॉ. दिगेन्द्रनाथ स्वैन, अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में डॉ. प्रशांत कुमार, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में प्रो. प्रभु राजगोपाल सहित 18 को विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में चंद्रयान-3 टीम को विज्ञान टीम पुरस्कार प्रदान किया। चंद्रयान-3 मिशन का सफल समापन देश की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक है और यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों की टीम द्वारा प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान को दर्शाता है।

# आंध्र प्रदेश विस्फोटः हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों को मिलेंगे एक-एक करोड़

**एजेंसी**

**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू गुरुवार को अच्युतापुरम एसईजेड के दुर्घटना पीड़ितों से मुलाकात करने मेडिकवर हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने वहां इलाज करा रहे घायलों से मिलकर डॉक्टरों से बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार उनके उचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय करेगी। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। उन्होंने गंभीर रूप से घायलों को 50 लाख रुपये और मामूली चोटों वाले लोगों को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया। सीएम नायडू ने घटना के पीड़ितों को इलाज के दौरान बहादुर बनने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने पीड़ित परिजनों से बात। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अस्पताल के बाहर मीडिया से बात की। उनका कहना कि फार्मा कंपनी में हुई घटना बेहद दुखद और परेशान करने वाली थी। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई और 36 लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि घायलों में 10 गंभीर रूप से घायल और 26 मामूली रूप से घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि राज्य सरकार सभी पीड़ितों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे। हम उन लोगों के लिए प्लास्टिक सर्जरी भी करवाएंगे और जिन्हें इसकी आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि राज्य सरकार गंभीर रूप से घायल लोगों को 50 लाख रुपये और मामूली चोटों वाले लोगों को 25 लाख रुपये का मुआवजा देगी। भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन काल में पिछले पांच वर्षों में सारी व्यवस्थाएं नष्ट हो गई हैं। यह दुर्घटना उसी का परिणाम है। सीएम ने कहा कि जांच के आदेश दिए गए हैं। दूसरी ओर, राज्य मंत्री पल्लू रविंद्र ने कहा कि अच्युतापुरम एसईजेड हादसे में घायल हुए मजदूरों का सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि अनाकापल्ली के उषा प्राइम हॉस्पिटल में 18 लोगों का इलाज चल रहा है। 10 लोगों का इलाज अच्युतपुरम के एक निजी अस्पताल में और 7 लोगों का इलाज विशाखापट्टनम के मेडिकेयर में चल रहा है। राज्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के विशेष प्रधान सचिव कृष्णा बाबू कल देर रात अनाकापल्ली पहुंचे और उषा प्राइम अस्पताल में इलाज करा रहे पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ितों को मिल रहे इलाज के बारे में डॉक्टरों से बात की।

इस हादसे में मारे गए 17 लोगों के शव आज सुबह विशाखा केजीएच और अनाकापल्ली सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाये गए पहुंचाया गया।इनमें 12 शव विशाखा केजीएच और 5 शव अनाकापल्ली सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित किये गए हैं। अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि शवों को आज शाम तक पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जायेगा।



# स्किल्स की कमी के कारण युवाओं को नहीं मिल पा रहा है रोजगार

**क्या आपको डिग्री करने के बाद भी प्राइवेट सेक्टर में नौकरी नही मिल पा रही है या जॉब इंटरव्यू में रिजेक्शन फेस करने पड़ रहे हैं या जॉब में नियमित ग्रोथ नही मिल पाती है, क्या आपने कभी इन सबके पीछे की वजह के बारे में सोचा है। इन सभी समस्याओं का कारण है 'डिजिटल स्किल्स' की कमी होना।**

इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2022 के अनुसार – भारत के कुल युवाओं में केवल 48.7 फीसद ही रोजगार योग्य हैं। इसका मतलब है कि हर 2 में से एक युवा रोजगार के योग्य नहीं हैं। व्ही–बॉक्स द्वारा जारी एक अध्ययन में कहा गया है कि सर्वेक्षण में शामिल सभी कंपनियों में से लगभग 75 फीसद ने उद्योग में कौशल की कमी की सूचना दी है। जोकि अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण विषय है कई बार हम यह भी देखते हैं कि नॉन–कम्प्यूटर जैसे सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग करके निकलने वाले युवाओं को भी आसानी से नौकरी नहीं मिल पाती है। आज दुनियाभर में टेक्नोलॉजी तेजी से बढ़ रही है। एक आंकड़े के मुताबिक, वर्तमान समय में दुनिया की एक बड़ी आबादी के करीब 6 बिलियन लोग इंटरनेट यूज कर रहे हैं, तब इन युवाओं को जॉब रेडी होने के लिए नए जमाने की स्किल्स सीखना जरूरी हो जाता है, जिसके बाद करिअर या व्यापार में आसानी से कम समय में अधिक ऊंचाई हासिल की जा सकती है।

इन 6 फील्ड में मिलेंगे लाखों जॉब्स के मौके अगर आप ग्रेजुएशन पूरा कर चुके हैं या B.A, B.Sc, B.com, BC, सिविल व मैकेनिकल इंजीनियरिंग जैसे कोर्सेज में अध्ययनरत हैं तो आपके पास डिजिटल स्किल्स सीखकर बड़े पैकेज वाली आकर्षक नौकरी पाने का सुनहरा मौका है। डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की मदद से अब तक अनेक युवाओं को लाखों के पैकेज वाली जॉब मिल चुकी है। ऐसे में आप भी इन फ़ील्ड्स में अपना शानदार करिअर बना सकते हैं –

- डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन एक्सपर्ट
- सोशल मीडिया मार्केटिंग एक्सपर्ट
- क्रिएटिव कांटेंट राइटर/कॉपी राइटर
- PPC एक्सपर्ट
- गूगल Ads एक्सपर्ट

## ये 5 स्किल सीखकर बनें डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट

एक शोध में सामने आया है कि आने वाले सालों में जिन क्षेत्रों में 85 फीसद नौकरियां क्रिएट होंगी वह डिजिटल मार्केटिंग, ग्रॉफिक्स डिजाइन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डाटा साइंस जैसे क्षेत्र होंगे। अगर आप भी बेरोजगार हैं और नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो सफलता के एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की मदद से इस क्षेत्र में शानदार करिअर बना सकते हैं।

किसी उत्पाद या सेवा की डिजिटल टेक्नोलॉजी (इंटरनेट, मोबाइल डिवाइस, सोशल मीडिया, सर्च इंजन व अन्य चैनल) के जरिए होने वाली मार्केटिंग को डिजिटल मार्केटिंग कहते हैं।

डिजिटल मार्केटिंग का लक्ष्य एक असीमित ग्राहक संख्या तक कम समय में पहुंचना होता है। डेल कंपनी द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ फ्यूचर के साथ किए गए एक शोध में सामने आया है कि आने वाले सालों में जिन क्षेत्रों में 85 फीसद नौकरियां क्रिएट होंगी वह डिजिटल मार्केटिंग, ग्रॉफिक्स डिजाइन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डाटा साइंस जैसे क्षेत्र होंगे। इसकी शुरूआत भी हो चुकी है बीते वर्ष डिजिटल मार्केटिंग विश्व की टॉप 5 नौकरियों में शामिल रहा है। इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि डिजिटल सेक्टर में करिअर बनाने जा रहे युवाओं का भविष्य उज्ज्वल है। अगर आप भी अपना करिअर डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में बनाने की तैयारी कर रहे हैं तो सफलता के एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की मदद ले सकते हैं।

### इन 5 स्किल्स से बनें डिजिटल एक्सपर्ट

**स्ट्रैटिजिक थिंकिंग** – आजकल कंपनियों में स्ट्रैटिजिक थिंकर्स की काफी डिमांड है। अगर आप किसी कंपनी के साथ जुड़ने पर बिजनेस ग्रो करने के लिए मार्केटिंग प्लान तैयार करने और उन्हें इम्प्लीमेंट करना जानते हैं तो डिजिटल सेक्टर में स्किल हासिल कर अपना करिअर बना सकते हैं।


**डिजिटल मार्केटिंग चैनल्स** – डिजिटल सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, पे पर क्लिक एडवरटाइजिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ई मेल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग जैसे फील्ड्स में ढेरों नौकरी अवसर हैं। अगर आप डिजिटली स्किल्ड हैं तो डिजिटल सेक्टर में शानदार करिअर बना सकते हैं।

**एनालिटिक्स** – वहीं आजकल कंपनियों में बिजनेस एनालिसिस्ट की काफी डिमांड है। अगर आप एनालिटिकल टूल्स, गूगल एनालिटिक्स आदि को चलाना जानते हैं तो डिजिटल सेक्टर में करिअर बना सकते हैं।

**कंटेंट क्रिएशन** – आजकल लाखों वेबसाइट्स बेहतर कंटेंट को क्रिएट कर अपने उत्पाद, सेवाओं को लोगों तक पहुंचा रहे हैं। कंटेंट क्रिएशन आज के समय में मार्केटिंग सेक्टर में एक महत्वपूर्ण टूल है। इससे आप लक्षित ग्राहक संख्या तक आसानी से पहुंच सकते हैं।

**मार्केटिंग टूल्स एंड डिजाइन स्किल्स** – मौजूदा समय में कंपनियों में मार्केटिंग टूल्स की समझ रखने वाले और डिजाइन स्किल्स जानने वालों के लिए भी बहुत मौके हैं। मार्केटिंग टूल्स जानने वाले मार्केटिंग प्रक्रिया को आसान बना सकते हैं। वहीं जो लोग एडोब, कैनवा जैसे सॉफ्टवेयर इस्तेमाल करना जानते हैं वह डिजिटल सेक्टर में आकर्षक पैकेज पर जॉब हासिल कर सकते हैं।

कई सालों से अगर आप सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं फिर भी आपको सफलता नहीं मिली है तो आप सफलता के डिजिटल मार्केटिंग और ग्राफिक डिजाइन जैसे स्किल डेवलपमेंट कोर्सेज का हिस्सा बनकर डिजिटल सेक्टर में कम समय में आकर्षक पैकेज वाली नौकरी हासिल कर सकते हैं।



### ग्राफिक्स डिजाइनिंग में बनाएं भविष्य

इसके अलावा युवा ग्राफिक्स डिजाइनिंग के क्षेत्र में भी करिअर बना सकते हैं। सफलता से ग्राफिक डिजाइनिंग का कोर्स करने के बाद कैंडिडेट्स के लिए वेबसाइट क्रिएटिव डिजाइन, एडवरटाइजिंग एजेंसी, पब्लिकेशन हाउस, कम्प्यूटर गेम्स, कॉर्पोरेट आइडेंटिटी जैसी कई अन्य जगहों पर आकर्षक वेतन वाली नौकरी के अवसर खुल जाते हैं।

लाखों के पैकेज के साथ शुरू हुआ करिअर डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स करके पांच लाख का पैकेज हासिल करने वाले कार्तिकेय सिंह कहते हैं, 'मैंने कोर्स पूरा करने के बाद बतौर डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव के तौर पर नई पारी शुरू की है।'

### इस कोर्स में क्या है खास

- 100 % प्लेसमेंट
- 100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेज
- 20 लर्निंग टूल्स
- 10 इंडस्ट्री बेस्ड मॉड्यूल्स
- 8 से अधिक लाइव प्रोजेक्ट और केस स्टडीज
- गूगल सर्टिफाइड एक्सपीरिएंस्ड फैकल्टीज
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन
- इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स द्वारा मास्टर क्लास

### सफलता के साथ बनाएं अपना करिअर

कई सालों से अगर आप सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं फिर भी आपको सफलता नहीं मिली है तो आप सफलता के डिजिटल मार्केटिंग और ग्राफिक डिजाइन जैसे स्किल डेवलपमेंट कोर्सेज का हिस्सा बनकर डिजिटल सेक्टर में कम समय में आकर्षक पैकेज वाली नौकरी हासिल कर सकते हैं।




# हर क्षेत्र में बेहतर भविष्य की राह अर्थशास्त्र

**अर्थशास्त्र को एक ऐसे विषय के तौर पर देखा जा सकता है, जिसकी उपयोगिता लगभग हर क्षेत्र में होती है। सरल शब्दों में कहें तो अर्थशास्त्र समाज के सीमित संसाधनों का दक्षतापूर्ण ढंग से उपयोग करने की अनेक प्रणालियों का अध्ययन है। इसी बुनियादी नियम पर हमारी व्यावसायिक व आर्थिक इकाइयों की गतिविधियां टिकी होती हैं। अर्थशास्त्री आर्थिक आंकड़ों का विश्लेषण और विभिन्न नीतिगत विकल्पों का तुलनात्मक अध्ययन करते हैं। साथ में इनके भावी प्रभाव पर पैनी नजर रखते हैं, ताकि विकास दर पर नियंत्रण रखा जा सके। अर्थशास्त्री इसी दृष्टिकोण से काम करते हैं। इनका कार्यक्षेत्र एक छोटी कंपनी से लेकर देश की अर्थव्यवस्था जैसा बहुआयामी भी हो सकता है।**

अर्थशास्त्र में सफल पेशेवर बनने के लिए आपमें उपलब्ध डाटा का विश्लेषण कर पाने की क्षमता का बेहतर होना जरूरी है। इसी क्रम में मैथ्स और स्टैटिस्टिक्स की बुनियादी समझ बेहद जरूरी है। आर्थिक विषमताओं/स्थितियों को समझने–बूझने का निरीक्षण कौशल भी इसमें आगे बढ़ने के लिए जरूरी है।

अर्थशास्त्र 12वीं स्तर पर एक विषय के तौर पर पढ़ाया जाता है, पर इस विषय में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए अर्थशास्त्र से बीए (ऑनर्स) कोर्स से असली शिक्षा की शुरुआत होती है। हालांकि अर्थशास्त्र में ग्रेजुएशन के स्तर पर कई अन्य कोर्सेज भी संचालित किए जाते हैं। इनमें बीए(बिजनेस इकोनॉमिक्स), बीए(डेवलपमेंटल इकोनॉमिक्स) जैसे कोर्स का नाम लिया जा सकता है। देश के कई विश्वविद्यालयों में ये तमाम कोर्स कराये जाते हैं। अर्थशास्त्र से जुड़े विभिन्न कोर्सेज की मांग इसी बात से समझी जा सकती है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में इसके ग्रेजुएट स्तर के कोर्स में प्रवेश पाने के लिए 90 फीसदी से अधिक अंक चाहिए होते हैं।

### विशेषज्ञता की ओर बढ़ाएं कदम

ग्रेजुएशन में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को मास्टर्स स्तर पर अर्थशास्त्र की कई शाखाओं में विशेषज्ञता अर्जित करने के लिए विकल्प दिए जाते हैं। इनमें प्रमुख रूप से एनालिटिकल एंड एप्लाइड इकोनॉमिक्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, कॉर्पोरेशन एंड एप्लाइड इकोनॉमिक्स, इकोनॉमेट्रिक्स, इंडियन इकोनॉमिक्स का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है। इनके अलावा इंडस्ट्रियल इकोनॉमिक्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स, एन्वायर्नमेंटल इकोनॉमिक्स, बैंकिंग इकोनॉमिक्स व रूरल इकोनॉमिक्स भी उल्लेखनीय हैं। छात्र चुनिंदा विश्वविद्यालयों में उपलब्ध एमबीए (बिजनेस इकोनॉमिक्स) कोर्स का भी लाभ उठा सकते हैं। अर्थशास्त्र में पीजी डिप्लोमा और पीएचडी की राह भी चुन सकते हैं। देश के ज्यादातर सरकारी विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र से जुड़े कोर्सेज उपलब्ध हैं।

### इंडियन इकोनॉमिक सर्विस

कम ही लोग जानते होंगे कि देश में इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस की तरह इंडियन इकोनॉमिक सर्विस भी है। इसमें उपयुक्त प्रत्याशियों के चयन के लिए अखिल भारतीय स्तर पर यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करती है। इस परीक्षा में अर्थशास्त्र/स्टैटिस्टिक्स विषय में कम से कम मास्टर्स डिग्रीधारक युवा ही शामिल हो सकते हैं। प्रत्याशी की आयु 21 वर्ष से लेकर 30 वर्ष तक होनी चाहिए। इस परीक्षा में लिखित परीक्षा के बाद इंटरव्यू लिया जाता है। लिखित परीक्षा में जनरल इंग्लिश, जनरल नॉलेज व अर्थशास्त्र पर आधारित अन्य पेपर्स होते हैं। यह केंद्र सरकार की ग्रुप 'ए' सर्विस है। सफल प्रत्याशियों को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ, दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके बाद इनकी पहली नियुक्ति सहायक निदेशक के पद पर होती है। कार्यानुभव बढ़ने के साथ पदोन्नति पाते हुए प्रिंसिपल इकोनॉमिक एडवाइजर के पद तक पहुंच सकते हैं।

### विदेश में नौकरी के अवसर

अर्थशास्त्र के विशेषज्ञों को विदेशी संस्थानों जैसे इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड, वर्ल्ड बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक के अलावा मल्टी नेशनल कंपनियों में शानदार मौके मिलते हैं। इनकी नियुक्तियां अर्थशास्त्री, नीति–निर्माता, एनालिस्ट, कंसल्टेंट आदि रूपों में होती हैं। विदेशों के सरकारी संस्थानों में भी भारतीय आर्थिक विशेषज्ञों की अच्छी–खासी मांग है। विदेश में बतौर रिसर्च स्कॉलर/प्राध्यापक के पदों पर आकर्षक पैकेज पर नियुक्तियां होती हैं।

### इस विशिष्ट कोर्स का उठाएं लाभ

देश के कुछ चुनिंदा विश्वविद्यालयों में ग्रेजुएशन स्तर पर तीन वर्षीय बैचलर ऑफ बिजनेस इकोनॉमिक्स कोर्स उपलब्ध है। प्राय: परीक्षा के जरिये इस कोर्स की सीमित सीटों पर प्रवेश दिया जाता है। प्रवेश परीक्षा में वर्बल एबिलिटी, क्वांटिटेटिव एबिलिटी, लॉजिकल रीजनिंग, जनरल अवेयरनेस से जुड़े ऑब्जेक्टिव टाइप प्रश्न पूछे जाते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के दस कॉलेजों में यह विशिष्ट कोर्स कराया जाता है। इनमें लगभग 480 सीटों पर प्रवेश दिया जाता है।

### रोजगार के अवसर

निजी क्षेत्र की तमाम औद्योगिक इकाइयों, बैंकिंग सेक्टर, फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन, कॉमर्स, टैक्सेशन, इंटरनेशनल ट्रेड, एक्चुरियल साइंस आदि में इस क्षेत्र के पेशेवरों की मांग बनी रहती है। हर साल सरकारी क्षेत्र में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, नीति आयोग, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पालिसी, नेशनल सैम्पल सर्वे तथा विभिन्न राज्य सरकारों के संबंधित विभागों आदि में बड़ी संख्या में अर्थशास्त्रियों की नियुक्तियां की जाती है। अर्थशास्त्र का शिक्षक भी बना जा सकता है।

### चुनौतियां

- ग्रेजुएशन के बाद ही इस क्षेत्र में रोजगार के विकल्प बनते हैं। लेकिन ज्यादा अवसर उपलब्ध हो पाएं, उसके लिए उच्च अध्ययन की ओर कदम बढ़ाना जरूरी होता है।
- चूंकि इस क्षेत्र में आर्थिक विश्लेषण के लिए स्टैटिस्टिक्स, कैल्कुलस और ऊंचे दर्जे की गणित का इस्तेमाल होता है, इसलिए छात्रों को अनिवार्य रूप से गणित विषय पसंद होना चाहिए।
- अर्थशास्त्र की पढ़ाई को गंभीरता से लें। बीए (ऑनर्स) अर्थशास्त्र के सिलेबस को काफी कठिन माना जाता है।

### प्रमुख संस्थान

- दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली
- जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- यूनिवर्सिटी ऑफ बॉम्बे, मुंबई
- बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, वाराणसी
- प्रेसिडेंसी कॉलेज, कोलकाता

# इंडियन नेवी का हिस्सा नहीं है मर्चेंट नेवी

अगर आपको समुद्र की लहरें अपनी ओर खींचती हैं और आपको घूमना–फिरना भी काफी पसंद है तो आप अपने इस शौक से जुड़ा ही कॅरियर विकल्प चुन सकते हैं और वह है मर्चेंट नेवी। अक्सर लोग मर्चेंट नेवी को इंडियन नेवी का हिस्सा समझ लेते हैं, लेकिन वास्तव में यह उससे बिल्कुल अलग है। यह एक कमर्शियल फील्ड है, जिसमें समुद्री जहाजों के जरिये एक जगह से दूसरी जगह सामान और यात्री को लाया ले जाया जाता है। चूंकि यह कार्य बड़े समुद्री जहाज के जरिए किया जाता है और उसके लिए प्रशिक्षित लोगों की जरूरत होती है इसलिए मर्चेंट नेवी में कॅरियर के भी कई विकल्प मौजूद हैं–

### क्या होता है काम

मर्चेंट नेवी में व्यक्ति अपनी योग्यता व स्किल्स के आधार पर अलग–अलग पदों पर काम करता है। आप वहां पर समंदर के नक्शों से लेकर इलेक्टानिक सामान की देखभाल, शिप का संचालन व यात्रियों को अन्य प्रकार की सेवाएं आदि प्रदान कर सकते हैं।

### स्किल्स

चूंकि यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें आपको घर से कई–कई दिनों तक दूर रहना पड़ता है, इसलिए मेंटली रूप से आपका इसके लिए तैयार होना जरूरी है। साथ ही आपको अपने काम के प्रति प्यार होना चाहिए, तभी आप लंबे समय तक काम कर पाएंगे। मर्चेंट नेवी में लोगों को टीमवर्क में काम करना होता है, इसलिए आपके अंदर यह गुण होना भी बेहद जरूरी है। वहीं इस क्षेत्र में आपको कभी भी जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, इसके लिए भी आपको हमेशा तैयार रहना होता है।

### योग्यता

इस क्षेत्र में अलग–अलग पोस्ट के लिए अलग–अलग योग्यता की जरूरत होती है। इस फिल्ड में 10वीं पास से लेकर बीटेक डिग्री वाले लोग अपना करियर देख सकते हैं। हालांकि इस क्षेत्र में समय सीमा निर्धारित है। इस फिल्ड में जाने के लिए आपकी उम्र सीमा 16 से 25 साल के बीच होनी चाहिए। आप अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर कोर्स करके मर्चेंट नेवी में कॅरियर बना सकते हैं। जैसे 10वीं पास वाले व्यक्ति मर्चेंट नेवी में डिप्लोमा कर सकते है। वहीं अगर आपने 12वीं साइंस स्ट्रीम से पास की है तो आप नॉटिकल साइंस, मरीन इंजीनियरिंग, ग्रेजुएट मेकेनिकल इंजीनिर्यस का कोर्स कर सकते है। स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद भी इस क्षेत्र में कदम बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए आपके पास ग्रेजुएशन में 50 प्रतिशत अंक व आयु 28 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### संभावनाएं

मर्चेंट नेवी में प्रोफेशनल कोर्स करने के बाद आप काम की संभावनाएं कई जगहों पर व कई पदों तक काम की तलाश कर सकते हैं। आप मालवाहक जहाजों से लेकर कंटेनर जहाजों, टैंकरों, थोक वाहक, और यात्री जहाजों आदि में बतौर रेडियो ऑफिसर, इलेक्टिकल ऑफिसर, जूनियर इंजीनियर, नॉटिकल सर्वेयर व कप्तान के रूप में काम कर सकते हैं। चूंकि इस क्षेत्र में प्राइवेट और सरकारी दोनों कंपनियां काम करती हैं तो आप सरकारी संस्थान में भी नौकरी के अवसर तलाश सकते हैं।

### आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी आपके पद व अनुभव के आधार पर तय होती है। इस क्षेत्र में शुरूआती सैलरी पद के हिसाब से 15000 से शुरू होकर 50000 तक जाती है। वही अनुभव व पद बढ़ने के साथ–साथ आप लाखों में कमा सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- समुद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेरीटाइम, मुंबई
- मेरीटाइम फाउंडेशन, चेन्नई
- ट्रेनिंग शिप चाणक्य, मुंबई
- इंस्टीट्यूट ऑफ मरीनटाइम स्टडी, गोवा
- हिन्द इंस्टीट्यूट ऑफ नॉटिकल साइंस एंड इंजीनियरिंग, उत्तरप्रदेश
- इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मरीन इंजीनियरिंग, कोलकाता
- तोलानी मेरीटाइम इंस्टीट्यूट, दिल्ली
- महाराष्ट्र एकेडमी ऑफ नेवल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग, पुणे
- इंडियन मेरीटाइम यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- कोयम्बटूर मरीन सेंटर, कोयम्बटूर



## श्रीलंका 113-7 से 236 तक पहुंची, इस पुछल्ले बल्लेबाज ने खेली कमाल की पारी

एजेंसी

**मैनचेस्टर ।** कप्तान धनंजय डिसिल्वा के अर्धशतक के बाद मिलन रत्नायके के 72 रनों की बदौलत श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 236 रन बनाए। श्रीलंका के लिए यहां पहुंचना अहम रहा क्योंकि एक समय उनका स्कोर 7 विकेट पर 113 रन हो गया था। तभी कप्तान धनंजय (74) ने पदार्पण कर रहे मिलन रत्नायके के साथ मिलकर 8वें विकेट के लिए 63 रन जोड़े। इसके बाद रत्नायके ने एक छोर संभाला और टीम को 236 रन तक ले गए। धनंजय ने जहां 84 गेंदों पर 8 चौके लगाए तो वहीं, रत्नायके ने 135 गेंदों पर 6 चौके और दो छक्कों की मदद से 72 रन बनाए। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। उनका फैसला गलत साबित हुआ क्योंकि इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने सातवें ओवर में ही मेहमान टीम का स्कोर 6 रन पर 3 विकेट कर दिया। गस एटकिंसन ने छठे ओवर में दिमुथ करूणारत्ने (02) को विकेटकीपर जेमी स्मिथ के हाथों कैच कराके टीम को पहली सफलता दिलाई। क्रिस वोक्स ने अगले ओवर में निशान मदुष्का (04) और एंजेलो मैथ्यूज (00) को पवेलियन भेजकर श्रीलंका को दोहरा झटका दिया। कुसाल मेंडिस (24) ने कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन मार्क वुड की उछाल लेती गेंद उनके दाएं हाथ के अंगूठे को छूकर दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक के हाथों में चली गई।

## टिम साउथी ने माना- चोट क्या लगी बुमराह को ! वो और भी खतरनाक हो गए

**मुंबई ।** न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउथी का मानना ??है कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट से वापसी के बाद से और भी अधिक खतरनाक हो गए हैं। इस चोट के कारण बुमराह पिछले साल अधिकांश समय मैदान से बाहर रहे थे। बुमराह ने सितंबर 2022 में बाहर होने के बाद अगस्त 2023 में वापसी की और तब से भारत के सबसे सफल गेंदबाज हैं। उन्हें हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रिकी पोंटिंग ने 'पिछले 5-6 वर्षों में सभी प्रारूपों में विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज' बताया था। साउथी ने कहा कि सबसे पहले तो बड़ी चोट से उबरकर वापसी करना और वह तो पहले से भी बेहतर हो गया है। इसके अलावा कई प्रारूपों में खेलना भी कई बार मुश्किल हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि वह इसे आसानी से करने में सक्षम है। वह शायद अधिक अनुभवी है, अपने खेल को थोड़ा और समझता है। शायद उसने चोट के बाद तरोताजा होकर वापसी की। साउथी ने कहा कि हम तीनों प्रारूपों में बुमराह का शानदार प्रदर्शन देख रहे हैं। वह इस समय तीनों प्रारूपों में शानदार है। मुझे नहीं लगता कि उनसे बेहतर कोई और है, वह तीनों प्रारूपों में जबरदस्त है।

साउथी ने न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड के साथ उपमहाद्वीप में कुछ टेस्ट मैचों में नहीं खेलने की संभावना पर चर्चा की। न्यूजीलैंड की टीम को दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका जाने से पहले नोएडा में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलना है।

## लखनऊ के मेंटर के रूप में आईपीएल में वापसी कर सकते हैं जहीर खान

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में इस टूर्नामेंट में वापसी कर सकते हैं। यह 45 वर्षीय क्रिकेटर इससे पहले मुंबई इंडियंस में वैश्विक विकास का प्रमुख था। उन्होंने इसी फ्रेंचाइजी में 2018 से लेकर 2022 तक क्रिकेट निदेशक का पद भी संभाला था। जहीर खान पहले 10 सत्र में एक क्रिकेटर के रूप में आईपीएल से जुड़े रहे। इस बीच उन्होंने तीन टीम मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) की तरफ से कुल मिलाकर 100 मैच खेले जिनमें उन्होंने 7.59 की इकोनॉमी रेट से 102 विकेट लिए। रिपोर्ट के अनुसार, 'जहीर खान की लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के मेंटर पद के लिए फ्रेंचाइजी से बातचीत चल रही है। यह फ्रेंचाइजी गौतम गंभीर के जाने के बाद टी20 क्रिकेट से अच्छी तरह वाकिफ किसी भारतीय पूर्व क्रिकेटर को अपने कोचिंग स्टाफ में जोड़ना चाहती है। गंभीर के रहते हुए लखनऊ की टीम 2022 और 2023 में दो बार प्ले-ऑफ में पहुंची थी। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर 2023 के आखिर में कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़ गए थे और उन्होंने इस साल इस फ्रेंचाइजी को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्हें भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। लखनऊ को अपने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की सेवाएं भी नहीं मिलेगी। दक्षिण अफ्रीका का यह पूर्व तेज गेंदबाज इसी भूमिका में भारत की पुरुष टीम में गंभीर के सहयोगी स्टाफ में शामिल हो गए हैं।

## ससेक्स ने चेतेश्वर पुजारा से खत्म किया करार, इस ऑस्ट्रेलियाई से मिलाया 'हाथ'

**लंदन ।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा अगले साल की काउंटी चैंपियनशिप के लिए ससेक्स की टीम में वापसी नहीं करेंगे क्योंकि इंग्लैंड के क्लब ने ऑस्ट्रेलिया के डेनियल ह्यूज की सेवाएं बरकरार रखने के लिए उन्हें कार्यमुक्त करने का विकल्प चुना है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ह्यूज अगले सत्र में सभी चैंपियनशिप और टी20 विटैलिटी ब्लास्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। क्लब ने यह भी घोषणा की कि वेस्टइंडीज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स इस काउंटी टीम की तरफ से चैंपियनशिप के शुरुआती मैचों में खेलेंगे। पुजारा 2024 में लगातार तीसरी बार ससेक्स की तरफ से खेले थे। उन्होंने ह्यूज की वापसी से पहले पहले सात चैंपियनशिप मैच खेले।

# अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप: साईनाथ पारधी ने जीता कांस्य; चार भारतीय महिला पहलवान फाइनल में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** साईनाथ पारधी ने जॉर्डन के अम्मान में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के लिए दूसरा पदक जीता, जब उन्होंने पुरुषों के 51 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में कजाकिस्तान के येरासिल मुसन पर 3-1 से जीत के साथ कांस्य हासिल किया। पारधी ने रेपेचेज राउंड में यूएसए की मुनारेटो डोमेनिक माइकल को 7-1 से हराकर पदक मुकाबले में प्रवेश किया था।

चार भारतीय महिला पहलवान फाइनल में पहुंचीं-

43 किग्रा वर्ग में अदिति कुमारी ने अलेक्जेंड्रा बेरेज़ोवस्काया को 8-2 से हराकर स्वर्ण पदक मैच में प्रवेश किया और अब उनका सामना ग्रीस की मारिया एल गिका से होगा। अदिति ने यूक्रेन की कैरोलिन शपरिक (10-0) और मैरिएम मोहम्मद अब्देलाल (4-2) के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया।

57 किग्रा के सेमीफाइनल में



नेहा ने कजाकिस्तान की अन्ना स्ट्रेटन को 8-4 से हराया और अब उनका मुकाबला जापान की सो त्सुत्सुई से होगा। नेहा ने बिना कोई अंक गंवाए सेमीफाइनल में जगह बनाई क्योंकि उन्होंने ग्रीक प्रतिद्वंद्वी मैरी मनी को पिन किया और फिर जॉर्जिया की मिरांडा कपानाडेज़ के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की।

65 किग्रा वर्ग में पुलकित ने मिस्र की मरम इब्राहिम एली पर 3-0 से जीत हासिल की और फाइनल में डारिया फ्रोलोवा से भिड़ेंगी। इससे पहले पुलकित ने चीन के लिंग कै को विन बाय फॉल के लिए हराया और उसके बाद जुलियाना कैटानज़ारो के खिलाफ 9-0 की शानदार जीत दर्ज की।

इस बीच, 73 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही मानसी लाथेर ने यूक्रेन की क्रिस्टीना डेमचुक के खिलाफ 12-2 के स्कोर के साथ फॉल से जीत हासिल की और स्वर्ण पदक के लिए हन्ना पिरस्काया का सामना करेंगी। मंगलवार रात ग्रीको-रोमन कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में विश्व में दूसरे स्थान पर काबिज रौनक ने तुर्की के इमरुल्लाह कैपकन को 6-1 से आसानी से हराकर चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक जीता। सेमीफाइनल में वे हंगरी के रजत पदक विजेता ज़ोल्टन ज़ाको से हार गए थे। स्वर्ण पदक यूक्रेन के इवान यानकोवस्की ने जीता, जिन्होंने ज़ाको को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

## जर्मनी से हारना दुर्भाग्यपूर्ण, लगातार कांस्य पदक जीतना बड़ी उपलब्धि : हरमनप्रीत सिंह

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि कई मौके बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में जर्मनी से हारना दुर्भाग्यपूर्ण रहा लेकिन इसके साथ ही उन्होंने लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने के प्रदर्शन को बड़ी उपलब्धि करार दिया। भारत ने पेरिस में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता और इस तरह से तोक्यो ओलंपिक खेलों का प्रदर्शन दोहराया। इससे पहले सेमीफाइनल में उसे मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम का यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया और ओडिशा सरकार ने उसे सम्मानित किया। हरमनप्रीत ने कहा कि जर्मनी के खिलाफ मैच बेहद करीबी था। हमने कई मौके बनाए लेकिन उस दिन भाग्य हमारे साथ नहीं था और कुछ अवसरों पर हम चूक गए। उन्होंने कहा- लेकिन मुझे लगता है कि कांस्य पदक जीतना भी बहुत महत्वपूर्ण था। यह टूर्नामेंट में हमारा आखिरी मैच था और मैच जीतने के बाद बहुत खुशी महसूस हो रही है। हमारी कोशिश थी कि हम अपना सपना (स्वर्ण जीतने का) पूरा करें लेकिन किसी तरह से किस्मत ने हमारा साथ नहीं दिया।

हरमनप्रीत ने कहा कि हमारे पास कांस्य पदक जीतने का मौका था और हम जीत के लक्ष्य के साथ ही मैदान पर उतरे। हमने लगातार दो पदक जीते हैं और यह बड़ी उपलब्धि है। भारतीय कप्तान ओडिशा में मिले स्वागत और सम्मान से बेहद खुश थे। उन्होंने कहा कि हमें हर तरफ से प्यार और सम्मान मिल रहा है। जब भी टीम यहां आती है, चाहे वह किसी टूर्नामेंट में खेलने के लिए हो या पदक जीतने के बाद, हमेशा अच्छा लगता है... हमें यहां बहुत सम्मान मिलता है।

## डीपीएल: अर्पित राणा के साहसिक अर्धशतक से पुरानी दिल्ली 6 को मिली पहली जीत

एजेंसी

नई दिल्ली। सलामी बल्लेबाज अर्पित राणा के शानदार अर्धशतक की बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने यहां प्रतिष्ठित श्री अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के अपने तीसरे मैच में वेस्ट दिल्ली लायंस को 7 विकेट से हरा दिया। यह जीत सलामी बल्लेबाज अर्पित राणा के शानदार अर्धशतक की बदौलत मिली, जिन्होंने 43 गेंदों पर 56 रनों की पारी खेली।

पुरानी दिल्ली 6 की मौजूदा सीजन में यह पहली जीत है। ललित यादव की अगुआई वाली टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में वेस्ट दिल्ली लायंस को 141/9 पर रोक दिया। पुरानी दिल्ली 6 की ओर से लक्ष्मण ने तीन और आयुष सिंह ने दो विकेट लिए। इसके बाद दिल्ली 6 ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, यह जीत हमारे खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की कड़ी मेहनत और समर्पण का नतीजा है। अर्पित राणा की पारी में धैर्य और कौशल का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला और गेंदबाजों ने अपने अनुशासित प्रयासों से नींव रखी। हम इस प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए उत्सुक हैं।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्ट दिल्ली लायंस की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने तीन ओवर के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। शिवम गुप्ता और कप्तान ऋतिक शौकीन ने वेस्ट दिल्ली लायंस को दो छोटी साझेदारियां बनाने में मदद की।

शिवम आठवें ओवर में आउट हो गए, जबकि शौकीन 12वें ओवर में आउट हो गए, जिससे वेस्ट दिल्ली



लायंस का स्कोर 65/5 हो गया। देव लाकड़ा ने कुछ शॉट खेले, लेकिन पारी को ज्यादा देर तक आगे नहीं बढ़ा पाए।

वेस्ट दिल्ली लायंस नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और कोई बड़ी साझेदारी नहीं बना पाई। एकांश डोबाल और तिशांत डबला ने क्रमशः 14 गेंदों पर 34 और 9 गेंदों पर 23 रन बनाकर वेस्ट दिल्ली लायंस को निर्धारित 20 ओवर में 141/9 तक पहुंचाया।142 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली 6 ने 4 ओवर में 40 रन बनाकर सकारात्मक शुरुआत की। अर्पित राणा ने पुरानी दिल्ली 6 को जोरदार शुरुआत दी, लेकिन चौथे ओवर में मंजीत आउट हो गए। इसके बाद सनत सांगवान ने अर्पित राणा की मदद की और दोनों ने 40 रनों की साझेदारी की।

11वें ओवर में सांगवान आउट हो गए और पुरानी दिल्ली 6 का स्कोर 82/2 हो गया। 13वें ओवर में ललित यादव आउट हो गए, लेकिन अर्पित राणा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। अंत में, पुरानी दिल्ली 6 ने 17 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया, वंश बेदी ने 18 गेंदों में 30 रन बनाए और दिल्ली 6 को जीत दिलाई। पुरानी दिल्ली का अगला मुकाबला शुक्रवार को सेंट्रल दिल्ली किंग्स से होगा।

## बीबीएल: ओली पोप ने एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ किया करार

एजेंसी

एडिलेड। इंग्लैंड के मौजूदा कार्यवाहक टेस्ट कप्तान ओली पोप ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ करार किया है। पोप, जो बेन स्टोक्स की हैमस्ट्रिंग चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की कप्तानी कर रहे हैं, 18 दिसंबर को समाप्त होने वाले न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के बाद स्ट्राइकर्स के लिए उपलब्ध होंगे, जिसका मतलब है कि वह कम से कम पहला मैच नहीं खेल पाएंगे।

पोप 28.77 की औसत और 132.82 की स्ट्राइक-रेट के साथ 1295 रन के अपने टी20 रिकॉर्ड को आगे बढ़ाना चाहेंगे। हाल ही में लंदन स्पिरिट के लिए हंड्रेड में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, जहां उन्होंने पांच पारियों में 35 रन बनाए थे।

उन्हें एशेज के प्रतिद्वंद्वी ट्रैविस हेड और एलेक्स कैरी के साथ मिलकर खेलने का मौका मिलेगा, जिन्होंने चार साल का नया करार किया है, जब वे भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद बीबीएल के लिए थोड़े समय के लिए उपलब्ध होंगे। स्ट्राइकर्स के नए मुख्य कोच टिम पेन ने कहा, ओली पोप एक असाधारण प्रतिभा है, जिसका उच्चतम स्तर पर सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। उनकी गतिशील बल्लेबाजी शैली और विकेट-कीपिंग क्षमताएं हमारी टीम के लिए एक शानदार अतिरिक्त हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में पुष्टि की गई थी कि स्ट्राइकर्स ने ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को अपने प्री-ड्राफ्ट साइनिंग के रूप में नहीं लिया है, लेकिन यदि वे पिछले सीजन में बहुत बड़ा प्रभाव डालने वाले इंग्लैंड के ऑलराउंडर को राशिद खान ने ड्राफ्ट के लिए नामांकन नहीं किया है, जिसका मतलब है कि पिछले साल चोट के कारण बाहर होने के बाद वह लगातार दूसरे सीजन में बीबीएल से बाहर रहेंगे। अफगानिस्तान में बीबीएल के पहले भाग के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट



वापस लाना चाहते हैं, तो वे ड्राफ्ट के दौरान ही अपने रिटेंशन विकल्प का उपयोग कर सकेंगे। एएपी ने बताया कि निर्धारित है, फिर राशिद ने एसए20 के लिए हस्ताक्षर किए हैं। बीबीएल ड्राफ्ट 1 सितंबर को होगा।

## आईसीसी चेयरमैन बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं जय शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निवर्तमान सचिव जय शाह, ग्रेग बार्कले के स्थान पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। आईसीसी नियम पुस्तिका के अनुसार, आईसीसी के मौजूदा 16 निदेशकों में से प्रत्येक को 27 अगस्त तक आईसीसी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करना होगा। यदि कई नामांकन होते हैं, तो नवंबर के दूसरे सप्ताह में चुनाव होंगे और नया अध्यक्ष 1 दिसंबर से कार्यभार संभालेगा। कई स्रोतों ने संकेत दिया है कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्डों के समर्थन के साथ, शाह का शीर्ष पद पर पदोन्नत होना एक औपचारिकता मात्र है क्योंकि उन्हें सर्वसम्मति से नियुक्त किए जाने की उम्मीद है। हालाँकि बार्कले अभी भी दो साल का तीसरा कार्यकाल लेने के लिए पात्र थे, उन्होंने मंगलवार को आईसीसी बोर्ड को सूचित किया कि वह एक और कार्यकाल के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे, इस प्रकार वैश्विक क्रिकेट शासी निकाय में शीर्ष भूमिका के लिए शाह के उत्थान का मार्ग प्रशस्त हुआ। हालांकि, आईसीसी में जाने से पहले उन्हें बीसीसीआई सचिव के पद से इस्तीफा देना होगा। अक्टूबर 2022 में बीसीसीआई सचिव के रूप में अपना दूसरा कार्यकाल शुरू करने वाले शाह को सितंबर 2025 में अपने वर्तमान कार्यकाल के समाप्त होने के बाद बीसीसीआई में कम से कम तीन साल की कूलिंग-ऑफ अवधि पूरी करनी है। और इसे ध्यान में रखते हुए, आईसीसी में जाना शाह के लिए एक व्यवहार्य विकल्प प्रतीत होता है। आईसीसी ने बीसीसीआई संविधान के अनुरूप अध्यक्ष के कार्यकाल को तीन साल के अधिकतम दो कार्यकाल तक संशोधित करने के लिए नियम में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। अगर शाह अंततः पदभार संभालते हैं, तो वह 36 वर्ष की आयु में आईसीसी के सबसे कम उम्र के प्रमुख होंगे। वह जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन. श्रीनिवासन और शशांक मनोहर के साथ वैश्विक निकाय की अध्यक्षता करने वाले भारतीयों के क्लब में शामिल हो जाएंगे।

## बांग्लादेश हो या यूएई, हमारी टी20 विश्व कप तैयारियों पर असर नहीं पड़ेगा : दीप्ति शर्मा

एजेंसी

**मुंबई।** भारत की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा आगामी महिला टी20 विश्व कप में अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं और उन्हें लगता है कि आयोजन स्थल में अचानक परिवर्तन से उनकी टीम की तैयारियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बांग्लादेश में अशांति के बाद टी20 विश्व कप को यूएई में स्थानांतरित कर दिया। तीन से 20 अक्टूबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट अब दुबई और शारजाह में होगा जिसमें बांग्लादेश मेजबानी के अधिकार को बरकरार रखेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि उसे राजस्व का अपना हिस्सा मिले।दीप्ति ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि विश्व कप कहां हो रहा है, मैं सिर्फ इस बात पर ध्यान केंद्रित करती हूं कि एक ऑलराउंडर के रूप में मैं टीम की सफलता में कैसे योगदान दे सकती हूं। उन्होंने कहा कि मैं बस अपना सब कुछ देना चाहती हूं और पिछले चार-पांच महीने हमारे लिए अच्छे रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि अच्छा प्रदर्शन जारी रहेगा और इस बार हम ट्रॉफी के इंतजार को खत्म करेंगे। हमें थोड़ी जानकारी है कि यूएई के विकेट कैसे होंगे। इस ऑलराउंडर ने हाल के महीनों में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया है और इस समय वह अपने क्रिकेट का लुत्फ उठा रही हैं।

# आईसीसी की पहली स्वतंत्र महिला निदेशक इंदिरा नूयी का इस्तीफा

एजेंसी

**दुबई।** इंदिरा नूयी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से अपना नाता तोड़ लिया है। पेप्सिको की पूर्व सीईओ, जो विश्व निकाय की पहली स्वतंत्र महिला निदेशक थीं, अब इस प्रतिष्ठित पद पर नहीं हैं। क्रिकबज के अनुसार, पिछले महीने कोलंबो में हुए वार्षिक सम्मेलन के साथ ही उनका कार्यकाल समाप्त हो गया।

कोलंबो सम्मेलन के दौरान भारतीय मूल की अमेरिकी नूयी ने ऑनलाइन बैठक में भाग लिया और इस अवसर के लिए आईसीसी को धन्यवाद दिया। माना जा रहा है कि आईसीसी अब एक उपयुक्त उम्मीदवार की तलाश कर रहा है, जो स्वतंत्र निदेशक की परिभाषा में फिट हो सके। चर्चा है कि उनकी जगह एक ऑस्ट्रेलियाई महिला आएगी। चेन्नई में जन्मी अमेरिकी व्यवसायी नूयी जून 2018 में शुरुआत में दो



साल के कार्यकाल के लिए आईसीसी में शामिल हुईं, आईसीसी संविधान के अनुसार, एक स्वतंत्र महिला निदेशक दो साल के तीन कार्यकाल के लिए पात्र है और जुलाई 2024 में, उन्होंने तीन कार्यकालों वाले पात्र छह साल पूरे कर लिए।नूयी को सबसे पहले शशांक मनोहर ने आईसीसी में नियुक्त किया था, जो आईसीसी के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष हैं। इसके बाद, उन्हें दो बार सेवा विस्तार मिला। आईसीसी में शामिल होने से पहले, नूयी ने 2006 से 2018 तक पेप्सिको के सीईओ के रूप में काम किया।

महिला निदेशक के जाने के बाद, आईसीसी के शक्तिशाली बोर्ड में अब 16 सदस्य 12 पूर्ण सदस्य, तीन एसोसिएट नेशन निदेशक और अध्यक्ष हैं । हालांकि अब बोर्ड में 17 सदस्य होंगे। यह संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि निदेशक नए अध्यक्ष का चुनाव करेंगे, जिसके लिए आईसीसी ने अधिसूचना जारी की।

# अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के सहायक कोच नियुक्त हुए आर. श्रीधर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर. श्रीधर को सीनियर पुरुष टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। 54 वर्षीय श्रीधर न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम से जुड़ेंगे। लंबी अवधि के अनुबंध पर बाद में विचार-विमर्श किया जा सकता है।

श्रीधर के पास कोचिंग का अच्छा खासा अनुभव है और उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप तक रवि शास्त्री के अधीन भारत के फील्डिंग कोच के रूप में काम किया है। 2008 से 2014 तक, पूर्व प्रथम



श्रेणी बाएं हाथ के स्पिनर ने भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में सहायक फील्डिंग और स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में भी काम किया और 2014 के भारत अंडर-19 विश्व कप टीम के सहायक कोच भी रहे। उन्होंने आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब फ्रैंचाइज़ी के साथ कोचिंग का भी लुत्फ़ उठाया है।

अफगानिस्तान टीम में श्रीधर मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट के अधीन काम करेंगे, क्योंकि टीम 9 सितंबर से नोएडा में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच 18 सितंबर से शारजाह में खेले जाएंगे।

# यूटीटी 2024: नई टीमें, नये प्रारूप ने टूर्नामेंट को बनाया और रोमांचक

एजेंसी

**चेन्नई।** कोई भी फ्रैंचाइज दो बार प्रतिष्ठित अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) का खिताब नहीं जीत पाई है। पिछले सीजन में चेन्नई लायंस अपना खिताब बरकरार रखने के बेहद करीब पहुंच गई थी, लेकिन रोमांचक फाइनल में गोवा चैलेंजर्स के खिलाफ 7-8 से हार गई थी। जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में लीग के छठे संस्करण की शुरुआत हो रही है, ऐसे में लायंस को घरेलू मैदान पर खिताब फिर से जीतने की उम्मीद होगी। हालांकि, दो नई टीमों- अहमदाबाद एसजी पाइपर्स और जयपुर पैट्रियट्स- के शामिल होने से अचंता शरत कमल एंड कंपनी के लिए फाइनल की राह और भी कठिन हो जाएगी।

शरत ने गत चैंपियन चैलेंजर्स और पैट्रियट्स के बीच लीग ओपनर की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत में कहा, यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि हम सीजन की शुरुआत कैसे करते हैं, क्योंकि हमारे पास बाकी टीमों के बारे में बहुत कम या कोई जानकारी नहीं है क्योंकि यह एक नई प्रणाली है। हमारी तैयारियाँ



हर साल की तरह ही हैं, और उम्मीद है कि हम इस सीजन में प्लेऑफ़ में प्रवेश करेंगे।

लीग चरण के दौरान टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक पक्ष पाँच मुकाबलों में भाग लेगा - एक बार उसी समूह की तीन टीमों के विरुद्ध और फिर दूसरे समूह की दो यादृच्छिक रूप से चुनी गई टीमों के विरुद्ध। शीर्ष चार टीमें बाद में 5 और 6 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुँचेंगी। फाइनल 7 सितंबर को होगा। प्रत्येक मुकाबले में पांच मैच होंगे- दो पुरुष एकल, दो महिला एकल और एक मिश्रित युगल।

**यूटीटी 6 में हिस्सा लेने वाली टीमें-**

अहमदाबाद एसजी पाइपर्सः मानुष शाह, बर्नाडेट स्ज़ोक्स (रोमानिया), लिलियन बार्डेट (फ्रांस), टी. रीथ रिश्या, पृथा वर्तिकार, जश मोदी।

चेन्नई लायंसः अचंता शरथ कमल, सकुरा मोरी (जापान), जूल्स रोलैंड (फ्रांस), पोयमंती बैस्या, मौमा दास, अभिनंद पीबी।

दबंग दिल्ली टीटीसीः साथियान ज्ञानसेकरन, ओरावन परानांग (थाईलैंड), दीया चितले, एंड्रियास लेवेंको (ऑस्ट्रिया), यशांश मलिक, लक्षिता नारंग।

## फिल साल्ट ने किया खुलासा, IPL में गौतम गंभीर से मिली 'सबसे अच्छी कोचिंग'

एजेंसी

**मुंबई (महाराष्ट्र)।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिलिप साल्ट ने भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर से मिली सबसे अच्छी सलाह का खुलासा किया जिससे उन्हें भारतीय परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली। साल्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के दौरान ट्रॉफी जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा थे। उस समय गंभीर फ्रैंचाइजी के टीम मेंटर थे, जब साल्ट केकेआर कैंप में उनके साथ जुड़े थे। आईपीएल में गंभीर के साथ बिताए समय को याद करते हुए साल्ट ने महसूस किया कि पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज की प्रतिस्पर्धात्मकता एक ऐसा कारक था जिसने उन्हें उनके साथ जुड़ने में मदद की। सॉल्ट ने सीएट क्रिकेट रेटिंग अवार्ड्स के दौरान कहा, शानदार अनुभव से बेहतर कुछ नहीं हो सकता, सबसे पहले आईपीएल में आना और जीतना। मुझे लगता है कि जीजी (गंभीर) भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों और दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए कोई अजनबी नहीं हैं। आप जानते हैं, उनका खेल रिकॉर्ड खुद ही सब कुछ बयां करता है और एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने क्या पाया।

# सोनाक्षी सिन्हा

## ने पति जहीर खान के लिए लिखा अनोखा मैसेज, कह दी दिल की बात, बोलीं- यह सच है






सोनाक्षी सिन्हा ने जहीर इकबाल से 23 जून को सिविल मैरिज की थी. 23 जून के बाद से शायद ही कोई दिन ऐसा बीता हो कि सोनाक्षी सिन्हा सुर्खियों ना रही हों. अब एक्ट्रेस अपने एक लेटेस्ट वीडियो को लेकर चर्चा में हैं. इस वीडियो में पति जहीर पर अनोखे अंदाज में प्यार लुटाती नजर आ रही हैं. शादी के 58 दिन बाद बाद एक्ट्रेस के फैंस उनके बारे में हर बात जानने के लिए एक्साइटेड हैं.बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा एक बार फिर अपने पति जहीर खान के प्रति प्यार को लेकर सुर्खियों में हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर अनोखे अंदाज में जहीर खान के प्रति अपने प्यार का इजहार किया है. सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक मिठाई की तस्वीर शेयर की और लिखा, 'मैं तुमसे आइसक्रीम से भी ज्यादा प्यार करती हूं.'

**सोनाक्षी ने जाहिर किया प्यार**

सामने आए वीडियो में सोनाक्षी ने कहा कि वह अपने पति से आइसक्रीम से भी ज्यादा प्यार करती हैं. इतना ही नहीं उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'हर किसी को तुम्हारे जैसे प्यारे व्यक्ति की जरूरत होती है, जिसके साथ हंसा जा सके, गले लगाया जा सके और जिसके साथ मिलकर अच्छे-बुरे फैसले लिएजा सकें, अगर आपने अभी तक ध्यान नहीं दिया है, तो मुझे लगता है कि आप बहुत अच्छे हैं. हनी, ईमानदारी से कहूं तो, आप मुझे पूरा करते हैं.

**पति को टैग कर लिखी दिल की बात**

सामने आए इस वीडियो में उन्होंने अपने पति जहीर खान को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, 'यह सच है. गौरतलब है कि सोनाक्षी और जहीर ने 23 जून को शादी की थी. इस शादी के दौरान उनके परिवार और करीबी दोस्त उनके साथ थे. शिल्पा शेट्टी के शानदार रेस्तरां बैस्टियन में उनके दोस्तों और करीबी लोगों के लिए एक शानदार फॉलो-अप पार्टी का भी आयोजन किया गया था.बा अगर एक्ट्रेस के एक्टिंग करियर की करें तो वह आखिरी बार रितेश देशमुख और साकिब सलीम के साथ 'ककुड़ा' में नजर आई थीं. यह फिल्म उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के एक अभिशाप ग्रस्त गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित एक हॉरर कॉमेडी है. सोनाक्षी का इस फिल्म में डबल रोल में नजर आईं.

जल्द ही वह कुश सिन्हा द्वारा निर्देशित फिल्म निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस में नजर आने वाली हैं. इस फिल्म में उनके साथ अर्जुन रामपाल, परेश रावल, सुहैल नैयर जैसे एक्टर नजर आने वाले हैं.

# मिमी चक्रवर्ती

## को मिली रेप की धमकी, पूर्व टीएमसी सांसद का छलका दर्द, दिखाए स्क्रीनशॉट



सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद कोलकाता डॉक्टर मर्डर मामले में न्याय की उम्मीद बढ़ी है, लेकिन दूसरी ओर इस पर खूब राजनीति भी हो रही है. एक्टर और पूर्व टीएमसी सांसद मिमी चक्रवर्ती ने जब दूसरे फिल्मी सितारों के साथ मिलकर 31 साल की डॉक्टर की हत्या और रेप मामले का विरोध जताया, तो उन्हें सोशल मीडिया पर रेप और हत्या की धमकियां मिलने लगीं. मिमी चक्रवर्ती के साथ विरोध प्रदर्शन में रिद्धि सेन, अरिंदम और मधुमिता सरकार शामिल हुईं थी.मिमी प्लेटफॉर्म एक्स पर आई, तो इंस्टाग्राम पर मिली धमकियों के स्क्रीनशॉट शेयर किए. उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'और हम महिलाओं को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं? इनमें से कुछ यहां हैं. जहरीले आदमियों ने रेप की धमकियों को सामान्य बना दिया, जो मुखौटा लगाकर उस भीड़ में शामिल हैं जो महिलाओं के साथ खड़े होने की बात कर रहा है. किस तरह की परवरिश और शिक्षा इसकी अनुमति देती है?'



**14 अगस्त से हो रहा धरना-प्रदर्शन**

मिमी चक्रवर्ती साल 2019 से 2024 तक जादवपुर लोकसभा सीट से सांसद रही थीं. पश्चिम बंगाल के छोटे बड़े शहरों की महिलाएं सड़कों पर उतर कर कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में 31 साल की डॉक्टर के रेप और हत्या का विरोध कर रही हैं. 14 अगस्त से आंदोलनकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज के बाहर एकत्रित हैं. बता दें कि पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं. डॉक्टर मर्डर मामले में मुख्य आरोपी संदीप घोष घिरते जा रहे हैं. सीबीआई मामले की जांच में व्यस्त है.

**पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष पर कानून ने कसा शिकंजा**

खबर आई है कि कोलकाता डॉक्टर रेप और मर्डर मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू होने से कुछ घंटे पहले, पक्षमि बंगाल सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ शिकायत दर्ज की है, जिसमें बताया गया है कि विभागीय जांच में संदीप घोष और कुछ बेईमान ठेकेदारों के बीच सांठगांठ पाई गई है.

## नुसरत जहां से लेकर दिग्विजय सिंह तक, ये कंटेस्टेंट हो सकते हैं सलमान खान के शो का हिस्सा




बिग बॉस ओटीटी 3 के खत्म होने से पहले ही मेकर्स ने सलमान खान के ग्रैंड रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' की तैयारियां शुरू कर दी थीं. जल्द कलर्स टीवी पर बिग बॉस 18 ऑन एयर होगा. रोहित शेट्टी के एडवेंचर रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' को रिप्लेस करने जा रहे इस शो में टीवी एक्टर्स के साथ साथ कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स भी नजर आने वाले हैं. यानी सलमान खान के शो में इस साल भी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और टीवी एक्टर्स एक-दूसरे के साथ टकराते हुए नजर आएंगे. अब नजर डालते हैं उन सेलिब्रिटीज के नामों पर जो इस साल सलमान खान के बिग बॉस 18 का हिस्सा बन सकते हैं.बिग बॉस ओटीटी 3 के दौरान मेकर्स ने बिग बॉस 12 की विनर और 'ससुराल सिमर का' की मशहूर एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ के पति शोएब इब्राहिम को बिग बॉस 18 के लिए कंफर्म किया था. शोएब के साथ एक्ट्रेस से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनी समीरा रेड्डी, द्रौपदी और महाकाली जैसे किरदारों से ऑडियंस का मनोरंजन करने वाली एक्ट्रेस पूजा शर्मा, मशहूर बिजनेसमैन बिल गेट्स को भी अपनी चाय से प्रभावित करने वाले डॉली चायवाला और स्प्लिट्सविला फेम दिग्विजय सिंह राठी भी इस शो का हिस्सा बन सकते हैं.

**इस सीजन में भी नजर आएंगे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर**

इन सेलिब्रिटी के अलावा सोशल मीडिया पर 10 मिलियन फॉलोअर्स के साथ जुड़े पॉपुलर इन्फ्लूएंसर जैन सैफी, रोहित शेट्टी के 'खतरों के खिलाड़ी' के रनर अप रहे मिस्टर फैजू, बिग बॉस ओटीटी 2 फेम अभिषेक मल्हान और तुनिषा शर्मा के सुसाइड केस में जेल जा चुके एक्टर शीजान खान, जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा श्रॉफ, आलिया भट्ट की तरह दिखने वाली टीवी एक्ट्रेस कनिका मान का नाम भी सलमान खान के शो में शामिल होने वाले कंटेस्टेंट में लिया जा रहा है. इन कंटेस्टेंट के अलावा दलजीत कौर भी बिग बॉस 18 में शामिल हो सकती हैं. पिछले साल केन्या में रहने वाले बिजनेसमैन से शादी करने वाली दलजीत कौर की दूसरी शादी भी टूट चुकी है. उनसे जुड़े विवादों के चलते मेकर्स उन्हें फिर एक बार शो में शामिल करने के लिए उत्सुक हैं.

## मैं नहीं ये कंटेस्टेंट है नेपोटिज्म का प्रोडक्ट...जैकी श्रॉफ की बेटी ने लगाया इल्जाम



वैसे तो 'कॉफी विद करण' में कंगना रनौत ने 'नेपोटिज्म' का मुद्दा उठाया था तब करण जौहर को लोगों ने खूब ट्रोल किया था. लेकिन अब 'नेपोटिज्म' शब्द का इस्तेमाल ज्यादातर मजाक उड़ाने के लिए किया जाता है. खुद करण जौहर ने भी इसे सीरियसली लेना छोड़ दिया है. अपने शो में भी वो 'नेपोटिज्म' और कंगना रनौत का खूब मजाक उड़ा चुके हैं. हाल ही में कलर्स टीवी की तरफ से उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर 'खतरों के खिलाड़ी' का एक प्रोमो अपलोड किया गया है, जहां जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा श्रॉफ, अभिषेक कुमार को नेपोटिज्म का टैग देते हुए नजर आ रही हैं.खतरों के खिलाड़ी के एक मजेदार प्रोमो में हम रोहित शेट्टी को कृष्णा से ये पूछते हुए देख सकते हैं कि क्या वो मानती हैं कि अभिषेक कुमार नेपोकिड हैं? उनके सवाल का जवाब देते हुए कृष्णा ये कहती हैं कि हां, सर मैं 100 प्रतिशत मानती हूं कि अभिषेक नेपोकिड हैं. दरअसल यहां रोहित शेट्टी और कृष्णा चैनल के नेपोटिज्म की बात कर रहे हैं और कृष्णा का कहना है कि क्योंकि अभिषेक चैनल के साथ पहले कुछ शोज कर चुके हैं, यहां उन्हें लेकर नेपोटिज्म हो रहा है. दरअसल इससे पहले भी कृष्णा अभिषेक को ये कहती हुई नजर आई हैं कि वो चैनल के फेवरेट हैं.

**नेपोटिज्म का उड़ाया गया खूब मजाक**

कृष्णा के इस जवाब के बाद अभिषेक कुमार उनसे कहते हैं, हां मैं नेपो हूं और तुम भी नेपो हो. उनकी इस तूतू-मैंमैं को रोकते हुए रोहित शेट्टी शो में शामिल सभी कंटेस्टेंट से पूछते हैं कि यहां कौन हैं जिसे लगता है कि अभिषेक कलर्स टीवी का नेपोकिड नहीं है? उनके इस सवाल पर सिर्फ अभिषेक के खास दोस्त शालीन हाथ उठाते हुए नजर आए. उन्हें इस तरह से अभिषेक के सपोर्ट में हाथ उठाता हुआ देख रोहित शेट्टी ने उनकी टांग खिचाई करते हुए कहा तुम भी तो बड़े वाले नेपोकिड हो. सिर्फ अभिषेक-शालीन ही नहीं बल्कि रोहित शेट्टी ने इस दौरान खुद का भी मजाक उड़ाया.

**अर्जुन कपूर ने भी होस्ट किया है ये शो**

रोहित शेट्टी ने कहा, यहां नेपोटिज्म के मामले में तुम सब का बाप तो मैं हूं. मैं तो यहां दस साल से हूं. उनकी बातें सुनकर सभी कंटेस्टेंट खूब हंसे. इस वीडियो के कैप्शन में लिखा गया है कि आपका इनमें से पसंदीदा नेपोकिड कौन है? दरअसल पिछले 10 साल से रोहित शेट्टी 'खतरों के खिलाड़ी' का ये सीजन होस्ट कर रहे हैं. ये उनका 9वां सीजन है, बीच में एक साल उन्होंने इस शो से ब्रेक लिया था.

उनकी गैरहाजिरी में अर्जुन कपूर ने ये शो होस्ट किया था. अर्जुन कपूर के सीजन में सिद्धार्थ शुक्ला इस एडवेंचर रियलिटी शो के विनर बने थे. अर्जुन कपूर के बाद फिर रोहित शेट्टी ने खतरों के खिलाड़ी का कंट्रोल अपने हाथ में लिया था.